राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-308
लखनऊ, शुक्रवार 28 जून, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अमरनाथ यात्रा मार्ग पर होगी इलेक्ट्रॉनिक निगरानी 12

प्रदेश सरकार एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : ब्रजेश 03


# 21वीं सदी का वैश्विक परिदृश्य बदलने वाला है भारत : मुर्मु

**संबोधन**

- मानव-केंद्रित दृष्टिकोण रखने की वजह से भारत आज किसी भी संकट के समय पहले कार्रवाई करने वाला और ग्लोबल साउथ की बुलंद आवाज बना



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बदलती वैश्विक व्यवस्था के कालखंड में भारत के मानव केन्द्रित विकास के विज़न को दुनिया के लिए नया भरोसा करार दिया है और कहा है कि भारत आपदाओं में मानवता की रक्षा के साथ साथ एशिया से लेकर यूरोप तक कनेक्टिविटी के विस्तार को बल देकर 21वीं सदी के परिदृश्य को बदलने की दिशा में काम कर रहा है।

राष्ट्रपति ने 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 21 वीं सदी के इस तीसरे दशक में आज वैश्विक व्यवस्था एक नई शक्ल ले रही है। मेरी सरकार के प्रयासों से आज भारत, विश्व बंधु के रूप में दुनिया को नया भरोसा दे रहा है। मानव-केंद्रित दृष्टिकोण रखने की वजह से भारत आज किसी भी संकट के समय पहले कार्रवाई करने वाला और ग्लोबल साउथ की बुलंद आवाज बना है। कोरोना का महासंकट हो, भूकंप जैसी कोई त्रासदी हो या फिर युद्ध की स्थितियां, भारत मानवता को बचाने में आगे रहा है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत को देखने का विश्व का नज़रिया कैसे बदला है, ये इटली में हुई जी-7 शिखर सम्मेलन में भी हम सभी ने अनुभव किया है। भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता के दौरान भी विश्व को अनेक मुद्दों पर एकजुट किया। भारत की अध्यक्षता के दौरान ही अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थाई सदस्य बनाया गया है। इससे अफ्रीका महाद्वीप के साथ-साथ पूरे ग्लोबल साउथ का भरोसा मज़बूत हुआ है। राष्ट्रपति ने कहा कि पड़ोसी प्रथम की नीति पर चलते हुए, भारत ने पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्तों को मज़बूत किया है। सात पड़ोसी देशों के नेताओं का 9 जून को केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेना सरकार की इस प्राथमिकता को दर्शाता है।

### लोकतंत्र और समाज को विघटनकारी ताकतों से खतरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा चुनाव के नतीजों को मोदी सरकार की दस वर्षों की सेवा और सुशासन का परिणाम बताते हुए देश-विदेश में सक्रिय कुछ विघटनकारी ताकतों द्वारा देश में लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज को तोड़ने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी ताकतें अफवाह फैलाने के लिए आधुनिक संचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही हैं और इससे निपटने के लिए भारत एक वैश्विक व्यवस्था बनाये का पक्षधर है। श्रीमती मुर्मु ने सरकारी नौकरियों की भर्ती और परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए दलगत राजनीति से उपर उठकर उपाय खोजे जाने चाहिए।

### भविष्योन्मुख होगा आम बजट, सुधारों पर रहेगा जोर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि नवगठित नरेन्द्र मोदी सरकार का पहला आम बजट भविष्योन्मुख और सुधारों को आगे बढ़ाने वाला होगा तथा इसमें कई ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे जो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर ले जाएंगे। श्रीमती मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है। गत 10 वर्षों में भारत 11वें स्थान से उठकर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में महामारी और संघर्षों के बावजूद भारत तीव्र विकास दर को हासिल करने में सक्षम रहा है।

### राष्ट्रपति का संबोधन प्रगति और सुशासन का रोडमैप : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक बताया और कहा कि इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति जी का संसद के दोनों सदनों में संबोधन व्यापक था और इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आने वाली संभावनाओं को शामिल किया गया। उनके संबोधन में कुछ प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें हमें अपने नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा।

### जनता के मुद्दों का अभिभाषण में जिक्र नहीं : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण में देश की जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है और जनहित के मुद्दों का कहीं जिक्र नहीं हुआ है, तथा उन पर पूरी तरह से पर्दा डालने का काम हुआ है। श्री खड़गे ने श्रीमती मुर्मु के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार ने जनहित के मुद्दों को पूरी तरह से नकारा है और महंगाई, बेरोजगारी, एमएसपी, मणिपुर की हिंसा, रेल दुर्घटनाओं जैसे मुद्दों को कहीं तरजीह नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहें हैं।

### आप ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार कर संसद परिसर में किया प्रदर्शन



आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण का बहिष्कार कर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। आप ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को रोकना चाहिए। हर राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं और दलों को प्रताड़ित करने के लिए हो रहा है। आप के राज्यसभा सासंद संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने सरकार के लिखे भाषण का बहिष्कार किया है। राष्ट्रपति के प्रति हमारा पूरा सम्मान है। श्री सिंह के अलावा आप सासंद डॉ. संदीप पाठक, एनडी गुप्ता समेत पार्टी के अन्य सासंद भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

# सीबीआई ने बिहार से मनीष व आशुतोष को किया गिरफ्तार



**नीट-यूजी पेपर लीक मामला**

**एजेंसी, पटना।**

नीट-यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार को मनीष कुमार और आशुतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को सुरक्षित परिसर उपलब्ध कराया था, जहां उन्हें लीक हुए पेपर के साथ उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गयी थी।

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, मनीष प्रकाश अपनी कार में उम्मीदवारों को लर्न प्ले स्कूल ले जाने के लिए जिम्मेदार था जबकि आशुतोष छात्रों के लिए सेफ हाउस में परिसर की व्यवस्था करता था, जिन्हें उसके घर में ठहराया जाता था। मनीष को पटना से पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने मनीष की पत्नी को फोन करके उसकी गिरफ्तारी की सूचना दी। यह सीबीआई द्वारा की गई पहली गिरफ्तारी है। इससे पहले बिहार सरकार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को ही हिरासत में लिया था। मनीष प्रकाश और आशुतोष दोनों को अदालत में पेश किया गया है।

बिहार सरकार ने 2024 नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बीते तीन दिन पहले सौंप दी थी। आर्थिक अपराध इकाई ने मामले के सभी अपडेट रिकॉर्ड केंद्रीय एजेंसी को सौंप दिए हैं।

नीट पेपर लीक मामले में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हम कानून ला रहे हैं। केंद्र सरकार ने भी कानून का प्रावधान किया है। इसमें 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। हम विधानमंडल के अगले सत्र तक इस पर कानून भी लाएंगे और सख्त कार्रवाई के साथ स्पीडी ट्रायल चलाकर 3-6 महीने में आरोपितों को सजा दिलाने का काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### लालकृष्ण आडवाणी को मिली एम्स से छुट्टी

**नई दिल्ली।** पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार को राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गयी। उन्हें बुधवार देर रात तबीयत खराब होने पर एम्स में भर्ती किया गया था। इससे पहले अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि भाजपा के दिग्गज नेता की हालत स्थिर है। श्री आडवाणी को आज जांच के बाद अपराह्न एक बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। सूत्रों ने बताया कि श्री आडवाणी (96) के पेशाब में संक्रमण की शिकायत के बाद उन्हें कल शाम छह बजे जांच के लिये एम्स ले जाया गया और रात करीब 11 बजे उन्हें यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने कहा कि एम्स के डॉक्टर वयोवृद्ध नेता जराचिकित्सा विभाग के डॉक्टरों की निगरानी में थे। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और अपराह्न एक बजे घर वापस पहुंच गये।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता नियुक्त

**नई दिल्ली।** उच्च सदन के 264वें सत्र के पहले दिन गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने जगत प्रकाश नड्डा को राज्य सभा में सदन के नेता के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। जब इसकी घोषणा की गई तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सदन में मौजूद थे। भाजपा ने पहले नड्डा को सदन का नेता नियुक्त करने का निर्णय लिया था और इसकी जानकारी राज्यसभा को भी दे दी थी। इस घोषणा के बाद जेपी नड्डा ने ट्वीट करके कहा कि मैं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को मुझ पर विश्वास रखने और मुझे राज्यसभा में सदन के नेता की सेवा करने का अवसर देने के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

### आतंक फैलाने के पांच आरोपितों की करोड़ों की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** बारामुला में पुलिस ने स्थानीय कोर्ट के कुर्की आदेश के बाद पाकिस्तान के इशारे पर दहशतगर्दी फैलाने के पांच आरोपितों की करोड़ों रुपये की संपत्ति (नौ कनाल भूमि) जब्त की है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने जिन पांच आतंकियों की संपत्ति जब्त की है, उनमें बशीर अहमद गनी पुत्र अहमद निवासी तिलगाम, मेहराज उद दीन लोन पुत्र फता मोहम्मद निवासी खरगाम, गुलाम मोहम्मद याटू पुत्र अहमद निवासी तिलगाम, अब रहमान भट पुत्र मोहम्मद सुभान निवासी वानीगाम पाईन तथा अब राशिद लोन पुत्र मोहिउद्दीन निवासी सतरेसीरन शामिल हैं। यह कार्रवाई सीआरपीसी की धाराओं के तहत की गई है। पुलिस ने पूछताछ के दौरान आतंकी संचालकों से संबंधित संपत्ति की पहचान की थी।

# कानून का राज सुशासन की पहली शर्त : सीएम

**कार्यक्रम**

- मुख्यमंत्री ने यूपी-112 द्वितीय चरण के अंतर्गत उच्चीकृत पीआरवी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण कर सकें, यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी।

प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई दृष्टि दी थी। उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड सेंसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटबिल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी। यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी का फ्लैग ऑफ किया। साथ ही वातानुकूलित हेलमेट का वितरण किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है।

**कानून के राज ने पुलिस को बनाया विश्वास का प्रतीक**

सीएम योगी ने कहा कि पिछले सात वर्ष के अंदर यूपी पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि यूपी को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। सात वर्ष में यूपी में कानून का राज दिखाई दिया है। कानून के राज ने पुलिस को भी सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाया तो राज्य में निवेश, व्यापार की नई संभावनाओं के साथ विकास और रोजगार के नए युग में ले जाने का कार्य किया।

# कलयुगी मां ने चार बच्चों को नदी में डुबाया

**औरैया, समृद्धि न्यूज।**



**अपराध**

- तीन के शव मिले, चौथा बेटा बचा

उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के फफूंद क्षेत्र में गुरुवार को घरेलू कलह के चलते विवाहिता ने अपने चार बच्चों को नदी में डुबाकर मारने की कोशिश की, जिसमें तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि चौथा बच गया।

घटना के बाद से मां फरार हो गई। पुलिस ने तीन बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं। कुछ घंटे बाद पुलिस ने मां को हिरासत में ले लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के गांव अटा बरूआ निवासी प्रियंका (27) की शादी इटावा के बसरेहर निवासी अवनीश से हुई थी, जिससे चार बच्चे है। दो साल पहले पति अवनीश की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद प्रियंका चचेरे देवर औरैया निवासी आशीष के साथ पत्नी के रूप में साथ रहने लगी। कुछ दिनों से दोनों में विवाद हो रहा था। इस पर गुरुवार की सुबह प्रियंका अपने चारों बच्चों को लेकर घर से निकल पड़ी और ऑटो करके केश्मपुर में सेंगर नदी के घाट पर पहुंच गई। जहां से प्रियंका ने अपनी ताई गीता को फोन करके कहा कि वह मरने जा रही है और फोन काट दिया। ताई गीता तलाशने औरैया गई लेकिन प्रियंका घर पर नही मिली। इधर प्रियंका ने चारों बच्चो को कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर नदी में डूबो दिया। ग्रामीणों को आते देख वह वहां से भाग गई।

सूचना पर पुलिस पहुंची और एक आठ साल का बच्चा सोनू को बाहर निकाला जिसने नाम पता और घटनाक्रम बताया। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। गोताखोर ने नदी से छह साल के आदित्य और चार साल के माधव के शव को बाहर निकाल लिया जबकि डेढ़ के मंगल का शव करीब दो घंटे बाद मिला।

एसपी चारु निगम ने बताया की घटना के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# दुश्मन के हवाई हथियार को पल भर में मात देगा डीआरडीओ का खास ड्रोन अभ्यास

**बालेश्वर, एजेंसी।**



**दस परीक्षण में 100% रहा सफल**

डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) की तरफ से डिजाइन किए गए अभ्यास ने सिस्टम की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करते हुए दस विकासात्मक परीक्षण पूरे कर लिए हैं। इसका इस्तेमाल परीक्षण और अभ्यास सत्रों के दौरान मिसाइलों और अन्य पेलोड की तरफ से लक्ष्य बनाने के लिए हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट का उपयोग हवाई वस्तु के रूप में किया जाएगा। वहीं आज डीआरडीओ ने एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से बेहतर बूस्टर कॉन्फिगरेशन के साथ हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) अभ्यास के लगातार छह विकासात्मक परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अभ्यास एक ड्रोन है जिसे कई मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन के लिये एक लक्ष्य के रूप में उपयोग किया जाएगा।

# जियो का रिचार्ज हुआ 25 प्रतिशत तक महंगा



**महंगाई**

- 239 वाला प्लान अब 299 में मिलेगा, तीन जुलाई से लागू होंगी नई दरें

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी दूरसंचार प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी अपने मोबाइल सेवाओं की दरों में 12 से 27 फीसदी की वृद्धि करेगी, नई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी। इन्हें सभी मौजूदा टचपॉइंट और चैनल से चुना जा सकता है।

जियो ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी ने लगभग सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं। कंपनी के मुताबिक सबसे कम रिचार्ज की कीमत बढ़ाकर 19 रुपये की गई है। यह एक जीबी डाटा 'ऐड-ऑन-पैक' पैक है, जिसकी कीमत 15 रुपये से लगभग 27 फीसदी अधिक है। जियो लगभग ढाई साल के अंतराल के बाद मोबाइल सेवा दरों में पहली बार बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि 75 जीबी पोस्टपेड डेटा प्लान की कीमत अब 399 रुपये से बढ़कर 449 रुपये हो जाएगी। वहीं, जियो ने 84 दिन की वैधता वाले लोकप्रिय 666 रुपये वाले अनलिमिटेड प्लान की कीमत भी लगभग 20 फीसदी बढ़ाकर 799 रुपये कर दी है। इसके अलावा वार्षिक रिचार्ज प्लान की कीमतें भी 20-21 फीसदी बढ़कर 1,559 रुपये से 1,899 रुपये और 2,999 रुपये से 3,599 रुपये हो जाएंगी। कंपनी के मुताबिक अब सभी दो जीबी प्रतिदिन और उससे अधिक प्लान पर अनलिमिटेड 5जी डेटा उपलब्ध होगा। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम. अंबानी ने जारी एक बयान में कहा कि नई योजनाओं की शुरुआत उद्योग नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने के साथ 5जी और एआई प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल वृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

# नए आपराधिक कानूनों के लिए यूपी पुलिस पूरी तरह से तैयार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस नए कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को ट्रेनिंग व परीक्षा लेकर और तकनीक से परिचित कराकर नए कानूनों से अवगत कराया गया है। आगामी एक जुलाई को जब ये कानून लागू होंगे तो हर थाने पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

श्री कुमार ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी शिकायत के समाधान में उससे जुड़े किसी भी पक्ष का उत्पीड़न न हो। भारतीय न्याय संहिता 2023 में ये सुनिश्चित किया गया है कि अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा में न्याय मिले। नए आपराधिक कानूनों में आतंकवाद और संगठित अपराध जैसे नए विषय भी शामिल किए गए हैं।

## उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में प्राविधिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित हुआ है। परीक्षा का परिणाम प्राविधिक शिक्षा परिषद की अधिशासी समिति के अनुमोदन के बाद घोषित कर आधिकारिक पोर्टल http://jeecup.admissions.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। बीते 13 जून 2024 से 18 जून 2024 तक राज्य के पचहत्तर जनपदों में 207 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। यह परीक्षाएं प्रतिदिन तीन पालियों में आयोजित की गईं थी। इस वर्ष परीक्षा में कुल चार लाख बारह हजार सात सौ उनसठ अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें तीन लाख चार हजार तीन सौ बयासी अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परिणाम में तीन लाख चार हजार तीन सौ उन्तीस अभ्यर्थी सफल घोषित हुए हैं।

## एसजीपीजीआई में बाल रोगियों के लिए नए गुर्दे विज्ञान विभागों के निर्माण को मंजूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान की 100वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग का आयोजन संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के बोर्ड रूम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया।

संस्थान का प्रतिनिधित्व संस्थान के निदेशक प्रो. आर.के. धीमन, कर्नल वरुण बाजपेयी, रजिस्ट्रार, विश्वजीत राय, वित्त अधिकारी और कुछ संकाय सदस्यों के साथ शासी निकाय के अन्य सदस्यों ने किया। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा सहित वित्त विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। शासी निकाय ने बाल रोगियों के लिए नए गुर्दे विज्ञान विभागों के निर्माण को भी मंजूरी दे दी और पीडियाट्रिक यूरोलाजी विभाग और पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी विभाग को मंजूरी दे दी।

गवर्निंग बॉडी ने ऑर्थोपेडिक्स विभाग को भी मंजूरी दे दी है, जिसमें ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स मेडिसिन, हैंड सर्जरी, स्पाइनल सर्जरी और हिप और जॉइंट सर्जरी में एम डी सहित नए पाठ्यक्रम शुरू किये जायेंगे।

**समस्या** — संयुक्त राष्ट्र संघ कार्यालय ने जारी की रिपोर्ट

# विश्व में नशा करने वालों की संख्या में 20 फीसदी की बढ़ोतरी

**चिंताजनक**

- विश्व में नशा करने वालों की संख्या 29.2 करोड़ पहुंची



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दुनिया भर में नशा करने वालों की संख्या में 20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व में नशा करने वालों की संख्या 29.2 करोड़ पहुंच गई है। इसमें सबसे ज्यादा 22.8 करोड़ लोग भांग का सेवन करते हैं। यून कार्यालय द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक 2022 को समाप्त हुए दशक में, अवैध मादक पदार्थों का उपयोग करने लोगों की संख्या बढ़कर 29.2 करोड़ पहुंच गई है। दुनियाभर में मादक पदार्थों का सेवन करने वाले अधिकतर लोग यानि 22.8 करोड़ लोग कैनेबिस (भांग) का सेवन करते हैं। इसके बाद अफ़ीम युक्त दवाओं का सेवन करने वाले लोगों की संख्या छह करोड़ है, मेथमफ़ेटामीन का सेवन करने वाले 03 करोड़ लोग हैं, जबकि 2.3 करोड़ लोग कोकेन की लत का शिकार हैं।

नवीनतम यूएनओडीसी वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2024 वैश्विक नशीली दवाओं के उपयोग में चिंताजनक वृद्धि और शक्तिशाली नए सिंथेटिक ओपिओइड के उद्भव पर प्रकाश डालती है, जो विश्व दवा समस्या और इसके संबंधित स्वास्थ्य, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों को बढ़ा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में नशीली दवाओं का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या पिछले दशक की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। ड्रग्स दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अन्तरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि ड्रग्स की अवैध तस्करी में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक शोम्बी शार्प ने कहा, ÷हमारे प्रयास संतुलित होने चाहिए, स्वास्थ्य के अधिकारों को बनाए रखना चाहिए, मानवाधिकारों को बनाए रखना चाहिए और नशे की लत से जूझ रहे लोगों की मदद करनी चाहिए। दक्षिण एशिया के लिए यूएनओडीसी के क्षेत्रीय प्रतिनिधि मार्को टेक्सेरा ने कहा कि स्थिति गंभीर है। हमारी प्रतिक्रियाएं प्रतीक्षा नहीं कर सकतीं।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अनुमानित 6.4 करोड़ लोगों के नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित होने के बावजूद, 11 में से केवल एक को ही इलाज मिल पाता है। महिलाओं को, विशेष रूप से, महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है, नशीली दवाओं के उपयोग से संबंधित विकारों वाली 18 में से केवल एक महिला को उपचार मिलता है, जबकि सात पुरुषों में से एक को उपचार मिलता है।

# ट्रेजरी पहुंच डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संभाला चार्ज



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बांदा से लखीमपुर खीरी को स्थानांतरित हुई 2010 की आईएएस बैच की दुर्गा शक्ति नागपाल के लखीमपुर आगमन के प्रथम दिवस पर ट्रेजरी विभाग जाने के बाद दोपहर 1:20 पर डीएम ने पत्रकारों संग प्रेस वार्ता कर पत्रकारों के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं को जाना। पत्रकारों ने कटान, खनन, अवैध अस्पताल, जल भराव, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, जैसे अन्य कई मुद्दों के बारे में डीएम को अवगत कराया।

नवागत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पत्रकारों द्वारा प्रकाशित खबर को अधिकारी द्वारा सकारात्मक लेते हुए दर्शाई समस्या को निस्तारण करने की बात कही। डीएम ने आए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई प्रॉपर हो। शिकायतकर्ता की शिकायत के निदान पर संतुष्टि जरूर हो, इसे सुनिश्चित कराए। फरियादी की केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए मदद करें।

अधिकारी सजग और प्रो-एक्टिव होकर काम करें। अधिकारी अपने विभाग के सकारात्मक कार्यों को मीडिया से शेयर करें। नवागत डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जायेगा तथा जनशिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएगा।

> पत्रकारों की छपी खबरों का सकारात्मकता से होगा निस्तारण: डीएम

आमजन की समस्याओं का निराकरण करना और जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना ही मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम नागरिक एवं जरूरतमंदों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। जनता सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकती है। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिये जनता दर्शन में सभी अधिकारी निरन्तर उपलब्ध रहेंगे।

बताते चलें कि नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल इससे पहले डीएम बांदा के पद पर कार्य करने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रही हैं। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम बोले, सबके सहयोग से जिले में किया कार्यों का संचालन



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के अधिकारियों ने गुरुवार को स्थानांतरित डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को अधिकारियों ने भावभीनीं विदाई दी। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा। जिले में सफल कार्यकाल के उपरान्त स्थानान्तरित होने वाले लोकप्रिय डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को गुरुवार की सुबह जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत में एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निवर्तमान डीएम को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान डीएम ने सबसे पहले उन लोगों के प्रति आभार जताया, जिन्होंने उनके साथ टीम भावना के साथ काम किया। उन्होंने अपने कार्यकाल की कुछ यादों को साझा करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से जिलें में कार्यो का संचालन किया। निवर्तमान डीएम ने कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। साम्प्रदायिक सौहार्द के अपनी अलग पहचान रखने वाले जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने जनपदवासियों, जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों के सहयोग व स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

एसपी ने कहा कि %निवर्तमान डीएम आदर्श व्यक्तित्व के धनी व कुशल प्रशासक है। मेरा परम सौभाग्य है कि सर के मार्गदर्शन में काम किया। इस दौरान उन्हें पूरा सहयोग मिला। उन्होंने संयम और सूझबूझ के साथ पूरी टीम भावना के साथ जिले को बेहतरीन नेतृत्व प्रदान किया। अपने कार्यो से उन्होंने सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। वह जिले के लिए मिसाल एवं प्रेरणा स्रोत है।%

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि डीएम से उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक दक्षताओं व विधाओं को सीखा है। वह मेहनती, कर्मठ, जुझारू प्रवृत्ति के अधिकारी है, उनके पास प्रशासनिक व सामाजिक अनुभवों का अपार भंडार है। उनका कार्यकाल सकारात्मक दृष्टिकोण व यादगार पारी के रूप में याद किया जाएगा। एडीएम ने डीएम के कार्यकाल की ना केवल सराहना की बल्कि बताया कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें उनके नेतृत्व में काम करने का मौका मिला। पूरा जिला उनके कार्यकाल को स्वर्णिम नेतृत्व के रूप में याद रखेगा। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# फजलनगर की टीम ने फाइनल मैच जीता

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसलीपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। वसलीपुर ग्राम प्रधान ओंमकार सिंह द्वारा कराए गए टूर्नामेंट का आयोजन 13 जून से हो रहा था। जिसका फाइनल मुकाबला गदियाना और फजल नगर ग्रंट की टीमों के बीच खेला गया।

क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में फजल नगर टीम ने 51रनों से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए फजल नगर टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गदियाना की टीम 103 रनों पर सिमट गई। जिससे फजल नगर की टीम ने जीत दर्ज की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरी ने विजेता एवं उप विजेता टीम को रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को बैच पहनाया।मैन ऑफ मैच खिलाड़ी दुष्यंत व मैन ऑफ़ द सीरीज इशांत गुप्ता रहे। विधायक अमन गिरी ने संबोधित करते हुए कहा की दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। खेल व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमारा सदैव प्रयास रहेगा जिससे क्षेत्र की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके।



इस मौके पर वसलीपुर ग्राम प्रधान ओंमकार सिंह, बिजुआ खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजवीर सिंह, राजेश गिरी प्रधान गोला देहात, पंकज गौतम, अवधेश मिश्रा, विनीत पांडे,मनीष वर्मा सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# जलबहाव में आए काले सांप के डसने से युवक की मौत



**औरंगाबाद खीरी, समृद्धि न्यूज।**

औरंगाबाद के निकटवर्ती गांव खुर्रम नगर में दोपहर बाद हुई जोरदार बारिश वहां के रहने वाले छोटेलाल की जिंदगी पर भारी पड़ गई।

बारिश के दौरान छोटेलाल के घर में पानी भर गया ,उसी पानी को बाहर निकालते समय जल भराव में कहीं से आया एक काले सांप ने छोटेलाल को दाहिने हाथ की उंगली में काट लिया।

आनन-फानन में घर वाले छोटेलाल को अस्पताल ले जाने की तैयारी ही कर रहे थे इसी बीच उसने दम तोड़ दिया।

मृतक छोटेलाल ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है था। छोटेलाल के परिवार में पत्नी के अलावा दो विवाहित बेटियां एक अविवाहित बेटी और एक बेटा है। परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। सूचना पाकर फत्तेपुर चौकी प्रभारी सुशील कुमार तिवारी ने मौके पर जाकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया।

# पूर्व सभासद के निधन पर नपा ने जताया शोक



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पूर्व सभासद डॉ. एम आर गुप्ता का लम्बी बीमारी के बाद लखनऊ में निधन हो जाने के कारण नगर पालिका परिषद गोला में शोकसभा कर श्रद्धांजलि दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि, डॉ. एम आर गुप्ता ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। इस अवसर पर एस आई संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित गिरि,अवधेश कुमार, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी, शत्रोहन मिश्रा सहित समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन ने छात्र-छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र

**लखीमपुर खीरी।** सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन संस्था ग्राम भूपतिपुर, सिकंदराबाद , खीरी में प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण प्रोग्राम में ग्रामीण व शहरी जगहों पर घरेलु महिलाओं द्वारा संचालित किये जा रहे सिलाई , काई , पार्लर , मेहँदी आदि बैच में छात्र प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति प्राप्त करके उनके चेहरे खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश सक्सेना व प्रमाण पत्र वितरण प्रक्रिया अंश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति मुख्य अतिथि अल्पना श्रीवास्तव द्वारा वितरित किये गए। इस मौके पर जिला को-ऑर्डिनेटर हर्ष सक्सेना अध्यापिका सुनीता देवी व स्वाति दीक्षित तथा ग्राम प्रधान विवेक बाजपेई उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा ममता देवी , नेहा , ईशा तिवारी , रोली देवी , रंगीला देवी , नेहा देवी , कोमल , हिमांशी शुक्ला , सोमिल दीक्षित , गुंजन देवी , सुमन , रानी , रिया , अर्चना देवी , सृष्टि , संगम आदि छात्रों को प्रमाण पत्र व स्कालरशिप वितरित किये गए।

# ट्राली में भरकर ले जा रहे आम की लकड़ी नायब तहसीलदार ने पकड़ी

## पसगवां में कई आम के पेड़ काटे जा चुके हैं, रात के अंधेरे में मशीनों से काटे जाते हैं हरे पेड़

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अंधाधुंध फलदार छायादार वृक्षों का अवैध कटान लगातार जारी है। कई बार ग्रामीणों द्वारा सूचना देने के बाद भी जिम्मेदार लोगों पर कोई भी फर्क नहीं पड़ रहा है। बुधवार को नायब तहसीलदार मोहम्मदी पसगवॉ से गुजर रहे थे उसी समय कुतुआपुर नहर पुल के पास लकड़ी माफियाओं द्वारा अवैध रूप से काटे गए हरे भरे आम के फलदार वृक्षों की लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली द्वारा ले जायी जा रही थी। नायब तहसीलदार ने लकड़ी भरे ट्रैक्टर ट्राली को रोक लिया और वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कार्यवाही के नाम पर केवल खाना पूर्ति की। काटे गए आम के 11 और गूलर के पेड़ों पर सिर्फ मामूली जुर्माना करके बरामद लगभग तीन ट्राली लकड़ी को भी लकड़कट्टो के ही सुपुर्द कर दिया।



स्थानीय प्रशासन एवं वन विभाग की अनदेखी व लापरवाही से लकड़ी माफिया द्वारा खुलेआम पेड़ों की कटाई की जा रही है। माफिया द्वारा आम के फलदार सहित छायादार पेड़ों को मशीनों से कटाकर ठिकाने लगाया जा रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जा रही है। पसगवॉ एवं उसके आसपास लगभग एक दर्जन से अधिक आम के पेड़ काटे जा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक रात के अंधेरे में मशीनों से पेड़ काटे जाते हैं। लेकिन लकड़ी माफिया पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रासूखदार लोग लकड़ी के अवैध धंधे को विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर दमदारी से चला रहे हैं।

ग्रामीण भी इसका विरोध करने से डरते है यहीं कारण है कि लकड़ी माफिया खुलेआम लकड़ी के अवैध काराबोर में लगे है। उन्होंने पसगवॉ और उसके आसपास के क्षेत्र में कई आम के पेड़ काट दिए गए हैं जो गर्मी के दिनों में फल देने वाले थे। शासन प्रशासन पर्यावरण सरंक्षण करने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर हरियाली महोत्सव मनाता है। लाखों पौधे लगाने के संकल्प लिए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में आम के बड़े बड़े हरे भरे वृक्ष धड़ल्ले से काटे जा रहे हैं। एसडीएम मोहम्मदी अवनीश कुमार ने दिखवाने की बता कही है।

# तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत

**मितौलीखीरी, समृद्धि न्यूज।**

जहां सूबे की योगी सरकार सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने के लिए तहसील स्तर पर विभिन्न प्रकार की टीमें गठित की गई किंतु मामला ढाक के तीन पात की तरह ही रह गया।

उसमे भी जलस्तर को बनाए रखने वाले तालाबों की यदि कब्जे में करके इमारत खड़ी की जाए तो शायद मामला और भी महत्वपूर्ण हो जाता। है। मामला तहसील मितौली के गांव रतहरी का है जहां गांव के बीच स्थित तालाब को अपने कब्जे में कर पक्का निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। गांव के ही अरविंद कुमार तथा तोता राम निषाद सहित ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय को अठारह जून को एक शिकायती पत्र देकर कहा है गांव के अंदर पूर्वजों के समय से एक तालाब है जिसको गांव के ही रहने वाले शिवसागर के द्वारा पक्का निर्माण कराया जा रहा है। शिकायती पत्र देने वालों ने पत्र में कहा हैं की इससे पहले पच्चीस मई को पत्र दिया जा चुका है किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिसिया हस्तक्षेप से निर्माण कार्य रुक गया है। ग्रामीणों ने तालाब के रकबे का पैमाइस कराकर कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।



# जिलेभर में गुणवत्तायुक्त बीज पर्याप्त उपलब्धः जिकृअ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

वर्तमान समय में खरीफ बुवाई का कार्य चरम पर है जिस हेतु आवश्यक कृषि निवेश यथा गुणवत्तायुक्त बीज पर्याप्त मात्रा में जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध है। जनपद में वर्तमान समय में पर्याप्त मात्रा में विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता बनी हुयी है।

किसान भाईयों से अपील करते हुए जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने कहा कि अपनी आवश्यकतानुसार जोतबही/खतौनी के अनुसार उर्वरक अपने नजदीकी निजी/सहकारी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठान से पीओएस मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से प्राप्त करें। खरीफ 2024 में जनपद में यूरिया के लक्ष्य 125591 मै0टन के सापेक्ष माह जून तक जनपद में 127398 मै0टन डीएपी के लक्ष्य 14770 के सापेक्ष माह जून तक जनपद में 17355 मै0टन, एमओपी 1180 मै. टन के सापेक्ष माह जून तक 1143 मै0टन, एनपीके के लक्ष्य 22500 मै0टन के सापेक्ष 21070 मै0टन तथा एसएसपी 27500 मै0टन लक्ष्य के सापेक्ष 25632 मै0टन उर्वरक जनपद में उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाईयों को सलाह दी कि फसल की आवश्यकतानुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें अनावश्यक रूप से अधिक उर्वरक का प्रयोग खेती में न करें ताकि भूमि स्वस्थ बनी रहे। किसान भाईयों से यह भी अपील की जाती है कि यदि कोई उर्वरक विक्रेता बोरे पर अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री करता है तो इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 7570088259 पर अपनी शिकायत दर्ज करायें प्राप्त शिकायत का तत्परता से निराकरण किया जायेगा।

> यदि कोई उर्वरक विक्रेता बोरे पर अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री करता है तो जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करायें

# मदिरा निर्माण, तस्करी व बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाया अभियान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, तस्करी तथा परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व मे शुक्रवार को प्रशासन, पुलिस, आबकारी महकमें की संयुक्त टीम ने अभियान चला।

डीईओ राजवीर सिंह ने बताया कि गुरुवार को सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 11 अभियोगो को पंजीकृत किया। 277 लीटर अवैध शराब और 1390 किग्रा लहन बरामद की।



अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम देवकली कॉलोनी थाना फरधान में दबिश दी, दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब के साथ साथ लहन और चढ़ी भट्ठियां बरामद की और मौके पर चढ़ी भट्ठियों सहित लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक ह्रदय नारायण पाण्डेय क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ ग्राम बद्दापुर थाना पसगवां में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से चढ़ी भट्ठि सहित लहन बरामद कर नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक प्रभात तिवारी क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम पटवारा जंगल थाना पलिया में दबिश दी। दबिश में जंगल के संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब और लहन बरामद किया। मौके पर लहन सहित चढ़ी भट्ठी को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम पिपरिया झाउ, जोधपुर, बिल्हा सिकटीहा चंदपुरा थाना भीरा में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब के साथ साथ भारी मात्रा में लहन सहित बरामद कर किया। मौके पर कच्ची शराब बनाते हुए 1 अभियुक्त को मौके पर गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ व फत्तेपुर चौकी इंचार्ज सुशील तिवारी मय हमराही संयुक्त टीम बनाकर ग्राम चुरईपुरवा, परसेहरा थाना मैगलगंज में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब के साथ लहन बरामद कर मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र-7 धौरहरा ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम अभयपुर थाना पढ़ुआ में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब के साथ ड्रमों में लहन बरामद किया। मौके पर ड्रमों सहित लहन को नष्ट किया।

# साठा धान लगाकर पानी बर्बाद कर रहे किसान, लालची किसान नहीं अपना रहे फसल चक्र

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में पिछले कुछ सालों की अपेक्षा इस बार सबसे अधिक साठा धान की रोपाई की गई प्रतिबंधित फसल की रोपाई के करीब एक महीने बाद प्रशासन सतर्क हुआ है। जब हालात बिगड़े तब प्रशासन को साठा धान की याद आई।

यदि प्रशासन पहले ही चेत जाता तो आज शायद इतने बड़े भूभाग में साठा धान की रोपाई नहीं होती। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या सभी के लिए चुनौती बनी रहती है। साल-दर-साल गिरता भू-जलस्तर गंभीर चिंता का विषय है। भीषण गर्मी में एक और जहां पानी की सभी को दिक्कत होने लगती है वही लालची किसान चंद रूपए के लालच में साठा धान लगाकर निरंतर पानी का दोहन कर रहे हैं जो चिंता का विषय है।



सरकार बीते कई सालों से गिरते भू-जलस्तर की समस्या से उभरने के लिए कई तरह के जन-जागरूक अभियान चला रही है, किसानों को भी कम पानी में खेती के गुर सिखाए जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस बदलाव नजर नहीं आ रहे हैं। जनता व्यर्थ में पानी बहा रही है और किसान फसल चक्र का पालन ना कर मनमाने तरीके से खेती कर रहे है। जिससे कृषि भूमि की उत्पादन क्षमता तो धीरे-धीरे समाप्त हो ही रही है। वहीं फसलों की सिंचाई के लिए अनियंत्रित तरीके से खर्च किए जाने वाले पानी से जलस्तर कमजोर हो रहा है। मगर इस बात की चिंता ना तो प्रशासन कर रहा है और ना ही जागरूक किसान। खामियाजा पेयजल संकट के रुप में सभी को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र में गर्मी के दिनों में होने वाली धान की खेती में सबसे अधिक पानी की बर्बादी हो रही है। गिरते भू-जलस्तर को लेकर अगर किसान अभी नहीं संभले तो बहुत देर हो जाएगी।

क्षेत्र में खरीफ की फसल के रुप में धान का उत्पादन किया जाता है। जिसे सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीद करती हैं। लेकिन ग्रामीण अंचल क्षेत्र में लालची किसान गर्मी के मौसम में साठा धान की फसल का उत्पादन करते हैं। इस साल क्षेत्र के फजलनगर, छैरासी, रसूल पनाह, गोपालापुर, सहसपुर, विचपरी,लगुचा, जंगलीनाथ, गोगावा,पल्हनापुर ,वसलीपुर,अंबारा, गोविंदापुर,भदेड आदि गांव के अधिकांश भू भाग के बड़े क्षेत्रफल में साठा धान की खेती की गई है, जिन गांवों में इस वक्त धान की खेती जा चुकी है एवं धान की सिंचाई की जा रही है, उन सभी गांवों में जल संकट की स्थिति निर्मित होना तय है।

दरअसल धान की फसल में नमी बनाए रखने के लिए लालची किसान सिंचाई के लिए नलकूप एवं बोरवेल से पूरा दिन पानी निकालते हैं। इस कारण गांव के अन्य पेयजल स्त्रोतों पर प्रभाव पड़ता है। जलस्तर कमजोर होता है और गांव में पीने के पानी की दिक्कत होती हैं। जानकार बताते हैं कि अगर इसी तरह बेमौसम फसलों का उत्पादन करने में पानी खर्च किया जाता रहा तथा जनता पानी के व्यर्थ प्रयोग पर विराम नहीं लगाती तो भविष्य में पानी के तमाम स्रोत सूख जाएंगे। किसानों को गर्मी के सीजन में साग-सब्जी, दलहन व अनाज की अन्य फसल लगाने की सलाह दी जाती है, उनके अनुसार गर्मी के दिनों में धान की खेती में 40 प्रतिशत से अधिक पानी की जरुरत पड़ती है एक भी दिन यदि खेत सूखा तो धान की फसल चौपट हो सकती है, इस कारण लगातार धान में पानी भरना पड़ता है। जबकि इस गर्मी के सीजन में साग-सब्जी, मक्का, दलहन जैसी फसलें ली जाती तो काफी कम पानी में ही बेहतर खेती की जा सकती है।



# रोटरी व रोटरेक्ट क्लब भीरा ने कराया रक्तदान

**लखीमपुर खीरी।** रोटरी रोटरेक्ट क्लब भीरा खीरी के सहयोग से 85वा और 86वा यूनिट रक्तदान कराया गया। रोट्रेक्टर शाहिद अली एवं शिवेंद्र प्रताप सिंह ने अपना रक्त दान कर क्रमशः सोनी निवासी पलिया तथा शकुंतला निवासी भीरा को सौंपा। ईश्वर आप सभी लोगों का कल्याण करे। रोट्रेक्टर ध्रुवराज तथा वन बीट ब्लड बैंक के अधीक्षक आर पी सिंह तथा सहायक अवधेश ने इस योगदान मे अपना बेशकीमती समय देकर रक्त परिजनों तक पहुंचाने में भरसक प्रयास किया। रोटरी / रोट्रेक्ट क्लब भीरा पूर्व अध्यक्ष रो. शाहिद अली भीरा तथा शिवेंद्र प्रताप सिंह निवासी धर्मापुर को धन्यवाद दिया गया।

# दिसंबर 2024 तक तैयार कर लें गंगा एक्सप्रेसवे : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में सीएम योगी ने निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस वे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरिडोर और डिफेंस कॉरिडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की। वहीं, उन्होंने जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए और दिसंबर 2024 तक गंगा एक्सप्रेस वे तैयार करने को कहा है।

बता दें कि मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है। जनवरी 2025 में होने वाले कुंभ से पहले इस एक्सप्रेस-वे के तैयार होने से राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के दूसरे क्षेत्रों से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं व अन्य लोगों को सहूलियत होगी। सीएम योगी ने इसके निर्माणाधीन की समीक्षा करने के लिए ही बैठक की।

बैठक में योगी ने कहा कि मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेसवे प्रत्येक दशा में आगामी दिसंबर तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालु गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। सीएम योगी ने कहा कि बीते 07 वर्ष में यूपी में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 2017 तक मात्र 02 एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज 06 एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 07 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज प्रदेश को एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जनपद के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए। वहीं, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक लिंक एक्सप्रेसवे तथा गंगा एक्सप्रेसवे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक वाया फर्रुखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के साथ-साथ यह तीन नए एक्सप्रेसवे प्रदेश की तरक्की को तेज करने वाले होंगे। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए।

**बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक**

सीएम योगी ने गुरुवार को कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को विस्तार देना आवश्यक है। उन्होंने चार नए लिंक एक्सप्रेस के लिए प्रस्ताव मांगा और निर्देश दिये कि अध्ययन कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाये। उन्होंने कहा कि बीत सात वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 2017 तक मात्र दो एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज छह एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी सात वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रहा है।

# पैमाइश में लापरवाही पर नपेंगे कई एसडीएम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

भूमि की पैमाइश में लापरवाही मिलने पर शासन ने आधा दर्जन उप जिलाधिकारियों यानि एसडीएम के खिलाफविभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। ये एसडीएम आगरा, गाजीपुर, सुल्तानपुर की तहसीलों में तैनात हैं।

सीएम योगी ने राजस्व संहिता की धारा-24 के तहत दायर होने वाले सीमांकन वादों पैमाइश के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री राजस्व महकमें की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के मूड में हैं लेकिन राजस्व विभाग खासकर तहसीलों के अहलकारों और अफसरों ने तो जैसे कार्यप्रणाली में तनिक भी बदलाव न करने की कसम खा रखी है। मुख्यमंत्री का जनता दर्शन कार्यक्रम हो या फिर डिप्टी

**▸ शासन की समीक्षा में संतोषजनक नहीं मिला कामकाज**

सीएम के आवास पर हर सोमवार को होने वाला जनता दर्शन कार्यक्रम, सबसे ज्यादा भूमि सम्बंधी फरियादें लेकर पहुंचने वालों की तादाद ज्यादा होती है। लखनऊ से अफसरों को ताकीद किया जाता है कि लोगों को बेवजह दूर दराज के जनपदों और गांवों से लखनऊ की दौड़ न लगानी पड़े।

जिलों में ही समस्या का निदान कर दिया जाये लेकिन अफसर अनदेखी अनसुनी से बाज नहीं आ रहे हैं। एसडीएम और तहसीलदार बदल जाते हैं लेकिन राजस्व विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों को जमीन की पैमाइश करने की फुर्सत नहीं मिलती।

शासन की समीक्षा में सामने आया कि आगरा की फतेहाबाद, खैरागढ़ व बाह तहसील, गाजीपुर की सदर व सैदपुर और सुल्तानपुर की सदर तहसील में पैमाइश के मामलों का निस्तारण संतोषजनक नहीं है। पांच-पांच साल से मामले लटके हुए हैं।

इसके बाद राजस्व विभाग ने फतेहाबाद के एसडीएम जेपी पांडेय, खैरगढ़ के अरुण कुमार यादव, बाह के रतन कुमार वर्मा, सैदपुर के पुष्पेंद्र पटेल और गाजीपुर सदर के एसडीएम चंद्रशेखर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सुल्तानपुर सदर में उस एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई होगी, जिसके कार्यकाल में मामले नहीं निपटे। उस एसडीएम के नाम की जानकारी की जा रही है। यह मामले तो सामने आ गए हैं लेकिन और भी कई तहसीलों में लोग भटकते है, कोई सुनने को राजी नहीं।

## खबरें एक नजर में

### पेप्सिको इंडिया का कैम्पस ड्राइव आयोजित

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में 29 जून 2024 को पेप्सिको इंडिया लिमिटेड, मथुरा द्वारा कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी दी कि इस कैम्पस ड्राइव में पेप्सिको इंडिया लिमिटेड कंपनी अप्रेंटिसशिप के लिए चयन करेगी। चयन के लिए शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल के साथ आईटीआई के व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट ग्राइंडर, मोटर मैकेनिक, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक एवं इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए। ट्रेनिंग काउंसलिंग और प्लेसमेंट अधिकारी एम. ए. खाँ ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को वेतन के रूप में 18,000 से 25,000 रुपये प्रति माह प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही सब्सिडाइज कैंटीन और अन्य सुविधाएं भी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। इस कैम्पस ड्राइव में कुल 100 पदों के लिए चयन किया जाएगा, जिसमें 50 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं और शेष 50 पद पुरुषों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 29 जून 2024 को प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के प्लेसमेंट हॉल में उपस्थित हो सकते हैं।

### छात्र-छात्राओं को दी जायेगी निःशुल्क करियर संबंधित जानकारी

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने प्रदेश के समस्त राजकीय जिला पुस्तकालयों के पुस्तकालयाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें पुस्तकालय के सुचारू रूप से संचालन एवं व्याप्त समस्याओं सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी आयु वर्ग के पाठकों के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये । राजकीय जिला पुस्तकालय से इतर एक अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना की प्रगति के सम्बन्ध में भी विचार-विमर्श हुआ। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी पुस्तकालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने राजकीय जिला पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं की कॅरियर से सम्बन्धित समस्याओं को दूर करने के लिए कॅरियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ का गठन करें। साथ ही कॅरियर को लेकर तनावग्रस्त छात्रों की काउंसिलिंग हेतु किसी भिज्ञ काउंसलर की भी व्यवस्था करें। बैठक में सान्त्वना तिवारी, विशेष कार्याधिकारी (पुस्तकालय), उत्तर प्रदेश शासन एवं राम शंकर, उप शिक्षा निदेशक (महिला) सहित अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### लखनऊ जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप आज से प्रारम्भ

**लखनऊ।** जिला लखनऊ बैडमिंटन चैम्पियनशिप गोमती नगर स्थित बी0बी0डी0 उ0प्र0 बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हॉल मे 28 जून से प्रारम्भ होगी। जिसमे जिले के करीब 300/350 बालक-बालिका, पुरूष-महिला (वेटरन नही) हिस्सा ले रहे है, जिसके आधार पर जिला का चयन होगा, जो प्रदेष स्तर अखिल भारतीय स्तर पर भाग ले सकेगे। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी जी के अनुसार इसे 11 वर्ष 13, 15, 17 व 19 वर्ष एवं पुरूष/महिला (वेटरन स्पर्धा नही) की एकल/युगल/मिश्रित युगल स्पर्धाए खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता का प्रारम्भ प्रातः 09:30 पर होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0 सुधर्मा सिंह, (सचिव, उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) व विषिष्ठ अतिथि श्री अरूण कुमार कक्कड, (उपाध्यक्ष, उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) एवं आलोक सरन (एड़वोकेट) के द्वारा किया जायेगा। पुरस्कार वितरण 30 जून को शाम 04:00 बजे विराज सागर दास (चैयरमेन-उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) एवं डा0 नवनीत सहगल, पूर्व आई0ए0एस0, (अध्यक्ष-उ0प्र0 बैडमिंटन संघ, चैयरमेन प्रसार भारती, भारत सरकार) के द्वारा किया जायेगा।

### अपार्टमेंट में खाना बनाते समय लगी आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में एक अपार्टमेंट में आग लग गई। मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है आग खाना बनाते वक्त कुकिंग ऑयल से लगी। इसके बाद महिला घबराकर भाग गई और आग पूरे किचन में फैल गई। जिसकी वजह से पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया। फिलहाल किसी के जनहानि की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक वजीरगंज स्थित के-स्कायर अपार्टमेंट के चौथा फ्लोर पर फ्लैट नंबर-306 में नायर अली रहते हैं। दोपहर करीब 3 नायर अली की पत्नी नाहिद घर में अकेली थी। वह घर में खाना बना रही थी। तभी कुकिंग ऑयल से किचन में आग लग गई। वह घबराकर घर से भाग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे पूरा किचन जलकर राख हो गया। आग से निकले धुंआ पूरी बिल्डिंग में भर गया। जिससे अफरा तफरी मच गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके से पहुंची तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 20मिनट में आग को बुझा दिया। बिल्डिंग से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। मौके से पहुंची तीन गाड़ियों में से दो गाड़ियों का ही इस्तेमाल करके आग को पूरी तरह बुझा दिया गया।

### अपर आयुक्त राज्य कर का कर्मचारियों ने किया स्वागत

**लखनऊ।** अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी सुरेश सिंह यादव ने कर्मचारियों के साथ अपर आयुक्त राज्य कर धनंजय कुमार शुक्ला आईएएस एवं अपर आयुक्त प्रशासन राजकर सुनील कुमार वर्मा का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। सुरेश सिंह यादव, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, राम गोपाल गौतम ने धनंजय शुक्ला को गुलदस्ता भेंटकर नई जिम्मेदारी संभालने के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए स्वागत किया। श्री यादव ने कहा कि नए अपर आयुक्त के दिशा निर्देशन में विभाग का काम और बेहतर होगा।

# प्रदेश सरकार एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : ब्रजेश

**▸ सरकार ने प्रदेश में कारोबार के लिए अनुकूल माहौल बनाया**
**▸ हमारी सरकार एमएसएमई के साथ प्रतिबद्धता के साथ खड़ी**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि राज्य सरकार एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए उसने अपनी नीतियों में बदलाव भी किए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने द एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ़ इंडिया (एसोचैम) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एमएसएमई उत्पाद हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। एमएसएमई प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है और उन्हें बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने अपनी नीतियों में कई बदलाव किए हैं।


ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में जहां भी औद्योगिकरण अभी नहीं हुआ था, चाहे पूर्वांचल हो, बुंदेलखंड हो या मध्य उत्तर प्रदेश हो, उन सभी क्षेत्रों में भी हमने एमएसएमई को आगे बढ़ने का काम किया है। सरकार ने प्रदेश में कारोबार के लिए अनुकूल माहौल बनाया है। श्री पाठक ने एमएसएमई सम्मेलन के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार एमएसएमई के साथ प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। अगर इस सम्मेलन से कोई सुझाव मिलेंगे तो हम अपनी सरकार की नीतियों में परिवर्तन करेंगे और उत्तर प्रदेश राज्य को आगे बढ़ाने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती पर जोर दिया है और आह्वान किया है कि खेती में काम से कम कीटनाशकों का प्रयोग हो। इसके लिए एक मुहिम चलाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि खेती में कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो गई है और दलहन तथा तिलहन के उत्पादन में गिरावट आई है। योजना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने एमएसएमई के जरिए उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से संबंधित एक प्रस्तुतिकरण दिया।

श्री कुमार ने कहा कि एमएसएमई उत्तर प्रदेश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जीएसडीपी के स्तर और गुणवत्ता को संचालित करने वाले प्रमुख तत्वों को मजबूत करके हम कोर और सक्षमकारी क्षेत्रों का विकास कर सकते हैं।

# केन्द्र सरकार की उपलब्धियां हवा-हवाई ज्यादा : मायावती

**▸ केन्द्र सरकार देश में आये दिन बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी व मंहगाई तथा कमजोर वर्गों की समस्याओं को भी लेकर कतई गम्भीर नहीं**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि आज राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में संसद के संयुक्त सत्र को सम्बोधित करते हुए केन्द्र सरकार की पिछले दस वर्षों की जो उपलब्धियाँ गिनाई हैं, वह जमीनी हकीकत बहुत कम तथा हवा-हवाई ज्यादा हैं।

मायावती ने कहा कि केन्द्र सरकार देश में आये दिन बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी व मंहगाई तथा कमजोर वर्गों की समस्याओं को भी लेकर कतई गम्भीर नहीं है। इनके आगे के पांच वर्षों के रोडमैप में भी कोई खास दम नहीं है, जबकि बेहतर होगा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सांसदों को केवल आरोप व प्रत्यारोप लगाने के बजाय जनहित के जरूरी मामलों में सरकार का ध्यान जरूर आकर्षित कराना चाहिए।

# अब आधार की तर्ज पर बनेगा किसान कार्ड

**▸ किसान सम्मान निधि समेत अनेक योजनाओं के लाभ के लिए कार्ड जरूरी**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

देश में आधार की तर्ज पर ही किसान कार्ड बनाया जाएगा। एक जुलाई से पूरे प्रदेश में किसान रजिस्ट्री की शुरुआत की जा रही है। इसमें किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा, खसरा नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके बाद एक किसान नंबर जारी होगा। इस नंबर के जरिए संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूरा होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा। रजिस्ट्री से मिलने वाले नंबर के जरिये ही दिसंबर से पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

कृषि विभाग का दावा है कि पूरे प्रदेश में एक साथ किसान रजिस्ट्री शुरू करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। केंद्र सरकार की ओर से एग्रीस्टैक कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा विकसित करने की योजना के तहत किसान रजिस्ट्री शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से तैयार कराए गए मोबाइल एप पर प्रदेश के हर किसान का पूरा विवरण दर्ज किया जायेगा।

एक जुलाई से 31 जुलाई तक हर गांव में शिविर लगेंगे। इसमें दो कर्मचारी रहेंगे। ये गांव में रहकर संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, ईकेवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे।

किसी प्रकार के स्वामित्व हस्तांतरण विरासत, बैनामा आदि होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा। इसमें किसान के हर गाटे में दो सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। अभी किसान को किसी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकॉर्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने से उनके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा। इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसने क्रियान्वयन में आसानी होगी।

लाभार्थियों के सत्यापन, कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में भी सहूलियत होगी। पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षतिपूर्ति देने के लिए किसानों को चिह्नित करने में आसानी होगी। यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कहते हैं किकिसान रजिस्ट्री से किसानों को विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। धांधली की गुंजाइश नहीं रहेगी। पायलट परियोजना के तहत फर्रुखाबाद में 185634 किसान रजिस्ट्री की गई। अब इसे एक जुलाई से पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के साथ ही राजस्व, गन्ना, आईटी की टीम लगी है।


# जनेश्वर मिश्र पार्क को आधुनिक स्पोर्ट्स जोन बनाने की तैयारी

**क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल ग्राउंड समेत टेनिस कोर्ट का भी होगा निर्माण**

खास बात ये है कि इन विकास कार्यों के जरिए जिन स्पोर्ट्स एमिनिटीज से पार्क को लैस किया जाएगा उनमें क्रिकेट, फुटबॉल व वॉलीबॉल ग्राउंड समेत टेनिस कोर्ट मुख्य है। इन सभी निर्माण कार्यों को पर्यावरण संरक्षण के मानकों व अन्य महत्वपूर्ण गाइडलाइंस का पालन करते हुए पूरा किया जाएगा तथा सभी निर्माणों की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए भी एक मॉनिटरिंग मैकेनिज्म बनाया जाएगा।

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

योगी सरकार ने जनेश्वर मिश्र पार्क के वृहद कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लखनऊ के गोमती नगर में स्थित इस पार्क में लंबे वक्त से एक स्पेशलाइज्ड स्पोर्ट्स एरीना होने की कमी यहां जाने वाले लोगों को महसूस होती थी। इस जरूरत को भांपते हुए योगी सरकार ने पार्क के कायाकल्प की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की थी। सीएम योगी के विजन अनुसार बनी इस कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए एलडीए ने स्पोर्ट्स जोन के विकास के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, 10.16 करोड़ रुपये के व्यय से सभी विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। 168 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 376 एकड़ में विकसित किया गया पार्क में लंबे वक्त से स्पोर्टिंग इवेंट्स के संचालन के लिए एक स्पोर्ट एरीना की कमी महसूस हो रही थी। अब इसी कमी को पूरा करते हुए योगी सरकार के विजन अनुसार वृहद स्पोर्ट्स जोन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



**▸ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में पार्क के मेकओवर की प्रक्रिया शुरू**

**टू बिड प्रक्रिया के जरिए एजेंसी का होगा चयन व कार्य का आवंटन**

पार्क में स्पोर्ट्स जोन के विकास को लेकर होने वाले सभी कार्यों को पूरा करने के लिए एलडीए द्वारा टू बिड प्रक्रिया को क्रियान्वित किया गया है। इस प्रक्रिया के जरिए एक एजेंसी का चयन होगा और वह ही इन सभी कार्यों को पूर्ण करने के साथ ही एलडीए के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों की डेडलाइन, उच्च गुणवत्ता समेत सभी मानकों के पालन व क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी। कार्यावंटन के उपरांत एजेंसी की कोशिश होगी कि सभी विकास कार्यों को 9 महीने की अवधि में पूरा कर लिया जाए।

### बच्चों के लिए आज से खुलेंगे प्राइमरी स्कूल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** ग्रीष्मावकाश के बाद आज 28 जून से परिषदीय विद्यालय खुल जाएंगे। इससे पहले 25 जून से शिक्षकों के लिए विद्यालय खुल गए हैं। विद्यालयों में शिक्षक पहुंच रहे हैं और साफ-सफाई करवा रहे हैं। शुक्रवार से विद्यालय खुलेंगे तो सफाई हो चुकी होगी। गर्मी को देखते हुए 28 और 29 जून को दो घंटे ही स्कूल संचालित होगा। उसके बाद एक जुलाई से नियमित कक्षाएं चलेंगी। एक जुलाई से विद्यालय को उत्सव का रूप दिया जाएगा। विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों और गुब्बारों से सजाया जाएगा। विद्यालय में आने वाले बच्चों को रोली- टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा।

# लखनऊ में कुकरैल नदी की जमीन पर अभी भी पांच सौ अवैध निर्माण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



लखनऊ में कुकरैल नदी की जमीन पर अतिक्रमण के फैलाव के प्रमाण मिलते ही जा रहे हैं। सिंचाई विभाग, एलडीए, नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई के बाद कुकरैल नदी की जमीन पर बसाये गये अकबर नगर को उजाड़ा गया। एलडीए ने बुलडोजर कार्रवाई करा के अबकर नगर को हटाया। अब सिंचाई विभाग और एलडीए के सर्वे में अबरार नगर, आदिल नगर और खुर्रम नगर के पांच सौ के करीब दुकानें, मकानों को अवैध निर्माण के तहत चिन्हित किया गया है। एलडीए के उपाध्यक्ष डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में अबरार नगर, आदिल नगर, खुर्रम नगर के बहुत सारे हिस्सों की जांच में सामने आया है, वहां बनाये गये मकानों में अधिकांश अवैध निर्माण हैं। नदी की जमीन पर कब्जा होता गया और मकान बनते गये है। अब जमीन को खाली कराने की मुहिम में अबरार नगर और इसके बाद आदिल नगर में बुलडोजर चलेगा।

### सरकारी जमीन पर मकान बनाने वालों की खैर नहीं, हटेगा कब्जा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ में सरकारी जमीन पर मकान बनाने वालों की अब खैर नहीं है। सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की मुहिम में गुरुवार को नगर निगम की टीम लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र में पहुंची। दुबग्गा के बेबीमार्टिन मुर्दापुर में शातिर अनीस गाज़ी से तालाब की सरकारी जमीन को खाली कराया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने जेसीबी लगाकर वहां बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। शातिर अनीस गाजी ने कुछ वर्ष पूर्व तालाब की जमीन को मिट्टी से पाटकर वहां अपने रुकने के लिए एक अस्थायी मकान बनाया। जहां अनीस से जुड़े लोग रहा करते थे।

**अभियान** | **2.58 करोड़ बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य**

# उप्र में विटामिन ए संपूर्ण अभियान शुरू

**▸ नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का अभियान 25 जुलाई तक चलेगा**

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का अभियान 26 जून से शुरू हो गया है। यह अभियान 25 जुलाई तक चलेगा।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि बच्चों को कुपोषण सहित अन्य बीमारियों से बचाना हमारी प्राथमिकता है और इसी क्रम में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम एक पहल है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पिछले 10 सालों में हम 53 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने में सफल रहे।

राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। इस बार नौ माह से पांच साल तक के 2.58 करोड़ बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस के जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है जो कि जमीनी




स्तर पर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और हितधारकों को प्रशिक्षित कर चुके हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमित टीकाकरण के महाप्रबंधक डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि विटामिन ए सम्पूरण कार्यकम बाल स्वास्थ्य के लिये एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी कार्यक्रम है। इसके तहत नौ माह से पांच साल के बच्चों को साल में दो बार अभियान चलाकर विटामिन ए की खुराक पिलाई जाती है । विटामिन ए बच्चों को रतौंधी, अंधेपन, दस्त और निमोनिया जैसी गंभीर और प्राणघातक बीमारियों से तो बचाता है साथ ही रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ा कर बाल मृत्यु दर पर अंकुश लगाने मे भी मदद करता है।

उन्होंने बताया कि बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने से रेस्पिरेटरी ट्रैक यानि श्वसन तंत्र एवं अन्य स्थानों पर स्थिति एपिथीलियल लेयर के मजबूत होने से किसी भी संक्रमण की संभावना कम होती है। ऐसा बैक्टीरिया व वायरस के श्वसन तंत्र से भीतर जाने की गुंजाइश के काफी कम होने से होता है। विटामिन ए पीले, लाल और हरे फलों तथा सब्जियों में पाया जाता है इसलिए आम, पपीता, गाजर, पालक आदि के सेवन जरूर करें और बच्चों को भी इनका सेवन कराना सुनिश्चित करें।

# पूर्वी उप्र में संघ के कई वरिष्ठ प्रचारकों के केन्द्र बदले

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई वरिष्ठ प्रचारकों के केन्द्र में बदलाव किया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की उपस्थिति में बुधवार को सरस्वती कुंज निरालानगर में संपन्न क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक में इसकी घोषणा की गयी।

जानकारी के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र सम्पर्क मनोज का केन्द्र अयोध्या से हटाकर गोरखपुर किया गया है। मनोज जी अवध प्रान्त में सह प्रान्त प्रचारक रहे हैं। इससे पहले वह काशी में भी सह प्रान्त प्रचारक रहे। गोरखपुर उनके लिए नया है।

अखिल भारतीय सह गौ सेवा प्रमुख नवल किशोर का केन्द्र प्रकृति भारती मोहनलालगंज लखनऊ में किया गया है। उनका केन्द्र अभी तक गोरखपुर था। वह लम्बे समय तक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में हैं।




पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर का केन्द्र सुलतानपुर से हटाकर सेवा भारती कार्यालय काशी किया गया है। युद्धवीर उत्तराखण्ड में लम्बे समय तक प्रान्त प्रचारक रहे हैं। कार्य की दृष्टि से पूर्वी उत्तर प्रदेश उनके लिए नया है।

वहीं क्षेत्र के मुख्य मार्ग सम्पर्क प्रमुख राजेन्द्र सक्सेना का केन्द्र काशी से हटाकर लखनऊ किया गया है। राजेन्द्र सक्सेना का राजधानी लखनऊ से पुराना नाता है। इससे पहले वह क्षेत्र के प्रचार प्रमुख रहे हैं। लम्बे समय तक उनका केन्द्र विश्व संवाद केन्द्र लखनऊ रहा है।

इसी क्रम में क्षेत्र के पर्यावरण प्रमुख अजय कुमार का केन्द्र काशी घोषित किया गया है। वह गोरखपुर के सह प्रान्त प्रचारक भी रह चुके हैं। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेन्द्र सिंह का केन्द्र कानपुर से हटाकर भारती भवन लखनऊ किया गया है। लम्बे समय से उनका केन्द्र कानपुर था। संघ में प्रचारक प्रमुख का पद काफी अहमियत रखता है। प्रचारकों की हर प्रकार से चिंता करने का कार्य प्रचारक प्रमुख ही करते हैं।

# सभी घरों को दिया जाए वॉटर कनेक्शन: जिलाधिकारी



## डीएम ने की जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जल जीवन मिशन हर घर नल से जल योजना के कार्यों में प्रभावी गति लाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कराए जा रहे कार्यों/संचालित प्रोजेक्ट की समीक्षा एवं कार्यदायी संस्थाओं/एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रगति एवं गुणवत्ता से संबंधित समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराई जा रही निर्माण कार्यों सहित निर्माण कार्यों में प्रगति पेयजल परियोजनाओं को संचालित किए जाने में लगाए गए कार्यदायी संस्थाओं एवं एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पेयजल परियोजना को संचालित किए जाने में यदि कहीं भूमि की उपलब्धता अथवा भूमि संबंधित विवाद की समस्या आ रही उसे संबंधित उप जिलाधिकारी के साथ मिलकर निस्तारित करते हुए कार्यदाई संस्था द्वारा योजना पर कार्य प्रारंभ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां जमीन की उपलब्धता मानक के अनुसार नहीं उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए तथा पेयजल परियोजना से आच्छादित गांव में जहां पर भी सड़क तोड़कर पाइप डाली गई है उन सड़कों को कार्यदाई संस्था द्वारा तत्काल सही कर दिया जाए अन्यथा संबंधित कार्यदाई संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत कराये गए कार्यों में किसी प्रकार की समस्या/शिकायतों या रेस्टोरेशन पानी की शिकायत क्यों तत्काल दूर किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग एवं कार्यदाई संस्था निर्धारित गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक के अनुसार कार्य करें इसमें शिथिलता कदापि नहीं होनी चाहिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मौली, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीपीआरओ व सभी कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगण मौजूद रही।

### पुस्तकें कार्यालय में डंप मिली, तो होगी कार्यवाही: डीएम



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** गुरूवार को डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फ़ोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण प्रोग्रेस रिपोर्ट, मिड डे मील, जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण, विद्यालयों में विद्युतीकरण, बीआरसी की मरम्मत, पीएम श्री के तहत विद्यालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट, डीबीटी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विभिन्न पैरामीटर पर सेचुरेशन और ऑपरेशन कायाकल्प में 19 पैरामीटर पर स्कूलों में इंफास्ट्रक्चर आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्कूलों के निरीक्षण में जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन में जितने भी पैरामीटर हैं उनमें से सबसे कम प्रदर्शन करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों की सूची बनाई जाए कि वे किन-किन पैरामीटर में पीछे हैं, तभी स्पष्ट जिम्मेदारी तय हो सकेगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए की विद्यालयों के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और संबंधित को हैंडओवर किया जाए। निर्माण के दौरान गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। जल्द से जल्द समय के अंदर ही निर्माण कर पूरा कराया जाए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सिर्फ कागजो में पकड़े जा रहे छुट्टा जानवर

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले के सभी तहसील क्षेत्रों के विभिन्न कस्बों व ग्रामीण इलाकों में हर तरफ मौजूद आवारा सांड़ो व अन्य छुट्टा पशुओं के आतंक से जहाँ स्थानीय किसान परेशान हैं वहीं सड़कों पर इनकी भारी संख्या मे मौजूदगी हर दिन और रात आवागमन को बाधित करती है। आये दिन लोग इनके हमले से चोटिल हो रहे हैं और वाहनों से इनके टकराने से दुर्घटनाये भी हो रही हैं। जिले मे सिर्फ कागजो में छुट्टा जानवर पकड़े जा रहे हैं। बता दें कि सरकार लाखों रूपये गौशालाओ पर यहाँ खर्च कर रही है, लेकिन इनकी संख्या सभी कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों मे पहले की तरह बरकरार है। स्थानीय लोगों का कहना है की सड़कों व कस्बों, गांवों से इनको पकडकर गौशाला मे भेजने का सरकारी फरमान यहाँ सिर्फ कागजों मे चल रहा है।

# जमीनी विवाद में दबंगों ने महिला का तोड़ा हाथ-पैर

## दबंगों ने बच्चे को गुस्से में पटका जिससे उसकी हाथ की हड्डी टूटी

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



प्रकरण विगत 24 जून की है तरबगंज थाने के अंतर्गत ग्राम सभा सिंगहा चंदा( बरखंडी पुरवा )का है जहां एक महिला को दबंगों ने इसलिए मारपीट कर हाथ पैर तोड़ दिया क्योंकि जमीन कब्जा करने गए दबंग को उसने बैरँग वापस लौटा दिया था इस बात के टसल को लेकर दबंगों ने धावा बोलकर महिला का हाथ व पैर तोड़ दिया।

बीच बचाव करने आए उसके 8 वर्षीय पोते वीरू पुत्र गौरी शंकर को भी गुस्से में पटक दिया जिससे उसके हाथ की हड्डी टूट गई जिला चिकित्सालय में भर्ती पीड़िता राजकुमारी पत्नी स्वर्गीय केशव राम ने आपबीती बताई और कहा जब इस घटना की जानकारी देने थाने पर पहुंचे तो तरबगंज थाने से ना तो कोई हमारे साथ जिला चिकित्सालय आया मेडिकल कराने ना ही कोई भर्ती कराने आया जब इस बात की जानकारी थाना अध्यक्ष तरबगंज से दूरभाष पर ली गई तो उन्होंने बताया मुकदमा नंबर 0319 /2024 धारा 323 ,504 ,506 व 452 के तहत विशाल पाठक व आशीष इत्यादि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है दूरभाष पर उन्होंने बताया कि विवेचक 3 दिन की ट्रेनिंग पर गए हैं उनके आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने नवजात का किया परित्याग

## शिशु गृह भेजी गई बच्ची तो डॉक्टर के साथ स्टाफ नर्स के भी छलके आंसू

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

पयागपुर थाना क्षेत्र की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने 5 दिन पहले जिला महिला अस्पताल में बेटी को जन्म दिया था। दुष्कर्म पीड़िता के माता-पिता द्वारा बेटी को स्वीकार न करने पर मां ने परित्याग दिया।

जिस पर नवजात बेटी को वन स्टाफ सेंटर की प्रशासक और पुलिस कर्मियों की टीम ने बाल शिशु गृह लखनऊ छोड़ दिया है।पयागपुर थाना क्षेत्र की दुष्कर्म पीडिता नाबालिक ने 5 दिन पहले जिला महिला अस्पताल में बेटी को जन्म दिया था। बेटी के जन्म के बाद दुष्कर्म पीड़िता के माता-पिता ने नवजात को स्वीकार करने पर असमर्थता जताई। इससे परेशान दुष्कर्म पीड़िता ने अपनी बेटी को परित्याग करने के लिए सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष की कोर्ट पर वार्ड प्रस्तुत किया था। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव ने मामले की सुनवाई करते हुए नवजात को लखनऊ भेजे जाने के निर्देश दिए।मंगलवार को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष के निर्देश पर वन स्टाफ केंद्र की प्रशासक रचना कटियार, सादिक अली महिला सिपाही कांति और पुरुष सिपाही के साथ 108 एंबुलेंस द्वारा सभी नवजात को लेकर लखनऊ के राजकीय बाल शिशु गृह पहुंचे। यहां पर नवजात बेटी को लखनऊ बाल शिशु गृह के हवाले कर दिया गया, अब वहीं पर उसकी देखभाल की जाएगी।



### अंतिम बार पिया मां का दूध, रोने लगे सभी लोग

नवजात बेटी को लखनऊ ले जाने की तैयारी हुई। सुंदर बेटी ने मां का अंतिम बार दूध पिया, इसके बाद वह मां को नहीं छोड़ रही थी। मां से किसी तरह वन स्टाफ केंद्र की प्रबंधक ने अपने हवाले लिया तो यह पल गमगीन हो गया। बाल रोग विशेषज्ञ के साथ स्टाफ नर्स और वहां मौजूद महिला सिपाही भी गमगीन हो गई। सभी को समझाने के लिए डॉक्टर बोले की सभी सरकारी नियम के तहत ही चलना है और नवजात को लखनऊ ले जाया गया।

# इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वाधान में रक्तदान शिविरों का आयोजन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वाधान में रक्तदान को बढ़ावा देने हेतु रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम 13 जुलाई तक चलेगा ।सचिव इन्डियन रेडक्रास सोसाइटी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश ने बताया इस पहल का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। इन शिविरों के आयोजन के लिए माइक्रोप्लान तैयार किया गया है, जिसमें समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। शिविरों के आयोजन के लिए मोबाइल ब्लड कलेक्शन वैन भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम में सीएचसी पयागपुर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी संस्था के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ शरद भारती ने शिविर का शुभारंभ कर लोगों से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से कोलस्ट्रॉल घटाने में मदद मिलती है।

# सामुदायिक केंद्र के बगल चल रहे हैं अवैध पैथोलॉजी सीएमओ ने लिया संज्ञान

कटरा बाजार/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़




कटरा बाजार क्षेत्र में अवैध पैथालॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर की भरमार है।इन अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कमीशन का खेल चलता है।यहां पर आशा कार्यकर्ता व दलाल मरीजों को सेंटर तक पहुंचाते हैं।यही नहीं कटरा बाजार में तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर व करीब आधा दर्जन पैथालॉजी चल रहे हैं जबकि जनपद के आलाधिकारी मौन है। क्षेत्र के लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहाँ एम्स पैथालॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कोई अधिकृत डॉक्टर नही है।जनपद के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के रहमोकरम पर यह कारोबार खूब फलफूल रहा है। इन सेंटर के संचालक गलत रिपोर्ट देकर मरीजो के जान से खिलवाड़ कर रहे है। इन सेंटरो पर कोई भी रेडियोलॉजिस्ट नही बैठता है,अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जाता है।दलालों को यहां से मोटा कमीशन मिलता है।सीएचसी अधीक्षक डॉ. एम.पी. यादव ने बताया कि अवैध अल्ट्रासाउंड संचालक के विरुद्ध शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा ने बताया जानकारी मिली है इस पर कार्रवाई की जाएगी।

# टैक्स बकाया के लिए तीन हजार वाहन स्वामियों को मिला नोटिस

## जिले में टैक्स का आठ करोड़ रूपये बकाया

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के 3000 वाहन स्वामियों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से नोटिस जारी की गई है। इन सभी को बकाया टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए तहसील से भी मदद ली जा रही है।

तहसीलों द्वारा 2.75 करोड़ रुपये का टैक्स जमा करवाया जायेगा। वाहन स्वामियों को ऑनलाइन आरसी जारी कर दी गई है।जिले में चार पहिया वाहन खरीददारों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन यही चार पहिया वाहन खरीददार टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। जिसका नतीजा है कि जनपद में 3000 वाहनों पर आठ करोड रुपए का टैक्स बकाया हो गया है। इसके लिए सभी वाहन मालिकों को ऑनलाइन आरसी जारी की गई है।



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले में काफी मात्रा में टैक्स बकाया हो गया है।सूचना देने के बाद भी वाहन मालिकों द्वारा टैक्स जमा नहीं किया गया है, जिस पर सभी को नोटिस जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि इसके लिए जिले के 6 तहसीलों से भी मदद ली जा रही है तहसीलों के द्वारा भी नोटिस वाहन मालिकों को भेजी जा रही है। एआरटीओ ने बताया कि जिले के सभी तहसीलों द्वारा पौने तीन करोड रुपए की वसूली के लिए नोटिस जारी की गई है। एकसाथ हजारों की संख्या में नोटिस जारी होने से वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है। इतना ही नहीं टैक्स बकाया जमा करवाने के लिए बाबुओं को भी लगाया गया है।

### डेढ़ हजार को भेजी डिमांड नोटिस

एआरटीओ राजीव कुमार ने बताया कि जिले के तीन हजार वाहनों का टैक्स बकाया है। ऐसे में डेढ़ हजार से अधिक वाहन स्वामियों को डिमांड नोटिस जारी की गई है। यह नोटिस एकसाथ जारी की गई है। जिसके चलते जल्द से जल्द चार पहिया वाहनों का टैक्स जमा हो सके।

### बाबू भी करेंगे फोन

वाहन का बकाया टैक्स जमा करवाने के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के पांच बाबुओं की भी ड्यूटी लगाई गई है। प्रतिबाबू 300/300 लोगों का बकाया जमा करवाने का लक्ष्य दिया गया है। यह सभी प्रतिदिन वाहन मालिकों को फोन भी करेंगे। जिससे कि सभी का बकाया समय रहते जमा हो सके।

# हाथ में गोला दगने से दूल्हे के भाई समेत दो झुलसे

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

पयागपुर क्षेत्र में आई बारात में गोला दगने से दूल्हे का सहबाला भाई और एक अन्य किशोर झुलस गया। दोनों को सीएचसी से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कलुवापुर से पयागपुर थाना क्षेत्र के रजवापुर के नौवनपुरवा गांव में बुधवार को बारात आई।

जिसमें निकाह कार्यक्रम के दौरान दूल्हे का छोटा भाई मोहम्मद रफीक और एक अन्य ने गोला दागना शुरू कर दिया।गोला दगाते समय दूल्हे के भाई और एक अन्य किशोर के हाथ में गोला दग गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में दोनों का इलाज चल रहा है।हालत गंभीर बनी हुई है। दूल्हे के चाचा साकिरअली ने बताया कि हाथ में गोला दगने से हाथ के चीथड़े उड़ गए हैं। डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि दो किशोर चपेट में आए हैं। लेकिन दूल्हे के भाई की हालत गंभीर है।



# मिनी खेल मैदान के लिए विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

## बोले विधायक प्रतिनिधि- शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

ग्राम पंचायत उर्रा खेल समिति के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बलहा से भाजपा विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान के निर्माण की मांग की।

मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत उर्रा के खेल समिति के पदाधिकारियो ने बृहस्पतिवार को बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल से मुलाकात की। खेल समिति अध्यक्ष आरपी निगम ने कहा कि क्षेत्र में युवाओं की कमी नहीं है, लेकिन कोई भी खेल मैदान नहीं है, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं नहीं निकल पा रही हैं। ऐसे में मिनी खेल मैदान का निर्माण करवाया जाए। इस पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि मिनी खेल मैदान के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा, जिससे युवा कल्याण विभाग की ओर से इसका निर्माण कराया जा सके। इस दौरान खेल समिति के सचिव संदीप मौर्य हाशिम खान पियूष मौर्य, कुंवर चंद्र, आशीष मौर्य, डॉक्टर प्रमोद, जितेंद्र साहनी, असलम खान, साबित पोरवाल समेत अन्य मौजूद रहे।



# जनपद न्यायाधीश ने डीएम-एसपी संग किया कारागार का निरीक्षण



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, सीजेएम शिवेन्द्र कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, अनीता सक्सेना व देवकान्त वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बाइकों की टक्कर में मां-बेटी की मौत, पति घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



ससुराल से लौट रहे बाइक सवार दंपती की बाइक बुधवार को मल्हीपुर मार्ग पर भक्तापुर गुलरिहा के पास दूसरी बाइक से भिड़ गई। जिससे बाइक पर सवार दंपती व उनकी छह माह की मासूम बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा देख राहगीरों ने एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया। वहीं टक्कर मारने वाला दूसरा बाइक सवार मौके से भाग गया। बाइक चालक हेलमेट लगाए था। जिससे उसके सिर में चोटें नहीं आई है।रुपईडीहा थाना क्षेत्र के नरयनापुर निवासी फरमान (28) बुधवार को अपनी पत्नी रुखसार (26) और छह माह की बेटी जन्नतुल के साथ बाइक से अपनी ससुराल नबाबगंज के भटपुरवा गांव से घर लौट रहे थे। जब उनकी बाइक नबाबगंज थाना क्षेत्र के मल्हीपुर मार्ग स्थित भक्तापुर गुलरिहा के पास पहुंची। तभी सामने से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी चर्दा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल का उपचार चल रहा है। नबाबगंज प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पांडेय का कहना है कि हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों को अस्पताल चर्दा भेज दिया गया था।

मौत की जानकारी नहीं मिली है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दूसरे बाइक चालक पर कार्रवाई की जाएगी।

# 50 लाख की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

## जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने जताया असंतोष

50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में परियोजना प्रबन्धक, सी.एंड.डी.एस. गोण्डा, अधि.अभि. उ.प्र. आवास विकास परिषद, परियोजना प्रबन्धक यू.पी.पी.सी.एल. एवं जिले के नगरीय पेयजल परियोजनाओं हेतु नामित अधिशासी अभियंता जल निगम बलरामपुर द्वारा समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग न करने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन करती हुई जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि जनपद में कुल रू. 683.14 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत रू. 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन कुल 82 परियोजनाओं अन्तर्गत रू. 400.82 करोड़ की धनराशि व्यय कर 89 प्रतिशत वित्तीय एवं 62 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी हैं। डीएम ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप से अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों पर खरे उतरें।



माध्यमिक शिक्षा से सम्बन्धित निर्माण कार्य प्रोजेक्ट अलंकार, मल्टीपर्पज हॉल, कम्प्यूटर लैब आदि कार्यों में जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभावी पर्यवेक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाएं। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्यों की फीडिंग अनिवार्य रूप से अद्यतन रखना सुनिश्चित करें एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण भी करते रहें। डीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति 85 प्रतिशत या इससे अधिक है, आगामी माह तक कार्य पूर्ण कर लिया जाय। विभागीय परियोजनाओं हेतु भूमि सम्बन्धी मामलों में कार्यदायी संस्था व विभागीय अधिकारी मात्र पत्राचार न करें बल्कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से स्वयं मिलकर भूमि का चिन्हाकंन शीघ्र करा लें।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गोंड विशाल रामानुज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर सहित अन्य प्रशासकीय विभाग के जिलास्तरीय अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चकबंदी वादों के निस्तारण में लापरवाही पड़ी भारी

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जनपद में चकबंदी वादों के निस्तारण में लापरवाही बरतना बन्दोबस्त अधिकारी समेत तीन चकबन्दी अधिकारियों को भारी पड़ गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। चारों को 24 घंटे का समय दिया गया है।

इस दौरान स्पष्टीकरण न प्रस्तुत करने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि इन्हें कुछ नहीं कहना है। इसके आधार पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पुराने लम्बित वादों का समय पर निस्तारण शासन की प्राथमिकता में है। जिला प्रशासन की ओर से शासन की मंशा को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निरंतर निर्देश जारी किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा बीते 18 जून को जनपद के चकबंदी न्यायालयों में लम्बित वादों की स्थिति के दृष्टिगत सभी पीठासीन अधिकारियों को प्रतिदिन न्यायालय में उपस्थित रहकर एक वर्ष से पुराने सभी वाद का एक पक्ष के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। 25 जून को इसकी दोबारा समीक्षा की गई। इसमें, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी देवेन्द्र सिंह की न्यायालय में इस दौरान मात्र 35 वाद निस्तारित किए गए। 983 वादों का निस्तारण शेष पाया गया। इसी तरह, चकबंदी अधिकारी पुराना लवलेश मिश्रा के न्यायालय में मात्र 01 ही वाद का निस्तारण किया गया। 565 वाद निस्तारण हेतु अवशेष हैं। इनमें 268 वाद 05 साल के अधिक समय के हैं। चकबंदी अधिकारी करनैलगंज राजकुमार के न्यायालय में मात्र 19 वादों का निस्तारण किया गया है। यहां, 163 वाद निस्तारण हेतु अवशेष हैं। इसी तरह, चकबंदी अधिकारी नवीन सुधीर राय के न्यायालय में मात्र 25 वादों का निस्तारण किया गया। यहां, 718 वाद लम्बित हैं। डीएम नेहा शर्मा ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जिलाधिकारी ने साफ किया है कि 24 घंटे में स्थिति स्पष्ट न करने की स्थिति में कार्यवाही की जाएगी।



# न जागा प्रशासन तो सामने आ सकता है महराजगंज पार्ट-2

- ....दबिश जारी है ऐसे शब्दों के साथ बचाया जाता है दामन
- स्थानीय पुलिस और आबकारी की मिली भगत से धधक रही है भट्ठियां

अभय सिंह



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** कच्ची शराब पीने के बाद बड़ी घटनाएं प्रदेश में हो चुकी हैं इसके कई वीडियो भी वायरल हुए हैं। ऐसी घटनाओं को लेकर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी नाराजगी भी व्यक्त की है साथ ही ऐसे लोग जो समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं।

उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही के भी निर्देश दिए है उसके बाद भी जिला प्रशासन सतर्क नहीं हो रहा है और किसी बड़ी घटना के इंतजार में बैठा है।

इस तरह की घटनाओं में स्थानीय पुलिस और आबकारी की संलिप्तता की वजह से घटती है। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त तेवर के बाद भी आबकारी विभाग व स्थानीय पुलिस नहीं जाग रहा है। दोनों विभागों की उदासीनता के चलते जिले के ग्रामीण इलाको में कच्ची शराब बनाने की भट्ठियां धधक रही हैं। इन क्षेत्रों में आबकारी प्रवर्तन की टीम व पुलिस दोनों दूर-दूर नजर नहीं आते हैं। जिम्मेदार अभियान चलाने की खानापूर्ति जरूर करते है। लोगों की माने तो पुलिसिया संरक्षण के बिना अवैध शराब का कारोबार चलाया ही नहीं जा सकता है।

### कच्ची शराब से जनवरी 2022 में 10 लोगों की हो चुकी है मौत



स्थानी पुलिस की लचर व्यवस्था कहें या आबकारी की कुंभकर्णी नींद जिसकी वजह से अवैध कच्ची शराब का व्यवसाय एक कुटीर उद्योग लेकर फल फूल रहा है। आबकारी और पुलिस विभाग की उदासीनता और मिलीभगत भी कह सकते है। जिसकी वजह से खुलेआम अवैध कच्ची शराब की भट्टियां धधक रही हैं। गांव में सार्वजनिक रूप से अवैध कच्ची शराब बनाकर बेचने का काम किया जा रहा है। जिस पर न तो आबकारी विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही स्थानीय पुलिस इस पर कोई कदम उठा रही है। भदोखर थाना क्षेत्र के कस्बे सहित लगभग एक दर्जन गांवों में अवैध कच्ची शराब की भट्टियां धधक रही हैं भदोखर थाना क्षेत्र के भदोखर, कबूली का पुरवा, भुएमऊ सहित लगभग एक दर्जन गांवों में अवैध शराब की भट्टियां धधक रही है और शराब व्यापारी खुलेआम कच्ची शराब बनाकर बेचने का काम कर रहे हैं. जिस पर न तो स्थानीय पुलिस ही कोई रोकथाम लगा पा रही है और ना ही आबकारी विभाग ही कोई कदम उठा रहा है।

### कच्ची शराब के एवज में ली जाती है मोटी रकम

कच्ची शराब का व्यवसाय फल फूल रहा है को एक कुटीर उद्योग के रूप में स्थापित हो चुका है यही नहीं स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो इस पूरे गोरख धंधे में साहब को मोटी रकम भेजी जाती है। इस पूरे व्यवसाय में छोटे बच्चों को भट्ठी के पास तैनात कर दिया जाता हैं और उन्हें रखवाली का जिम्मा देखकर खुद आसपास छिप जाते हैं, लेकिन जिस तरह भदोखर थाना क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब की भट्ठियां चल रही हैं। इससे विभाग की संलिप्तता साफ जाहिर होती है यही कारण है कि इस पर अंकुश लगाने में आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस पूरी तरह नाकाम है।

### पहले भी सोशल मीडिया पर कच्ची शराब बनते हुए वीडियो हो चुके है वायरल



आबकारी विभाग की लचर कार्यप्रणाली की वजह से अवैध शराब का धंधा फल-फूल रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों में यह एक कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है. बीते कुछ वर्षों पहले महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से एक दर्जन से अधिक लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। लेकिन आबकारी विभाग न फिर अपने पुराने ढर्रे पर चलना शुरू कर दिया है। आबकारी अधिकारी का रटा रटाया जवाब दबिश जारी है। इस संबंध में आबकारी अधिकारी का रटा रटाया जवाब होता है कि दबिश कराई जा रही है। हमारी टीमें लगातार कार्याही कर रही है।- रवींद्र प्रताप सिंह

## दाह संस्कार में आया युवक गंगा में डूबा खोजबीन में जुटे गोताखोर

**डलमऊ, रायबरेली।** दाह संस्कार में शामिल होने आया युवक गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गया गोताखोरों की काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता नहीं चल सका सूचना पर पहुंचे परिवारजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को डलमऊ कस्बे के शमशान घाट पर पूरे दीक्षित बहादुरपुर थाना जायस जिला अमेठी के रहने वाले दिव्य प्रताप सिंह उर्फ रजत सिंह पुत्र दिग्विजय सिंह उम्र 21वर्ष अपने परिवार के बाबा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आया हुआ था। क्रिया कर्म के बाद युवक गंगा नदी में स्नान कर रहा था तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और गहरे जल में चला गया जिससे वह डूब गया। साथी लोगों ने डूब रहे युवक को बचाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दी।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**खीरों रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

- सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

क्षेत्र के बरौडी गांव में गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में 18 वर्षीय युवती का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बरौडी गांव निवासी राममोहन अपने परिजनों के साथ बुधवार की रात खाना खा कर सोने चले गए।

जब सुबह नीद खुली तो उनकी 18 वर्षीय बेटी शिवानी कमरें में नहीं दिखी। तभी सभी परिजन बेटी को खोजने लगे। जहाँ कमरे के अंदर बेटी का शव बल्ली से दुपट्टा के सहारे फांसी के फंदे से लटकता मिला। तो बेटी का शव लटकता देख शोरगुल मचाने लगे। आसपास के लोगो की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना खीरो पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम को भेजवाया। खीरो थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मौरंग लदा डंपर पलटा, खलासी घायल

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर नंदाखेड़ा गांव के पास गुरुवार की सुबह तकरीबन 4:00 बजे के आसपास मौरंग लदा एक डंपर गाड़ी संख्या यूपी 32 आर एन 0548 अनियंत्रित होकर बीच रोड पर पलट गया, जिसमें डंपर का खलासी विजेंद्र कुमार पुत्र राम सुमिरन उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी तिलोई जनपद अमेठी डंपर के नीचे दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों एवं राहगीरों के द्वारा किसी तरह उसे डंपर के नीचे से बाहर निकाला गया, तत्पश्चात सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार करने के पश्चात डॉक्टर ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है इस बाबत थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया घटना की सूचना प्राप्त हुई है डंपर को हटवा कर यातायात की व्यवस्था को सुचार रूप से चालू कर दिया गया है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अपर जिला जज/ सचिव ने किया लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण

**रायबरेली।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान के अनुक्रम में व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में तहसील महराजगंज के अन्तर्गत स्थित लीगल एड क्लीनिक कुण्डौली रायबरेली का निरीक्षण अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनुपम शौर्य के द्वारा किया गया। दौरान निरीक्षण पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल से लीगल एड क्लीनिक के कार्यो के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली गयी। अपर जिला जज/सचिव द्वारा प्रभारी निरीक्षक बछरावाँ को निर्देशित किया गया कि वह लीगल एड क्लीनिक को उनके कार्यो के प्रति सहयोग प्रदान करें। दौरान निरीक्षण सचिव के द्वारा उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवकों को सम्पूर्ण की भावना से कार्य करने हेतु उत्साहवर्धन कर उनको आमजन को सरकारी सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने व उनका लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गये। दौरान निरीक्षण प्रभारी निरीक्षक बछरावाँ, पराविधिक स्वयं सेवक जालिपा प्रसाद, रामकुमार, सुशील व कु0 दीक्षा उपस्थित रही।

# डीएम की पहल, आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से लैस होगा सीएससी दिनशागौरा

- 21 लाख से अधिक धनराशि से सीएससी का होगा सुदृढ़ीकरण हर्षिता माथुर

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




जिलाधिकारी हर्षिथा माथुर की नई पहले से कॉरपोरेट सामुदायिक जिम्मेदारी के दृष्टिगत भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (गैस-बीयू) ने सीएससी दीनशागौरा के स्वास्थ्य 16 उपकरणों के आधुनिकीकरण के लिए ने 2105000 रूपये की स्वीकृति प्रदान की। जिलाधिकारी ने कहा कि इससे स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इन उपकरणों में डबल डोम सीलिंग लाइट, ईएम ड्रग ट्रॉली, लेबर टेबल,मल्टी पैरा मॉनिटर, फ्लोलर बेड, सेक्शन मशीन, रुधिर विज्ञान विश्लेषक, मल्टी पैरा रोगी मॉनिटर, जेनरेटर 25 केवीए, एलईडी परीक्षण लाइट स्टैंड मॉडल, महिला बंध्याकरण के लिए लेप्रोस्कोप, एनएसवी उपकरण, औपचारिक चैम्बर, सर्जिकल उपकरण सेट, जैव रसायन विश्लेषक, बकेट ट्रॉली (बीएमडब्ल्यू) आदि शामिल है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, बीपीसीएल की ओर से टीएम गैस यूपी-2 जितेन अधिकारी और मैनेजर सेल रायबरेली आयुष गर्ग भी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बन्दर ने बच्चे पर हमला कर किया लहूलुहान

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कॉलोनी के अंतर्गत तुलसी अड्डा में एक कटखने बंदर ने अबोध बालक को नोच कर बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। बच्चे के पिता विनय कुमार ने बताया कि, उनके 3 साल के पुत्र शौर्य पर घर की छत पर अपने भाई बहन के साथ मोबाइल चलाते समय बंदर ने अचानक से हमला कर दिया जिससे शौर्य घायल होने के बाद बुरी तरह से घबरा गया और डरा हुआ है। उन्होंने कहा कि, अचानक से बंदर के हमले में ज्यादा घायल होने या छत से गिरने पर उनके बच्चे की जान भी जा सकती थी। उन्होंने बताया कि,तुलसी अड्डा में यह खतरनाक बंदर अब तक कई बच्चों, महिलाओं पर हमला कर चुका है। उनके अनुसार हाल ही में सुबह सोते समय भी इसने इसी उम्र के एक बच्चे को बुरी तरह काट लिया था।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत



**रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग नील कुंवर गुप्ता (65) की दर्दनाक मौत हो गई जानकारी के मुताबिक नौचंदी एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी दर्दनाक मौत हुई. नील कुंवर गुप्ता पॉलिटेक्निक विभाग से रिटायर्ड हुए थे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के रामचन्द्रपुर रेलवे क्रासिंग के पास की घटना बताई जा रही है. पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### बायफ संस्था का पशुपालक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बीआईएसएलडी (बायफ) संस्था ने एचडीएफसी बैंक के वित्तीय सहयोग से जनपद रायबरेली के बायफ़ पशु विकास केंद्र अहमदपुर के अंतर्गत ग्राम अलीपुर में एक दिवसीय पशुपालक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, रायबरेली, डॉ प्रह्लाद निरंजन, पशु चिकित्साधिकारी, अटौरा बुजुर्ग, विजय कुमार त्रिपाठी, पशुधन प्रसार अधिकारी, बायफ संस्था के पशु चिकित्सक डॉ. परितोष मिश्र, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, रायबरेली एवं रामरतन यादव, केंद्र प्रभारी, अहमदपुर सहित सभी चयनित पशुपालक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालकों को पशुपालन के आधुनिक तरीकों जैसे नस्ल सुधार कार्यक्रम, वर्गीकृत सीमेन के लाभ, गाय तथा भैंस की दुधारू नस्लों, पशु आवास एवम पशु आहार प्रबंधन, पशुओं के आंतरिक एवम बाह्य कृमि प्रबंधन, खनिज लवण तथा हरा चारा खिलाने का महत्व, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन इत्यादि के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी चयनित पशुपालकों को वर्ष भर हरे चारे की सारी फसलों के बीज एच डी एफ सी बैंक के वित्तीय सहयोग से 80 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी पशुपालकों ने कार्यक्रम को बहुत लाभदायक बताया एवं एचडीएफसी बैंक तथा बायफ संस्था को धन्यवाद दिया।

# महिला ने एसपी को दिया शिकायती पत्र



**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायती पत्र गुड़िया पत्नी बबलू मौर्य निवासी ग्राम टूक थाना महराजगंज पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि रामू श्यामू पुत्रगण जगदीश निवासीगण ग्राम टूक थाना महराजगंज जिला रायबरेली प्रार्थिनी व विपक्षीगणों के मध्य खेत की मेड काटने व उसे काटकर अपने खेत में मिल लेने के बावत दिनांक 23 .6. 2024 को विवाद हुआ था जिसकी रिपोर्ट प्रार्थिनी ने थाने में किया था तो थाना महराजगंज द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गई व विपक्षीगणों के विरुद्ध धारा 447 व504 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है परंतु आज तक विपक्षीगणो को पकड़ा नहीं गया है उल्टा हल्का दरोगा द्वारा प्रार्थिनी व उसके परिवार पर ही दबाव बनाया जा रहा है कि तुम थाने में आकर सुलह कर लो जबकि प्रार्थिनी को विपक्षीगणों से अभी तक खतरा बना हुआ है तथा कुछ राजनीतिक दल के लोग भी विपक्षीगणो का सपोर्ट कर रहे हैं।

विपक्षीगण आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं आए दिन प्रार्थिनी व उसके परिवार से विवाद किया करते हैं जबकि उक्त खेत को विपक्षी गणों ने बटाई पर ले रखा है।

हल्का दरोगा भी विपक्षीगणों से मिला हुआ है इस कारण दर्ज एफआईआर नंबर 0305 का अनुपालन कराते हुए प्रार्थिनी को न्याय दिलाने एवं विपक्षीगणों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की कृपा की जाए।

### छेड़छाड़ के मामले में पुलिस कर रही टाल-मटोल

**डलमऊ,रायबरेली।** एक किशोरी से दिनदहाड़े गांव के ही दो युवकों ने जबरदस्ती छेड़खानी की जबरन पड़कर उसे गिरा दिया चीख पुकार सुनकर जब तक लोग पहुंचते दोनों लड़के फरार हो गए गदागंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार को सुबह घर से दूर भेड़ बकरी के बाडे में गोबर पानी करने पहुंची एक किशोरी के साथ गांव के ही दो युवकों ने मौका पाकर छेड़खानी शुरू कर दी आरोप है कि युवकों ने किशोरी के कपड़े तक फाड़ दिए चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचते तब तक दोनों युवक मौके से फरार हो गए हद तो तब हो गई जब किशोरी की मां की शिकायत के बाद भी पुलिस पूरे दिन मामले को टालमटोल करती रही किशोरी की मां ने गांव के ही दो युवकों पर बेटी के साथ जबरन छेड़छाड़ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।



## जिला प्रशासन ने की अपील, आंधी तूफान व ओलावृष्टि के समय रहते रहे सावधान

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह ने अतिवृष्टि/आंधी तूफान, ओलावृष्टि तथा आकाशीय विद्युत के दौरान बरती जाने वाली सावधानिया तथा उनके प्रभाव के बारे में जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि घर के अंदर रहने, खिड़की दरवाजे बंद रखें, सम्भव हो तो यात्रा न करें। सुरक्षित स्थानों पर रहे, जर्जर मकानों तथा पेड़ों के नीचे आश्रय न लें, विद्युत उपकरणों को बंद रखने, नदी तालाब आदि के पास न जाने, विद्युत सुचालक वस्तुओं से दूर रहने, रेडियो, समाचार पत्रों तथा टीवी के माध्यम से मौसम की विभिन्न जानकारी लेते रहने हेतु सावधानी बरते। तथा आधी तुफान के प्रभाव के बारे में कहा कि विद्युत पोलो एवं तारो का टूटना, ट्रेफिक की समस्या, दृश्यता का कम होना तथा ओलावृष्टि के कारण खड़ी फसलों को नुकसान होता है।

# दबंगों ने मारपीट कर खेत में लगे खंभे को तोड़ा, मामला दर्ज

**बछरांवा, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के बन्नावां गांव में खेतों में सुरक्षा के लिए गाड़े गए खंभों को दबंगों ने जबरन तोड़ दिया।पी ड़ित के साथ मारपीट की तथा जान से मार देने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। रायबरेली शहर के बेलीगंज मोहल्ले के रहने वाले अनंत शंकर शुक्ला पुत्र स्वर्गीय सिद्धार्थ शंकर शुक्ला ने बछरावा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने क्षेत्र के बन्नांवा गांव में अपने खेतों पर खंभे गडवाए थे, जिन्हें दुर्गापुर मजरे बन्नावां गांव का रहने वाले गंगा प्रसाद यादव पुत्र रामपाल यादव तथा सुनील कुमार यादव एवं गंगा प्रसाद के परिवार के सदस्यों ने तोड़ दियाद्म जब उन्होंने इसकी शिकायत की तो उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट की तथा गाली गलौज एवं जान से मार देने की धमकी दी ।पीड़ित का आरोप है कि उक्त व्यक्ति सरहंग किस्म का है और इसके पूर्व भी उनके खेतों का जबरन सरसों काटकर उठा ले गया था। बार-बार उन्हें परेशान कर रहा है। और उनके साथ अभद्रता एवं मारपीट तथा जान से मार देने की धमकी भी दे रहा है । पीड़ित अनंत शंकर ने अपने साथ किसी अनहोनी घटना की आशंका जताई है इस बारे में थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अधिकारी उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लें: डीएम

### जिला स्तरीय उद्योग बंधु व एमओयू क्रियान्वन इकाई की बैठक बचत भवन में सम्पन्न

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक बचत भवन में हुई। बैठक में उद्योमियों की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक चर्चा हुई। औद्योगिक क्षेत्र अमावां एवं सुल्तानपुर रोड में सड़कों व नलियों की साफ-सफाई के सम्बंध में उनकी समस्या को सुनते हुए जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका से इस संबंध में अब तक हुई कार्यवाही की प्रगति जानी। इस संबंध में ईओ नगरपालिका स्वर्ण सिंह ने बताया कि सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जा चुका है। अन्य लंबित कार्य शीघ्र पूरा करा लिया जाएगा। इसी प्रकार औधोगिक क्षेत्र प्रथम में रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे सड़कों, नालो एवम अतिक्रमण समस्या के सम्बंध में परियोजना प्रबंधक एनएचएआई ने बताया कि वर्तमान में कार्य प्रगति पर है व अन्य समस्याओ का निराकरण किया जा रहा है। यूपीसीडा लखनऊ, अधिशाषी अभियंता,विद्युत वितरण खंड सलोन ने बताया कि औद्योगिक आस्थान सलोन में लगभग 300मी. तक 11000केवी विद्युत लाइन का निर्माण कराने संबंधी टेंडर हो चुका है तथा जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। खरीफ वर्ष 2019-20 व 2020-2021 में सीएमआर परिवहन के बकाया भुगतान के बारे में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। लंबित भुगतान जल्द ही जारी करा दिया जाएगा। आईआईए द्वारा एनएच-330ए पर ड्रेनेज से पानी निकासी की समस्या पर विचार करते हुए जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक एनएचएआई को निर्देश दिया की स्थलीय निरीक्षण कर समस्या के संबंध में ठोस विकल्प सुझाये ताकि समस्या का समाधान हो सके।

### गांव में बंदरों का आतंक से परेशान है ग्रामीण, कई लोग हो चुके हैं शिकार

**बछरावां, रायबरेली।** थुलेंडी गांव में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि लोगों का घर से निकलना दुभर हो गया है। हर पल ग्रामीण पर बंदर के हमले का खतरा मंडराया करता है। अब तक गांव के दर्जनों लोग बंदर के हमले का शिकार हो चुके हैं। कभी पानी की टंकी , तो कभी तार , व खुले में रखे अन्य उपकरणों को तोड़फोड़ देते हैं। कोई सामान लेकर गुजरता है। तो बन्दर थैला छीन कर भाग जाते हैं। शंकर , इसरार , मुस्लिम , उबेद खान , ब्रह्मा देवी व ईशान खान हाल ही में बन्दर के हमले के शिकार हुए हैं। गांव के रहने वाले मुकेश ने बताया कि पिछले चार माह से बंदरों ने जमकर उत्पाद मचा रखा है ।

# डॉ सूरज प्रकाश की जयंती पर पौधरोपण आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**




भारत विकास परिषद इटावा तुलसी द्वारा परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश 104 वी जयंती के अवसर पर आज पानकुवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़ पर श्रमिक वर्ग में फल व विस्किट का वितरण एवं वृक्षारोपण कर विचार गोष्ठी का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए परिषद के चार्टर सदस्य अच्युत कृष्ण मिश्रा ने डॉ सूरज प्रकाश जी के इटावा के सनातन धर्म इंटर कॉलेज में 1985 मे जनपद की प्रथम संस्था स्थापित किये जाने के समय उनके प्रथम आगमन पर साथ बिताए हुए पलों व प्रेरक विचारों व संस्मरणों को सभी उपस्थिति लोगों के साथ साझा किया। प्रीतम खन्ना ने कहा कि वह एक कुशल नेत्र सर्जन के साथ बहुत ही अच्छे समाज सेवक भी थे यदि हम लोग उनसे जरा सी भी सीख लेते हुए अपने दैनिक कार्य के साथ समाज के लिए कुछ कर पाते हैं तो यही उनके लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजली होगी। इस गोष्ठी में डॉ वीरेंद्र कुमार स्नातक ने ऑनलाइन सभी के साथ जुड़कर सहभागिता की व सदस्यों को निरंतर समाज सेवा के कार्य करने की प्रेरणा भी दी। प्रांतीय महिला संयोजिका नीलिमा चौधरी ने सभी सदस्यों को परिषद के मुख्य ध्येय सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण के आधार पर संस्थापक जी से कुछ सीखते हुए समाज के लिए व्यस्त समय में से कुछ समय निकालकर कार्य करने को प्रेरित किया।

# नगर मजिस्ट्रेट ने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

जिला सैनिक बंधु की बैठक नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए एवं इनका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि यह भूतपूर्व सैनिक जिनकी वजह से आज हम सभी यहां पर बैठे हैं । उन्होंने कहा कि इनके द्वारा अपने देश के नाम अपनी जान को न्योछावर कर दिया गया। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में इनके आने पर इनका सम्मान किया जाए। उन्होंने कहा कि इनका काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाए एवं उनके कार्य में किसी भी तरीके का विलंब ना किया जाए। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी, विद्युत विभाग, जिला पूर्ति विभाग, नलकूप विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा भूतपूर्व सैनिक बंधु आदि उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के लिये उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही कर आत्महत्या के लिये उकसाने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार किया।

वादिनी आशा देवी पत्नी सोनू कुमार निवासी नारायण अड्डा न्यू कालोनी थाना फ्रेण्डस कालोनी इटावा द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर सूचना दी गयी कि 21 मई 2024 को वादिनी की बेटी ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के संबंध में थाना फ्रैण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा गहनता से जांच की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रेम संबंध के चलते वादिनी की पुत्री द्वारा आत्महत्या की गयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित पुलिस टीमों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये आरोपी शनि पुत्र अरविन्द कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी। पुलिस टीमों द्वारा आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी बालकिशन उर्फ वी.के ट्रेलर्स पुत्र रामप्रताप निवासी यशोदा नगर थाना फ्रेण्डस कालोनी को कोकपुरा सर्विस रोड के पास से समय गिरफ्तार किया गया।

## पेपर लीक, सिस्टम वीक, सर्जरी जरूरी

**डॉ. रमेश शर्मा**

पेपर लीक स्कैंडल ने देश की आत्मा को भीतर तक झकझोर दिया है। यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। देश में बहुत बड़ा वर्ग बिकाऊ है। कीमत दो और खरीद लो। फिर वह पेपर हो पद या प्रतिष्ठा। ऐसे स्कैंडल इस ओर भी ध्यान आकर्षित करते हैं कि प्रतिभा, मेरिट, पारदर्शिता, ईमानदारी तो पुस्तकों के विषय तक सिमट कर रह गए हैं लेकिन दूसरी तरफ चिंता इस बात की है कि साधारण और सरल व्यावहारिक दूरदर्शिता का प्रशासनिक व्यवस्था में इतना अकाल कभी देखा नहीं गया है । तरह-तरह के शिक्षा माफिया सक्रिय रहते हैं, नकल माफिया, पेपर लीक और सॉलवर गैंग, स्टाफ की मिलीभगत आदि परंतु ये तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक सिस्टम में विद्यमान तत्व सहयोग न करें।

सर्वविदित तथ्य है कि अध्यापक चाहेगा तो केंद्र में नकल होगी और यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी। तकनीक में अनेक प्रकार के आयाम जुड़ने के कारण एआई जैसी टेक्नोलाजी के आने से चुनौतियां और बढ़ गई हैं तो मूल्यांकन भी जटिल हो गया है । सोशल साइट्स ने जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है और एक प्रभावी उपकरण बन चुका है । सूचना का आदान-प्रदान क्षणों में संभव है। सभी तथ्यों की जानकरी होने के बावजूद ऐसी परीक्षाओं को साधारण औपचारिकता के तौर पर कंडक्ट करवाया जाए और माफिया आराम से ऑपरेट करते रहें तो हाहाकार होनी तो स्वाभाविक है। केवल परीक्षार्थी ही मानसिक तनाव का शिकार हो ऐसा नहीं होता। उसके अभिभावकों सहित अनेक लोगों पर इन हाई प्रोफाइल प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं का प्रत्यक्ष या परोक्ष असर पड़ता है जिनमें कोचिंग संस्थान भी शामिल होते हैं। अपार धन का अनियंत्रित बिजनेस है । समिति गठन की जितनी अहमियत अब दी जा रही है, काश एनटीए गठन के समय यह परिश्रम कर लिया जाता और कंडक्ट को सीबीएसई से पूरी तैयारी के बाद ही वापस लिया जाता तो इस विभीषिका से बचा जा सकता था । निश्चित तौर पर सरकार की कारगुजारी पर धब्बा लगा है और सिस्टम पर विश्वास बहाली उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा जगत से जुड़े लोग जानते हैं कि पेपर सेटिंग से लेकर परिणाम घोषित होने तक किस स्तर के विभिन्न विशेषज्ञ इस दायित्व का निर्वहण और निष्पादन करते हैं । इन के प्रशिक्षण और अनुभव को वरीयता दी जाती है या दी जानी चाहिए। ऐसे सक्षम विशेषज्ञों का यदि पैनल बना हो तो सुविधाजनक रहता है।वर्तमान स्कैंडल में ऐसा लगता है कि सारी प्रक्रिया के सभी चरणों में लापरवाही जाने अनजाने की गई है।

# केन्या में वित्त विधेयक से जनता आक्रोशित-देशभर में जबरदस्त अशांति का उबाल

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**आज यह बात हम इस विशेष मकसद से कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 25 जून 2024 को इसी वित्तीय विधायक 2024 को पारित किया गया जिसमें अप्रत्यक्ष कर के रूप में ब्रेड, मोबाइल,प्लास्टिक और टायर सेनेटरी टॉवल जैसे अनेक खाद्य पदार्थो सहित अनेक वस्तुओं पर टैक्स अत्यधिक बढ़ाया गया तो स्वाभाविक रूप से जनता आक्रोशित हो गई और प्रदर्शन कारियों में अशांति का ऐसा उबाल आया कि केन्या नरोबी से लेकर हर शहर में तोड़फोड़ मच गई है।आंदोलनकारी जनता द्वारा टैक्स विरोध प्रदर्शन संसद भवन में अमर्यादित आचरण में तब्दील हो गया संसद भवन के एक हिस्से में आग लगा दी गई वहां उपस्थित सांसदों को एक सुरंग के माध्यम से सुरक्षित निकाल लिया गया।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया पर टीवी चैनलों पर केन्या की स्थिति का मंजर देर रात्रि तक दिखाया जा रहा था, जिससे पूरी दुनियां हैरान थी।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश प्रतिवर्ष अपने देश के विकास की आर्थिक गाथा अपने वार्षिक वित्त विधेयक में लिखता है,जो एक देश के हर विभाग या क्षेत्र या पोर्टफोलियो को चलाने के लिए राशि का आवंटन करता है तथा वह राशि कहां से आएगी उसके उपार्जन के लिए टैक्स सोर्सेस का उपार्जन करता है, जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर के रूप में मूल रूप से आम जनता से ही वसूली जाती है।

प्रत्यक्ष कर तो मध्य व उच्च वर्गों से सीधे उनकी कमाई पर टैक्स लगाकर वसूला जाता है परंतु अप्रत्यक्ष कर जो भारत में जीएसटी याने माल व सेवा कर के रूप में जाना जाता है, उसको लगाकर वसूला जाता है जो गरीब से लेकर अत्यंत गरीब व्यक्ति को भी चुकाना पड़ता है। वैसे अभी भारत में पूर्ण बजट यानी वित्त विधेयक 2024 जुलाई 2024 में लाने की प्रक्रिया शुरू है। आज यह बात हम इस विशेष मकसद से कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 25 जून 2024 को इसी वित्तीय विधायक 2024 को पारित किया गया जिसमें अप्रत्यक्ष कर के रूप में ब्रेड, मोबाइल,प्लास्टिक और टायर सेनेटरी टॉवल जैसे अनेक खाद्य पदार्थो सहित अनेक वस्तुओं पर टैक्स अत्यधिक बढ़ाया गया तो स्वाभाविक रूप से जनता आक्रोशित हो गई और प्रदर्शन कारियों में अशांति का ऐसा उबाल आया कि केन्या नरोबी से लेकर हर शहर में तोड़फोड़ मच गई है।आंदोलनकारी जनता द्वारा टैक्स विरोध प्रदर्शन संसद भवन में अमर्यादित आचरण में तब्दील हो गया संसद भवन के एक हिस्से में आग लगा दी गई वहां उपस्थित सांसदों को एक सुरंग के माध्यम से सुरक्षित निकाल लिया गया।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया पर टीवी चैनलों पर केन्या की स्थिति का मंजर देर रात्रि तक दिखाया जा रहा था, जिससे पूरी दुनियां हैरान थी। मैं भी एक वित्त विधेयक के विरोध में इतना भयंकर प्रदर्शन वह आंदोलन पहली बार देखा हूं इसलिए मैंने आज इस विषय पर आर्टिकल लिखने रिसर्च शुरू किया वह देर रात तक पूरी जानकारी जुटाई चूंकि केन्या में वित्त विधेयक 2024 से जनता आक्रोशित है, देश भर में जबरदस्त अशांति का उबाल है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या पर पूरे विश्व की नजरे, जनता द्वारा टैक्स विरोध प्रदर्शन संसद भवन मेंअमर्यादित आचरण में तब्दील पर हैरानी हुई।

साथियों बात अगर हम केन्या संसद में पारित किए गए वित्त विधेयक 2024 के प्रस्तावित करो की करें तो,वित्त विधेयक 2024 में अनेक उत्पादों और सेवाओं पर उच्च कर लगाने का प्रस्ताव किया गया है, जनता की ओर से इसकी आलोचना की जा रही है। केन्या के लोग मंगलवार को नए वित्त विधेयक के खिलाफ देशव्यापी विरोधप्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं,हालांकि सरकार मसौदा कानून के कुछ प्रावधानों को समाप्त करने पर सहमत हो गई है,जैसे कि ब्रेड, कार, खाना पकाने के तेल और सैनिटरी टॉवल पर कर।वित्त विधेयक 2024, जिसमें उत्पादों औरसेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव है, पर केन्याई संसद में बहस चल रही है और सांसदों द्वारा इसपर मतदान किए जाने की उम्मीद है।यह विधेयक केन्या के 2024/25 के बजट का हिस्सा है और सरकारी राजस्व बढ़ाने के साधन के रूप में विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर वृद्धि का प्रस्ताव करता है।विधेयक के प्रावधानों में ब्रेड पर 16 प्रतिशत वैट लगाने के साथ-साथ मोबाइल मनी ट्रांसफर पर कर वृद्धि और कारों पर 2.5 प्रतिशत का नया वार्षिक कर शामिल है।विधेयक में पर्यावरण के लिए हानिकारक माने जाने वाले उत्पादों-जैसे पैकेजिंग, प्लास्टिक और टायर-पर इको- टैक्स लगाने का भी प्रस्ताव है, तथा इससे नैपी, सैनिटरी टॉवल, कंप्यूटर और मोबाइल फोन जैसी वस्तुओं की लागत में वृद्धि होगी।अन्य करों में कुछ वित्तीय सेवाओं और विदेशी मुद्रा लेनदेन पर 16 प्रतिशत वैट शामिल है।विधेयक के अंतर्गत डिजिटल मार्केटप्लेस और डिजिटल सामग्री के संचालन से होने वाली आय पर भी कर लगाया जाएगा।राष्ट्रपति ने कहा है कि इन उपायों से 2.7 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त कर प्राप्त होगा, तथा इनका उद्देश्य केन्या की बजट के वित्तपोषण के लिए उधार पर निर्भरता को कम करना है।जीवन-यापन की उच्च लागत से पहले से ही परेशान केन्या वासियों को 2022 में निर्वाचित होने के बाद से वेतन और ईंधन सहित करों में भारी वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है।सरकार ने गरीबों के लिए किफायती मकान बनाने के लिए मासिक आय पर 1.5 प्रशित आवास कर भी लागू किया है तथा जुलाई में उच्च स्वास्थ्य बीमा कर भी लागू होने वाला है।विरोधियों का कहना है कि यह विधेयक कई केन्या वासियों के लिए अंतिम झटका है।हाल के सप्ताहों में, केन्याई लोगों ने मसौदा कानून की ऑनलाइन आलोचना की है। एक ऑनलाइन याचिका को 15 जून को शुरू किए जाने के बाद से 111, हज़ार से अधिक हस्ताक्षर प्राप्त हो चुके हैं ।केन्या भर में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं , जिनमें नैरोबी भी शामिल है,जहां दंगा पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया है।मंगलवार और आने वाले दिनों में और अधिक विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है, जिसे प्रदर्शनकारी 21-27 जून तक क्रोध के 7 दिन कह रहे हैं।इस विधेयक को केन्या लॉ सोसायटी जैसे नागरिक समाज संगठनों के साथ-साथ निजी व्यापार मालिकों की ओर से भी आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिनका कहना है कि यह खुदरा, वित्त, इंटरनेट, परिवहन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है।मानवाधिकार समूहों ने केन्या के सुरक्षा बलों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध अत्यधिक बल प्रयोग करने का आरोप लगाया है।मानवाधिकार समूहों और पुलिस निगरानी संस्था के अनुसार, पिछले गुरुवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 200 लोग घायल हो गए।

साथियों बात अगर हम नए वित्त विधेयक 2024 के विरोध में जनता के आक्रोश की करें तो केन्या में मंगलवार को नए टैक्स बिल के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए थे। वे संसद के बाहर लगे बैरिकेड्स को पार कर अंदर घुस गए, जहां सांसद बिल पर चर्चा कर रहे थे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद में आग लगा दी।

## विचार

# राष्ट्रीय विस्तार हेतु मोदी का गठबंधन-चातुर्य

**इन्द्र दमन तिवारी**




**एनडीए सरकारों में लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे अपनी पार्टी के दिग्गजों के अलावा जॉर्ज फर्नांडिस, ममता बनर्जी, शरद यादव, नीतीश कुमार और डीएमके के मंत्रियों ने भी काम किया।**

जवाहर लाल नेहरू के बाद देश में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला है, एनडीए के गठबंधन में बनी यह पाँचवीं सरकार है, यह भी एक कीर्तिमान है। इसके पहले दो बार यूपीए की, एक बार नेशनल फ्रंट (1989) की और एक बार युनाइटेड फ्रंट (1996) की सरकार बन चुकी है, 1977 की जनता पार्टी भी एक तरह का गठबंधन था, जो देश में पहली गैर-कांग्रेस सरकार थी। फिराक गोरखपुरी की पंक्ति है, 'सरज़मीने हिंद पर अक़वामे आलम के फ़िराक़/ काफ़िले बसते गए हिन्दोस्तां बनता गया,' भारत को उसकी विविधता और विशालता में ही परिभाषित किया जा सकता है। भारत हजारों साल पुरानी सांस्कृतिक विरासत है, पर लोकतंत्र नई अवधारणा है, इन दोनों का मिलाप इस वक्त हो रहा है, देश के सामाजिक जीवन में इतनी विविधता है कि दाद देनी पड़ती है, उस धागे को जिसने इसे हजारों साल से बाँधकर रखा है। उसी धागे के तार देश की राजनीति को जोड़ते हैं, जो राजनीतिक गठबंधनों के रूप में हमारे सामने है। गठबंधन भारतीय राजनीति का मूल तत्व है, चाहे वह 1962 तक की कांग्रेस के एकछत्र शासन की राजनीति हो या यूपीए-2 की बहुरंगी राजनीति, इस राजनीति के तमाम गुण-दोष हैं और विचार-दर्शन और सिद्धांत भी, इसमें शुद्ध मतलब-परस्ती है, तो सामाजिक-संतुलन बैठाने के सूत्र भी हैं।

क्षेत्रीय, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के दर्शन भी इसी के मार्फत होते हैं, कांग्रेस पार्टी खुद में एक गठबंधन है और उसकी धड़ेबाज़ी ने ही देश में पहली गैर-कांग्रेसी गठबंधन सरकार बनाई, ऐसा 1967 में उत्तर प्रदेश में हुआ, उस दौरान बिहार में 16 महीने में चार मुख्यमंत्री बदले गए, 85 विधायकों ने पाले बदले कई ने चार-चार बार पार्टियाँ बदलीं, बंगाल में अजय मुखर्जी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी। इसके बाद दलबदल का एक महासंग्राम चला, जो तमाम कानून बनाए जाने के बावजूद किसी न किसी रूप में आज भी जारी है, गठबंधन 1967 में भी नई बात नहीं थी, 1952 से 1967 के पहले तक देश में गठबंधनों के चार उदाहरण भी हैं, पर 1967 का साल भारतीय राजनीति में एक बुनियादी बदलाव लेकर आया, जिसे गैर-कांग्रेसवाद कहते हैं। 1991 से 1996 तक पीवी नरसिंह राव की अल्पसंख्यक कांग्रेस सरकार राजनीतिक कौशल से जुटाए गए बाहरी समर्थन के सहारे चली, इसी सरकार ने स्वतंत्रता के बाद से देश में सबसे बड़े आर्थिक-बदलाव किए। ÷राम मंदिर आंदोलन÷ के बाद भाजपा एक नई केंद्रीय ताकत के रूप में सामने आई, पर यह पार्टी बाबरी मस्ज़िद विध्वंस के बाद से 1998 तक 'राजनीतिक अछूत' बनी रही। 1996 में उससे हाथ मिलाने के लिए शिवसेना के अलावा कोई पार्टी सामने नहीं आई, गैर-कांग्रेसवाद के समर्थक जॉर्ज फर्नांडिस ने और बाद में अकाली दल ने भाजपा को सहारा दिया और अंततः राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के समांतर एक ताकत तैयार हुई, जिसने करीब तीन दशक में उसका स्थान ले लिया है। हैरत की बात है कि दोनों पक्षों में भले ही राजनीतिक स्तर पर तीखा विरोध रहा हो, पर अर्थव्यवस्था, विदेश-नीति और रक्षा-नीति में यूपीए और एनडीए के कार्यकाल में क्रमबद्धता बनी रही। इस दौरान तीसरे मोर्चे का प्रयोग भी हुआ, जो जड़ें नहीं जमा पाया है, उस मोर्चे की कमज़ोरी यह थी कि उसके केंद्र में कोई धुरी नहीं थी, गठबंधन चलाने के लिए एक सबल केंद्रीय दल चाहिए, 2019 के चुनाव तक इस लिहाज से राष्ट्रीय स्तर पर यूपीए और एनडीए ही दो गठबंधनों के रूप में अभी तक सामने आए थे। आज जो कांग्रेस बची है, वह अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अधिकतर उन दलों के सहारे है, जो 1967 में गैर-कांग्रेसवाद का झंडा लेकर खड़े हुए थे, ये दल आज धर्मनिरपेक्षता के ध्वज के नीचे कांग्रेस के साथ खड़े हैं। संगठनात्मक दृष्टि से कांग्रेस इनमें सबसे बड़ी पार्टी है, वह इस गठबंधन का नेतृत्व करती है या नहीं, अभी कहना मुश्किल है, पर दूसरी तरफ एनडीए का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के हाथ में है, यह स्पष्ट है, गठबंधन की राजनीति कांग्रेस की देन नहीं, मज़बूरी रही है। तीन मौकों पर उसने गठबंधन सरकारें बनाई और दो मौकों पर उसने बाहर से गठबंधन सरकारों को समर्थन दिया और उन्हें गिरा दिया, 2004 में पहली बार यूपीए बना, तो वामदलों के हाथ खींच लेने के कारण सरकार गिरते-गिरते बची, इस बार के चुनाव में यूपीए का रूपांतरण इंडी गठबंधन या इंडिया के रूप में हो गया है, संभव है कि भविष्य में भारतीय राजनीति का किसी और रूप में रूपांतरण हो।

वर्तमान को देखें तो नरेंद्र मोदी की कार्यशैली स्व. अटल जी की शैली से कुछ अलग है पर भावनाओं को पकड़ना उन्हें आता है। उनका 'मन की बात' कार्यक्रम इस बात की गवाही देता है, अपने कार्यकाल के पहले तीन साल में ही उन्होंने न केवल कांग्रेस के सामाजिक आधार को काफी ध्वस्त किया, बल्कि उसके लोकप्रिय मुहावरों को भी यथासंभव छीन लिया। मोदी के 'स्वच्छ भारत' अभियान का प्रतीक चिह्न गांधी का ÷गोल चश्मा÷ है, गांधी के सत्याग्रह की तर्ज़ पर मोदी ने 'स्वच्छाग्रह' शब्द का इस्तेमाल किया, 2017 में 9 अगस्त क्रांति दिवस 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान करके मोदी ने कांग्रेस की एक और पहल को छीना। उसी साल वे पार्टी के पक्ष में प्रचार करने के लिए वाराणसी गए, तो पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुश्तैनी मकान में भी गए, 2018 में उन्होंने स्टेच्यू ऑफ यूनिटी (सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति) का प्रतिमा का अनावरण करके पटेल को अंगीकार किया, उन्होंने पूरी कांग्रेस पर हमला नहीं किया, केवल नेहरू-गांधी परिवार को हिट किया। तत्कालीन राष्टपति प्रणब मुखर्जी के साथ अच्छे संबंध बनाकर रखे, जिन्हें उन्होंने पिता-तुल्य बताया, वे समझते होंगे कि 'परिवार' के प्रति प्रणब दा की धारणा क्या है, उन्होंने कहा, 'जब मैं दिल्ली आया, तो मुझे गाइड करने के लिए मेरे पास प्रणब दा मौजूद थे। मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा कि मुझे प्रणब दा की उँगली पकड़ कर दिल्ली की जिंदगी में खुद को स्थापित करने का मौका मिला,' ये सब बातें उनकी सॉफ्ट राजनीति का हार्ड-पहलू हैं। भारत में अनेक किस्म के राजनीतिक समूह बनने का कारण है हमारी सामाजिक विविधता, आज हम कल्पना नहीं करते कि कभी कांग्रेस और भाजपा का गठबंधन बनेगा या दो विपरीत सामाजिक आधार वाली पार्टियाँ गठबंधन करेंगी, गठबंधन की बुनियाद ही अलग-अलग समूहों को प्रतिनिधित्व देने पर निर्भर करती है, जम्मू-कश्मीर में बीजेपी और महबूबा मुफ्ती की पीडीपी के बीच एक बार ऐसा गठबंधन भी हो चुका है, जो सफल नहीं हुआ। गठबंधन का मतलब है सभी भागीदारों को जोड़कर रखने का कौशल, एनडीए के पहले अध्यक्ष थे अटल बिहारी वाजपेयी, 1998-2004 तक उनके नेतृत्व में एनडीए की सरकार रही, गठबंधन-धर्म शब्द का आविष्कार भी उन्होंने ही किया, जिसका आशय भी स्पष्ट है। गठबंधन को चलाने वाली समन्वय समिति की अवधारणा का श्रेय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है, यूपीए-2 ने जुलाई 2012 के अंतिम सप्ताह में समन्वय समिति बनाई, वह भी कांग्रेस और एनसीपी के बीच विवाद को निपटाने के उद्देश्य से। एनडीए सरकारों में लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे अपनी पार्टी के दिग्गजों के अलावा जॉर्ज फर्नांडिस, ममता बनर्जी, शरद यादव, नीतीश कुमार और डीएमके के मंत्रियों ने भी काम किया। अटल जी के भाषणों को जनता अवाक् सुनती रही, भविष्य के चुनावों पर उस भाषण का गहरा असर पड़ा, बीजेपी की स्वीकार्यता बढ़ी, 28 मई 1996 के भाषण के अंत में उन्होंने कहा, 'हम संख्याबल के सामने सिर झुकाते हैं।' इसके पहले उन्होंने कहा, आज़ मेरी सरकार के प्रति अविश्वास प्रकट करने के लिए जो दल एक हो रहे हैं, वे एक-दूसरे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए लड़े थे, उन्होंने अपने विरोधियों के अंतर्विरोधों को वोटर के सामने रखने में काफी समझदारी बरती, इस तरह उनका ÷गठबंधन-चातुर्य और राजनीतिक परिपक्वता अंततः रंग लाई।



## राशिफल

**मेष**- राशि के सितारे बताते हैं कि आज का दिन आपके लिए लकी रहने वाला है। आज आपके मान सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने वाली है। सरकारी क्षेत्र के आपके काम बनेंगे और कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से सहयोग और प्रोत्साहन मिलेगा।

**वृषभ**- राशि के लिए आज सितारे कहते हैं कि आज आपको किसी शुभ कार्य या समारोह में भाग लेने का मौका मिलेगा। आप प्रसन्नचित्त और ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

**मिथुन**- राशि के लिए आज सितारे कहते हैं कि आपका दिन आज कुछ उलझन भरा रहेगा। आज आप वाणी पर संयम रखें और धैर्य से काम लें नहीं तो किसी न किसी से विवाद हो सकता है।

**कर्क**-राशि के सितारे बता रहे हैं कि आज आपको भाग्य बड़ी सफलता प्रदान कर रहा है। आपको आज कार्यक्षेत्र में प्रोत्साहन और प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा।

**सिंह**- राशि के लिए सितारे कहते हैं कि आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। आपको आज सभी मामलों में विशेष रूप से सावधान रहना होगा।

**कन्या**-राशि के सितारे बताते हैं कि आज आपकी रुचि कला और रचनात्मक विषयों में रहेगी। आप आज शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। नौकरी में आज का दिन आपका सुखद बीतेगा और आप सफलता से आनंदित होंगे। सहयोगियों और कर्मचारियों से आपको आज अपेक्षित सहयोग मिलेगा।

**तुला**- राशि के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। आप आज किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं या आपको कोई नई जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**वृश्चिक**- राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज मानसिक उलझन का सामना करना होगा। आपको लाइफ में कई बिखरी चीजों को समेटना और सुव्यवस्थित करना होगा।

**धनु**-राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपको आज माता की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। वैसे कार्यक्षेत्र में आपका दिन आज अनुकूल बीतेगा। सहकर्मियों से आपको सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर**-राशि वालों के लिए सितारे बताते हैं कि आज आज सुबह से ही आपके मन में प्रसन्नता की भावना रहेगी और आप आज जोश ऊर्जा से भरपूर नजर आएंगे। आज आप किसी बड़े लाभ के लिए प्रयासरत नजर आ सकते हैं।

**कुंभ**-राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि कार्यक्षेत्र में आपको अपने वरिष्ठों से पूरा पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी तरक्की और लाभ का मार्ग भी आज भाग्य खोलने वाला है।

**मीन**-आज गुरुवार का दिन गुरु की राशि मीन वालों के लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी राशि से द्वादश भाव में चंद्रमा विराजमान हैं और राशि में राहु। ऐसे में आज आप मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं।

# ओम बिरला सामाजिक कार्यकर्ता कैसे बना राष्ट्रीय राजनीति का सितारा

**प्रो.संजय द्विवेदी**



**राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं। सत्रहवीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फलक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्वेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यता, कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया।**

ओम बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते-पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए, यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता,सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है।

यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चर्चाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ। इससे संसद की गरिमा बनी और परंपराओं का पालन हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले समय में लोकसभा ज्यादा बेहतर तरीके से अपने कामों को अंजाम दे सकेगी। बलराम जाखड़ के बाद वे दूसरे ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने यह गरिमामय पद दुबारा संभाला है। इस बात को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नए सांसदों को बिरला से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि %%संसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। सदन में आचरण और नियमों का पालन जरूरी है। सदन की गरिमा और परंपराओं का पालन अध्यक्ष की बहुत महती जिम्मेदारी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला जी का यह कार्यकाल उदाहरण बनेगा। जहां गंभीर बहसें होंगी और शासकीय काम के साथ विमर्शों का नया आकाश खुलेगा।

राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं। सत्रहवीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फलक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यता, कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया । उनका सहज अंदाज और हल्की मुस्कान,मीठी डांट से सदन को चलाने का तरीका उन्हें इस बार इस पद का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बना चुका था। अब कोटा की स्थानीय राजनीति से राष्ट्रीय फलक पर आए बिरला सदन की उपलब्धि बन चुके हैं। बिरला राजनीति में आने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े थे। उनके मन में समाजसेवा की भावना इसी संगठन से उपजी और वे विविध प्रकल्पों के माध्यम से इसी काम में रम गए। उन्होंने अपने क्षेत्र में 2012 में परिधान नाम कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारंभ किया, जिसके तहत समाज के कमजोर वर्गों को किताबें और कपड़े वितरित किए जाते थे। इसके साथ ही रक्तदान और मुफ्त दवा वितरण के आयोजनों से वे लोगों के दिलों में उतरते चले गए। फिर उन्होंने मुफ्त भोजन कार्यक्रम भी चलाया। उनका संकल्प था उनके लोग भूखे न सोएं। इस तरह वे बहुत संवेदनशील और बड़े दिलवाले सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता की तरह सामने आते हैं। यह उन हाशिए के लोगों की दुआएं ही थीं कि बिरला आज सत्ता राजनीति के शिखर पर हैं।

भाजपा को एक दल के रूप में इस बार लोकसभा में पूर्ण बहुमत नहीं है और उसकी निर्भरता राजग के सहयोगियों पर बढ़ी है। इसी तरह सदन में प्रतिपक्ष ज्यादा ताकतवर हुआ है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की सरकार के सामने अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी मौजूद होंगे। मोदी की तीसरी सरकार में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलना भी एक बड़ी सूचना है। पिछले दो सदनों में कांग्रेस के इतने सदस्य नहीं थे कि वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल कर सके। इससे नेता प्रतिपक्ष अब लोकलेखा समिति के अध्यक्ष भी होंगे और सरकारी खर्चों पर टिप्पणी कर सकेंगें। इस बदले हुए परिदृश्य में सदन में प्रतिपक्ष की आवाज भी प्रखर होगी। राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए सत्ता पक्ष पर अंकुश और प्रतिपक्ष को संरक्षण देने की अपील की। उम्मीद की जानी कि ओम बिरला अपने बड़े दिल से सदन की गरिमा को नई ऊंचाई प्रदान करेंगें।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जिला ग्राम विकास संस्थान ने प्रशिक्षण शिविर किया आयोजित

▸ जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते प्रशिक्षण कार्यक्रम रहा फ्लॉप

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




अटल भूजल योजना अंतर्गत प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को केवल रही 450 रुपए की आस।पूरे प्रशिक्षण के दौरान ऐसा लगा कि जैसे प्रतिभागी प्रशिक्षण न लेकर केवल अपनी मजदूरी लेने आए हो। जैतपुर विकासखंड कार्यालय के मीटिंग हॉल में अटल भूजल योजना के अंतर्गत जिला ग्राम विकास संस्थान मौदहा के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण पूर्ण रूप से फ्लॉप रहा क्योंकि इसमें जिन प्रतिभागियों को बुलाया गया था वह प्रशिक्षण में केवल रुपयों की चर्चा आपस में करते रहे और जो प्रशिक्षण देने वाले थे वह चाय नाश्ता करने में व्यस्त रहे किसी भी प्रतिभागी को मूल रूप से प्रशिक्षण नहीं दिया गया। इस प्रकार के प्रशिक्षण से सरकार के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में मौजूद आर के निगम अवर अभियंता ग्राम विकास विभाग हमीरपुर के द्वारा बताया गया कि जैतपुर विकासखंड की 17 ग्राम पंचायतों में यह योजना संचालित है इन्हीं गांवों के ग्राम प्रधानों, जलवीर, व समूह की महिलाओं को आमंत्रित किया गया था और यह सूची खंड विकास अधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराई गई थी उसी के आधार पर 30 प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण दिया गया। लेकिन मौके पर प्रशिक्षण में कहीं भी मूल उद्देश्य पर चर्चा होती दिखाई नहीं दी क्योंकि आर के त्रिपाठी अपने हाथों में ?500 की नोटों की गड्डी थामें थे और सारे प्रतिभागी इक टुक निगाहों से इन रूपयों की तरफ निहारते रहे की कब हमें ?500 प्राप्त हो और कब हम यहां से प्रस्थान करें। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों रोजगार सेवकों को मुख्य रूप से आदेशित किया गया था।लेकिन मौके पर प्रशिक्षण में एक भी ग्राम प्रधान मौजूद नहीं रहे इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस प्रकार से अटल भूजल योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है और किस प्रकार से जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है केवल यह विभाग अपने कुछ चुनिंदा लोगों को बुलाकर प्रशिक्षण शिवरों की इति श्री कर रहा है।

जिले के आला अधिकारियों को इस मामले का संज्ञान लेकर इन प्रशिक्षण शिवरों की महत्वता को समझ कर धरातल पर करवाना सुनिश्चित करें तभी जन जागरूकता हो पाएगी यदि सही समय पर इसमें सुधार नहीं किया गया तो अटल भूजल योजना में सरकार का पैसा पानी की तरह बहाया जाएगा और आयोजक इसका बंदर बांट करेंगे।

## भाकियू के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राठ।** सपरार प्रखंड झांसी द्वारा नहरों की पटरी पर रोड बनाए जाने के नाम पर अतिक्रमण करने पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने उसे रोकने के लिए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। भाकियू के तहसील अध्यक्ष रामप्रकाश ने बताया कि राठ रजवाहा के दोनों तरफ सपरार प्रखंड झांसी के द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। नहर विभाग की जमीन के अतिरिक्त किसानों के खेत काफी अंदर चिहित कर रोड बनाने की बात कर्मचारी कर रहे हैं। इससे किसानों के चकों का रकबा कम हो रहा है। इससे नौहाई, बसेला, पहाड़ी गढ़ी, सैदपुर, औड़ेरा गांवों के किसानों में आक्रोश है। ज्ञापन के दौरान बृजकिशोर, हंसराज, उदय नारायण, घनाराम, राकेश, शंकर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# रेडीमेड दुकानदार के गोदाम में लाखों की चोरी



**घाटमपुर,समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा के बस स्टॉप के सामने एक रेडीमेड दुकानदार के गोदाम का ताला तोड़कर चोर लाखों के कपड़े व अन्य सामान उठा ले गए, दुकानदार ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है, अशोकनगर उत्तरी निवासी रफीक अहमद ने पुलिस को बताया की दुकान के पीछे गोदाम है जिसमें उसके नये कपड़े व अन्य सामान था। 26/27 यानी बुधवार की रात अज्ञात चोरो ने पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर चोर दो लाख रुपयों से ज्यादा के नये रेडीमेड कपड़े व अन्य सामान उठा ले गए, आज 27,06,2024 को सबेरे जब दुकान खोलने के बाद गोदाम गया तब चोरी होने की जानकारी हुई, घटना की जानकारी मिलने के बाद चौकी पुलिस मौके पर गयी, कस्बा चौकी इंचार्ज ने बताया कि जानकारी मिली है जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे मूल जीवन को नष्ट कर देती है: हेमन्त कुमार

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



आशा ग्रामोत्थान संस्थान लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के द्वारा मुक्ति दिवस मनाया गया। जिसमें लोगों को जागरुक करते हुये नशा से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई।

साथ ही लोगों से नशा मुक्त जीवन जीने की अपील की गई। आशा ग्रामोत्थान संस्थान लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के हेमन्त कुमार ने लोगों को नशा के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे मूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ साथ समाज पर भी बोझ बन जाता है। इस समय युवा पीढी भ्रामक विज्ञापनों के चक्कर में फंसकर सबसे ज्यादा नशे की लत से पीडित है। सरकार इन पीडितों को नशे के चंगुल से मुक्त कराने के लिये नशा मुक्ति अभियान चलाती है।

ताकि युवा पीढी शराब, गुटखा, सिगरेट आदि के नशे के चंगुल में न फंसकर अपने अपने देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने में सहयोग करें। उन्होने कहा कि नशे की लत में पडकर न जाने कितने लोग वर्वाद हो चुके है। इसलिये उन्होने सभी से नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। इस दौरान संस्था प्रमुख राजेन्द्र भदौरिया, चन्द्रशेखर राजपूत, मु0 नईम सहित संस्था के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो चरवाहों की मौत

**चरखारी, महोबा।** आकाशीय बिजली से दो चरवाहे किसानों की घटना स्थल पर मौत एक चरवाहा घायल हो गया। पूरा मामला चरखारी क्षेत्र के गुढ़ा गांव का है दोपहर लगभग 2:00 बजे जंगल में बकरियां चला रहे दो चरवाहों की आकाशीय बिजली गिरने के कारण घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई व एक चरवाहा लंबी रूप से घायल हो गया जैसे चरखारी सीएससी में भर्ती कराया गया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को महोबा जिला चिकित्सालय के लिए किया रेफर ग्राम गुढ़ा निवासी हरकिशन कुशवाहा पुत्र दुर्जन कुशवाहा उम्र 58 वर्ष व सुखलाल अहिरवार पुत्र गोरेलाल अहिरवार उम्र लगभग 60 वर्ष की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा संतराम पुत्र रामस्वरूप राजपूत उम्र 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया जैसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दी नीति आयोग के अभियान की जानकारी

▸ नीति आयोग द्वारा भारतवर्ष के 500 ब्लॉकों में चलाया जा रहा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम (एवीपी)

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



नीति आयोग के द्वारा पूरे भारतवर्ष के 500 ब्लॉकों में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम (एवीपी) चलाया जा रहा है।

जिसमें जनपद महोबा का ब्लॉक कबरई भी शामिल है इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों की (स्वास्थ्य,शिक्षा,पोषण, पंचायती राज,बैंकिंग इत्यादि) महत्वाकांक्षी योजनाओं के इंडिकेटर का अनुश्रवण/मूल्यांकन किया जाता है। इन्ही 40 इंडिकेटर मैं से 6 इंडिकेटर नीति आयोग के द्वारा *संपूर्णता अभियान के लिए चुने गए हैं जिसके अंतर्गत इन 6 इंडिकेटर, को जुलाई से सितंबर तक अभियान चलाकर संतृप्त किया जाएगा इसके लिए नीति आयोग के द्वारा बीते दिनांक 27 जून 2024 को एक महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन हृद्बुष्ट कलेक्ट्रेट मैं किया गया।

जिसमें इस अभियान के सही से संचालन हेतु महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मैं, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास/परियोजना प्रभारी चिकित्साधिकारी तथा एबीपी फेलो उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, मौत

**राठ, हमीरपुर।** शौच करने गए युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अकौना गांव निवासी परमसुख प्रजापति ने बताया कि वह उसके दो पुत्र 18 वर्षीय सीताराम, रवि थे। वह ईंट भट्ठों में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसका बड़ा पुत्र जनपद जालौन के बबीना गांव में दसवीं में पढ़ता था। छुट्टी होने पर वह घर आ गया था। बताया कि गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे वह शौच के लिए जागा था। शौच के बाद वह फिर से सोने चला गया। बताया कि शौच करते समय उसके पुत्र को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालात बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुत्र की मौत पर सुमित्रा देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलसी युवती

**राठ।** जरिया थाने के पवई गांव निवासी 20 वर्षीय बबली बुधवार की शाम घर के आंगन में बैठी थी। तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गई। वहीं इसी गांव की 14 वर्षीय ज्योति भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गई। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। इसी तरह कस्बे के गुलाब नगर लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी काशीराम सोनी मामूली रूप से झुलस गया है। आकाशीय बिजली गिरने से काशीराम सोनी की छत की रेलिंग पड़ोसी के घर गिर गई है और छत को नुकसान हो गया है।

### सोशल मीडिया के वायरल वीडियो की होगी मजिस्ट्रेटयल जांच

**बलरामपुर।** थाना तुलसीपुर अन्तर्गत ग्राम पिपरहवा विशुनपुर निवासी हनीफ पुत्र जलील की निजी भूमि पर स्थानीय पुलिस द्वारा कब्जा करा देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित हनीफ की शिकायत पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने घटना की मजिस्टीरियल जांच के आदेश दिए हैं और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार को जांच अधिकारी नामित किया है। बताते चलें कि हनीफ पुत्र जलील ने जिलाधिकारी को स्पीड पोस्ट के जरिए शिकायत भेजी कि उसका भूमि विवाद न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन बलरामुपर के यहां चल रहा है और निषेधाज्ञा का वाद भी विचाराधीन है। बीते 15 जून को पीड़ित की 40 वर्षों से कब्जा शुदा जमीन पर एक दरोगा और दो सिपाहियों द्वारा उसकी गैर मौजूदगी में उसका घर गिरा दिया गया एवं छाजन उजाड़ दिया गया तथा आवासीय भूमि का बलपूर्वक कब्जा पर भी करा दिया गया धमकी भी दी गई, इसके आरोप शपथपत्र पर लगे हैं तथा इसी घटना का वीडियो का वायरल हुआ है। पीड़ित द्वारा शपथपत्र पर शिकायत की गई है कि बीते 15 जून को ही जिस दिन उसकी जमीन पर स्थानीय पुलिस द्वारा कब्जा कराया गया उसी दिन पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को तहरीर प्रार्थनापत्र आईजीआरएस के माध्यम देकर तथाकथित आपराधिक अवैधानिक कृत्य से अवगत कराते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की थी। 15 जून को दिये तहरीर पर कार्यवाही न होने पर पीड़ित हनीफ ने 18 जून को डीएम को जरिए स्पीड पोस्ट पूरी घटना का विवरण एवं साक्ष्य मय शपथपत्र संलग्न करते हुए न्याय दिलाने की गुहार की एवं दोषी पुलिस कार्मिकों एवं अधिकारियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कराने की मांग की।

# चकरोड बन्द होने से परेशान किसानों ने दिया ज्ञापन

▸ किसानों ने एसडीएम से लगाई चक रोड खुलवाने की मांग

**चरखारी महोबा। समृद्धि न्यूज**



कस्बा खरेला की चरखारी मुस्करा रोड से खेतों के लिए बना सरकारी चकमार्ग को एक दबंग द्वारा बन्द किए जाने से किसान परेशान हैं तथा एक दर्जन से अधिक महिला व पुरूष किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जांच कर चकमार्ग खुलवाने तथा कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

खरेला मौजा के एक दर्जन से अधिक किसानों ने गुरूवार को तहसील में प्रदर्शन करते हुए अपने खेतों व आवासों की ओर जाने वाले चक मार्ग को खुलवाए जाने की मांग उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार से की है। किसान उदयभान ने बताया कि चरखारी मुस्करा मार्ग पर पावर हाउस के बगल से करीब 4 किलोमीटर लम्बा चक मार्ग चकबन्दी के दौरान है जिसका उपयोग किसान निरन्तर करते चले आ रहे हैं लेकिन चकमार्ग के किलोमीटर एक पर बनी सरकारी पुलिया को एक दबंग नरेन्द्र बहादुर उर्फ गब्बर सिंह ने पुलिया को अपनी जमीन पर बना होने का दावा करते हुए चकमर्ग पर ही बंधी डाल दी है जिससे गीता' पिंकी' रामकली' प्रेम' गोमती' मंजू' रामरतन' भागीरथ' कालीचरण सहित एक दर्जन से अधिक किसान प्रभावित हो रहे हैं तथा खेतों तक जुताई बुवाई के लिए नहीं जा पा रहे हैं।

किसानों ने बताया कि पुलिया के पार उनके आवास भी बने हुए हैं और बंधी बनाने से वह अपने आवासों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुए चकमार्ग खलवाने तथा दबंग के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

शिकायत मिलने पर तत्काल ही उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा नापतौल के दौरान आरोपी की ही भूमिधरी नम्बर पाए जाने पर किसानों को चकरोड दिए जाने का आश्वासन दिया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो किशोरों की मौत

**राठ, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से दो किशोरों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग झुलस गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कोतवाली के बहगांव में घटोई बाबा स्थान पर गुरुवार को दरबार लगा हुआ था। यहां पर गांव के भगवानदास रैकवार को घटोई बाबा अवतरित होते हैं। दरबार में गांव का 20 वर्षीय धर्मेंद्र 3 माह से लापता था। जिसके लिए गुरुवार को दरबार लगा हुआ था। यहां पर गांव के करीब 20 लोग बैठे हुए थे। गुरुवार दोपहर अचानक बारिश शुरू हुई और सभी लोग नीम के पेड़ के नीचे बैठ गए। तभी बादलों की तेज गड़गड़ाहट के दरमियान आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे 16 वर्षीय शिवम पुत्र जगदीश रैकवार और उसका 17 वर्षीय चचेरा भाई शिवप्रसाद पुत्र महेश, 30 वर्षीय नेहा पत्नी प्रकाश, उनका 4 वर्षीय पुत्र अनिकेश और 16 वर्षीय राहुल पुत्र बालमुकुंद झुलस गए। घटना के बाद दरबार में हड़कंप मच गया और भगदड़ मच गई। घटना के बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे और झुलसे लोगों को सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां डॉ अखिलेश कुमार ने शिवम और शिवप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों का इलाज चल रहा है।

# सफाई मित्रों व स्वच्छ चैंपियन को अंग वस्त्र से किया सम्मानित

**मौदहा,हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका परिषद मौदहा के द्वारा वेस्ट टू वंडर पार्क ओरी पार्क में सफाई मित्रों, स्वच्छ चैंपियन, ब्रांड एंबेसडर, स्वयं सहायता समूह को चयन कर प्रशस्ति प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद मौदहा के अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ की अध्यक्षता में ओरी तालाब स्थित बेस्ट वंडर पार्क में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024- 25 के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छ चैंपियन, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य एवं सफाई मित्रों को माला, अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष अभियान में नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए विस्तार रूप से चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम की खास बात यह रही की यह सम्मान समारोह कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड नंबर 25 के सभासद वैभव सोनी, उत्तम सिंह, स्वच्छता अभियान के प्रभारी पंकज सिंह, विजय कुमार शहीद आदि लोग उपस्थित रहे।

# जलभराव का निरीक्षण करने सड़क पर उतरे कमिश्नर-डीएम

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल,जिलाधिकारी नितीश कुमार व नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने जलभराव की समस्या के दृष्टिगत श्रीराम चिकित्सालय के सामने जलवानपुरा स्थित मोहल्ला क्षीरसागर, मोहल्ला जलवानपुरा स्थित कोरीवंश पंचायती मन्दिर के आगे,अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के पीछे,मोहल्ला बाग बिजेसी के सामने स्थित नाले सहित अन्य जलभराव के क्षेत्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जल निकासी के समस्या के सम्बन्ध में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए उचित प्रबन्ध कर लिया जाये।जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए त्वरित कार्यवाही की जाये। उल्लेखनीय है कि विगत दो दिनों की बारिश से नगर निगम सीमान्तर्गत कौशलपुरी,निराला नगर,जेबीपुरम,रामघाट, कौशलेशकुंज व देवकाली आदि क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई,जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए नवीन मण्डी स्थल के बगल से रायबरेली अण्डरपास तक कच्चे नाले की खुदाई करते हुए जल निकासी करायी गयी।

इसके अतिरिक्त फतेहगंज का जल स्तर बढ़ जाने के कारण टकसाल क्षेत्र में जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई।जल स्तर के कम होने के कारण स्वतः गलियों में भरा वर्षा का जल निकल गया। टकसाल नाले में कुछ स्थल अवरूद्ध हो गये थे,जिसकी सफाई कराकर जल निकासी करायी गयी। शिवनगर कालोनी में पम्प के माध्यम से जल निकासी करायी गयी। नगर निगम द्वारा जलभराव की समस्या के त्वरित समाधान के दृष्टिगत कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है।इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष कार्यदल गठित किया गया है,जो जलभराव के चिन्हित क्षेत्रों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।बताया गया कि जलभराव के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत/सूचना निगम के कन्ट्रोल रूम में दूरभाष सं. 1533 /05278-299400/1800-313-1277/7311165805 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

इस अभियान के दौरान अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला,अनिल कुमार सिंह,पार्षद विनय जायसवाल,जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता,मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह व सहायक अभियन्ता राजपति यादव आदि उपस्थित रहे।

# कच्ची शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

▸ आरोपियों के विरूद्ध उठी कार्यवाही की मांग

जैदपुर पुलिस ने अलग अलग जगहों पर मुखबिर की सूचना के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनकी तलाशी लेने पर 29 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। आरोपियों के विरुद्ध जैदपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी। बताते चलें कि उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह टिकरा गोछौरा तिराहे के पास सोनू पुत्र राम सरन निवासी चंदौली थाना जैदपुर को 9 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। वहीं उप निरीक्षक शिव नाथ ने गोठिया मोड़ के पास से सचिन पुत्र रतीपाल गंजरिया थाना जैदपुर को घेरघार कर 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। जबकि मुखबिर की सूचना पर एस एस आई सतीष कुमार सिंह ने चदौली गांव से कुछ दूरी पर पुलिया के पास सावन कुमार पुत्र रमेश चन्द्र निवासी चंदौली थाना जैदपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। तीनो आरोपियों के विरुद्ध जैदपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्यवाही की गयी।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को जमकर पीटा, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

दस लाख नकद जेवरात समान दहेज में देने के बाद भी नहीं भरा दहेज लोभियों का पेट। और मांग पूरी न होने पर महिला को पति सहित परिवार के लोगों ने जमकर मारा पीटा। पीड़ित की शिकायत पर जैदपुर पुलिस द्वारा पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक जैदपुर थाना क्षेत्र अब्दुल्लापुर निवासी रितु वर्मा पुत्री मयाराम की शादी हिंदू रिति रिवाज के साथ दिनांक 28/2/2023 को जानकीनन्दन पुत्र प्रमोद के निवासी अकबरपुर थाना दरियाबाद के साथ हुयी थी। शादी के बाद से ही दहेज को लेकर प्रताणित कर पीड़ित को मारा पीटा जाता था। 25 जून को रात नौ बजे सास, ससुर प्रमोद,जेठानी वसुन्धरा जेठ लवकुश ने लाठी डंडो लात घूसों से मारते हुए जान से मारने पर उतारू हो गये।और इतना जमकर मारा कि पीड़ित बेहोश हो गयी। गांव के बहादुर ने इस मामले की जानकारी फोन से महिला के पिता को मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस के साथ पिता ने घायल पुत्री को देखा तो वो लोग जान से मारने के फिराक थे। पुलिस की मौजूदगी में काफी चोटिल हालत में पिता के साथ आकर। पीड़ित महिला ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुए उक्त आरोप लगाये है। जैदपुर पुलिस द्वारा पति जानकी नन्दन सास, ससुर प्रमोद,जेठानी वसुन्धरा जेठ लवकुश सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जाच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

## डीएम के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू

**मौदहा, हमीरपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित फुटपाथ के अगल-बगल लगी दुकानों को राजमार्ग की सीमा से हटाकर दूर रखने के निर्देश दिए गए तथा कस्बे को स्वच्छ रखने में भूमिका निभाने की बात कही गई है। कस्बा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के अगल-बगल फुटपाथ में लगी दुकानों को वहां से हटाने के लिए उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा के नेतृत्व में नगर पालिका सहित वन विभाग तथा एआरटीओ ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा से दूर रहने के लिए वहां दुकान रखे दुकानदारों को हिदायत दी गई तथा कस्बे में स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए। अवगत हो कि हमेशा की तरह इस बार भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया लेकिन यह अभियान कब तक चलेगा और कितना चलेगा यह भविष्य के गर्भ में है लेकिन पिछले वर्षों की भांति चलाए गए अभियान में नगर पालिका प्रशासन के ऊपर सैकड़ो आरोप लगे जिसको नगर पालिका प्रशासन पचाकर हमेशा की तरह चुपचाप शांत हो गया लेकिन अब चलाया जा रहा अभियान कितना कारगर साबित होगा यह तो आने वाला समय ही बता सकता है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट, आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

दो अलग अलग जगहों पर हुये विवाद में जमकर हुई गाली ग्लोज व मारपीट में पंडितों की शिकायत को? लेकर पुलिस द्वारा दोनों मामलों में 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार जहां एक तरफ रामराज गौतम पुत्र मयाराम निवासी अब्दुल्लापुर थाना जैदपुर ने शिकायती पत्र देते हुये बताया कि अमित तिवारी शिवानंद मुकेश पुत्र पिताम्बर निवासी कोटवा थाना सफदरगंज ये लोग ठेकेदार हैं। और पीड़ित रोलर मिक्सल मशीन चालक है। विपक्षी लोग साइट पर काम करने के लिये रोलर व मिक्सल मशीन तय करके ले गये थे। पैसों की लेन देन व मशीन रोलर वापस लेने गये पीडित को गंदी गंदी गाली देते हुये मारा पीटा उक्त आरोप लगाते हुये थाना जैदपुर शिकायत पत्र देने पर जैदपुर पुलिस द्वारा अमित तिवारी शिवानंद, मुकेश पुत्र पिताम्बर निवासी कोटवा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।दूसरी तरफ सुनीता देवी पत्नी राम मिलन निवासी पनिहल थाना जैदपुर ने शिकायत करते हुवे बताया कि प्रार्थीनी के भाई पिंटू को इनामीपुर थाना जैदपुर का निवासी राजकुमार,पुत्र मंगल,करन पुत्र राजकुमार,ने कुछ दिन पहले मारा पीटा था।

# लेखपाल व मकान मालिक के बीच हुई मारपीट, लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़

**कस्बा में** बछरावां मार्ग के किनारे सुभाष वार्ड स्थित आवासीय कालोनी में बीती देर रात लेखपाल व उनके मकान मालिक के बीच मारपीट हो गई ।घटना के बाद लेखपाल ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।वहीं मकान मालिक ने भी लेखपाल के विरुद्ध तहरीर दी है।दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। गुरुवार को लेखपाल संघ की हैदरगढ़ इकाई ने बैठक कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।घटना का कारण एक दूसरे की कार का आपस में टकरा जाना बताया जाता है।

कस्बा हैदरगढ़ के लेखपाल दीपचंद शर्मा तहसील कार्यालय भवन से महज एक किमी दूर बछरावां मार्ग पर पाठक कालोनी में किराए पर परिवार सहित रहते हैं।बुधवार की देर रात इसी कालोनी की गली में पीड़ित लेखपाल के मकान मालिक कस्बा के ही ब्रम्हनान वार्ड निवासी भानू प्रताप उर्फ बेचू पाठक का इसी कालोनी में आफिस है।रात लगभग नौ बजे भानू प्रताप घर जाने के लिए अपनी कार में बैठे।इसी समय लेखपाल दीपचंद अपनी कार लेकर इस कालोनी की गली में घुसे।उनकी कार श्री पाठक की कार से टकरा गई।मौके पर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।घायल लेखपाल का आरोप है कि भानू प्रताप पाठक ने अपनी कार से उनके वाहन में कई बार टक्कर मारी।इसके बाद अपने आधा दर्जन साथियों के साथ उन पर हमला कर घायल कर दिया।लेखपाल ने तहरीर में आधा दर्जन आरोपियों में भानू प्रताप पाठक के अलावा उनके साथी बक्सनपुर के पिंटू सिंह व मिश्रन पुरवा के सुनील को नामजद किया।यह भी आरोप लगाया कि आरोपी शराब के नशे में थे।वहीं दूसरे पक्ष के भानू प्रताप ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि लेखपाल शराब के नशे में उनके वाहन को टक्कर मारी।उन पर भी हमला किया।उन्हें भी चोटें आई हैं।घटना के विरोध में लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में राजस्व कर्मियों ने बैठक की।इसके बाद एसडीएम अनुराग सिंह को ज्ञापन देकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

## लेखपालों के दबाव में पुलिस, मकान मालिक का नहीं दर्ज किया मुकदमा

हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़

- प्रेस कांफ्रेंस कर लेखपाल पर लगाये गम्भीर आरोप
- मकान का किराया नहीं दे रहा लेखपाल, कार से टक्कर मारकर किया बवाल, मारपीट

**लेखपाल** और मकान मालिक के बीच हुई मारपीट के मामले में लेखपालों के दबाव में पुलिस द्वारा विपक्षी मकान मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया वहीं लेखपाल के विरुद्ध दी गई तहरीर के बावजूद मकान मालिक का मुकदमा नहीं पंजीकृत किया गया जिसको लेकर दूसरे पक्ष में जबरदस्त आक्रोश है। इस मामले को लेकर मकान मालिक भानु प्रताप उर्फ बेचू पाठक ने आज अपने सुभाष वार्ड में स्थित अपनी आवासीय कॉलोनी के ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर अपना पक्ष रखा। उन्होंने घटना के बारे में बताया कि कल रात्रि वह अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान पाठक ट्रेडर्स से घर जाने के लिए स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार हुए की तभी पीछे से सेंट्रो कार लेकर आए लेखपाल दीपचंद शर्मा ने उनकी स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी । उस वक्त लेखपाल स्वयं कार चला रहे थे और शराब के नशे में धुत्त थे। पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे श्री पाठक ने बताया कि अचानक स्कॉर्पियो में टक्कर लगने से घबराकर वह जब बाहर निकले वैसे ही लेखपाल उनके साथ गाली गलौज करने लगे और मना करने पर मारने पीटने भी लगे। उन्होंने बताया कि उक्त लेखपाल पिछले दो वर्ष से उनके मकान में किराएदार के रूप में परिवार सहित रह रहा है और पिछले 5 महीने से किराया भी नहीं जमा किया कई बार किराया मांगने पर टाल मटोल करते रहे और बुधवार को पुनः किराया मांगने पर अपने को हल्का लेखपाल बताते हुए धमकी दिया कि सारी जमीन को अवैध साबित करके बुलडोजर चलवा दूंगा और जमीन जप्त करवा दूंगा। काफी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े श्री पाठक ने कहां की उन्होंने कोतवाली में अपनी तहरीर भी दी लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर पर ध्यान नहीं दिया। जिस पर उन्होंने आज जन सुनवाई पोर्टल के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक बाराबंकी उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक हैदरगढ़ को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजकर भ्रष्ट एवं शराबी लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है यदि भाजपा कार्यकर्ता होते हुए भी उनकी न सुनी गई तो अपने समर्थकों के साथ धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उनके साथ प्रधान नीरज सिंह प्रधान आनंद कुमार सिंह अलगू जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटनाओं में अधेड़ महिला की मौत, युवक गम्भीर रूप से घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटनाओ में जहां एक अधेड़ महिला की मौत हो गई, वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए युवक को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है, वही सूचना पाकर अस्पताल पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा अधेड महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय के लिए रवाना किया गया। पहली सड़क दुर्घटना नगर के मुख्य चौराहे पर गुरुवार की दोपहर लगभग 11:45 बजे हुई ।जिसमें अमेठी जनपद के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के मदारगढ़ गांव निवासी यार अली की पत्नी मेहरूलनिशा 50 नगर के मुख्य चौराहे पर सड़क पार करने के दौरान सुल्तानपुर के ओर से आए ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। बेहोशी की हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद महिला को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया,परन्तु जब तक परिजन एंबुलेंस से महिला को लेकर रवाना होते उससे पहले ही महिला की मौत हो गई। दुर्घटना के समय महिला घर से आकर रिश्तेदार के यहां जा रही थी। दूसरी सड़क दुर्घटना हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर राजापुर गांव के निकट गुरुवार की सुबह हुई पोखरा गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र शिवलाल 21 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से हैदरगढ़ की ओर आ रहा था कि तभी बाइक असंतुलित होकर खंभे से टकरा गई। इस दुर्घटना में यूवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायल युवक को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### संचारी रोग नियंत्रण के लिए आयोजित हुई बैठक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, खण्ड प्रेरक, को प्रशिक्षण देने हेतु ब्लाक सभागार में एक बैठक आहूत की गयीं। जिसमें खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी (पं0) संजय कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डा0 सौरभ शुक्ला, पशु चिकित्साधिकारी तथा डब्लू0एच0ओ0 से पूजा सिंह उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सभी उपस्थिति लोगो को संचारी रोगो से बचने के उपाय तथा कर्तव्यों का प्रशिक्षण दिया गया।

### जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त प्लान आफ एक्शन वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुक्रम में प्रभारी जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्रीमती वन्दना सिंह तथा अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा की देखरेख में गुरुवार को ष्पशु क्रूरता एवं पशु संरक्षणष् विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन जिले की बीकापुर तहसील में किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान तहसील बीकापुर में पीएलवी हरिओम वर्मा,लोकेश पाठक व तहसील के कर्मचारी उपस्थित रहे।जागरूकता कार्यक्रम में पशु क्रूरता एवं पशु संरक्षण विषय पर लोगो को पशुओं की उपयोगिता एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया तथा पशुओं के संरक्षण पर लोगो को जागरूक किया गया तथा उनके पालन हेतु विशेष बल दिया गया।बताया गया कि पशुओं का मानव जीवन के उत्थान में विशेष महत्व है।

### जल निकासी की सुविधा न होने से नारकीय जीवन जी रहे वार्डवासी

**उतरौला (बलरामपुर)।** मोहल्ला सुभाष नगर के वार्ड संख्या 2 हाटन रोड स्थित अशोक गुप्ता के मकान से लेकर रामलाल पंसारी तक के मकान के पीछे से होते हुए स्व नारायण राइस मिल के पास स्थित तालाब में पानी का निकास के लिए बनी नाली पूरी तरह जर्जर टूटी और कूड़े से पटी हुई है। पानी का निकास न हो पाने के कारण लोगों के घरों में पानी घुसता रहता है?। वार्डवासी अभिषेक वर्मा, संजय गुप्ता, राजेश वर्मा, आलोक, आशीष गुप्ता आदि ने इस नाली का पुनः निर्माण कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से किया है। जिससे जल निकासी की समस्या से वार्ड वासियों को निजात मिल सके। बरसात शुरू हो चुका है इस आबादी वाले क्षेत्र के घरों में पानी भर जाता है। जल निकासी की सुविधा न होने के कारण लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। नाली और तालाब में भरा कूड़ा, कचरा और गंदगी से उठने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। वार्ड वासियों के मुताबिक संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना उत्पन्न हो गया है। नगर पालिका इस समस्या से अंजान बना हुआ है।

### ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की सहमति से हैंडपंप में डाली गयी थी समर्सेबिल

**कालपी (जालौन)।** ग्राम पंचायत सतरहजू में सरकारी हैंडपम्प में समर्सेविल ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की सहमति से ही डाली गई थी। गुरूवार को बडी संख्या में तहसील आये ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को जानकारी दी है। विदित हो कि गत दिनों पहले सतरहजू ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर बताया जाएगा कि कुछ लोगों ने सरकारी हैंडपम्प में समर डाल ली है जिससे जनता को परेशानी होती है जिस पर एसडीएम ने संबंधित को जाँच कर कार्यवाही के आदेश दिये थे लेकिन गुरूवार को बडी संख्या में आये उक्त गांव के वाशिंदों ने उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह को शिकायती पत्र सौंपा है जिसमे उन्होंने कहा कि उक्त हैंडपम्प काफी दिनों से पानी देना बंद कर गया था जिसकी शिकायत की गई थी और अब जलनिगम ने उसमे रिवोर कर दिया है लेकिन उसमें खारा पानी निकलने लगा था जिसके चलते ग्रामीणों और प्रधान की सहमति से उसमे समर्सेविल डाल दी गई थी जिसमे 20 मिनट पानी चलाने के बाद पीने योग्य पानी निकलने लगता है और इसी से बड़ी संख्या में ग्रामीण प्यास बुझाते है। इस दौरान ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायतकर्ता वही पर अपनी समर्सेविल लगाए हुए हैं और वह लोगों से पानी भरने के एवज में 200 रुपये भी मांगता है। इस दौरान मौके पर दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे हैं।

### बीईओ महेबा ने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सिम बांटे

**कालपी (जालौन)।** अब परिषदीय विद्यालयों के भी कामकाज आनलाईन होगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने महेवा ब्लाक क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों को सिम दिए हैं। विदित हो कि परिषदीय शिक्षा में सुधार लाने के लिए शासन ने परिषदीय विद्यालयों के कामकाज को भी तकनीक से युक्त करने की कवायद शुरू की है जिसके तहत अब शिक्षकों की उपस्थिति से लेकर अवकाश तथा छात्रो के समस्त जानकारियों को आनलाईन किया जाना है जिसकी कवायद तो पहले से ही शुरू हो गई थी लेकिन अब यह प्रक्रिया तेज हो गई है जिसके तहत वुधवार को खण्ड शिक्षाधिकारी ने महेवा ब्लाक के सभी प्रधानाध्यापको को एयरटेल कम्पनी की सिम दी है जिसका खर्च सरकार वहन करेगी।

## धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**सिद्धौर** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत उस्मानपुर स्थित हनक बुद्ध विहार में क्षत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती समारोह मेला में विशाल भंडारा का आयोजन हरीप्रसाद हनक द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने क्षत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करके समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए जनता से अपील की विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक कुमार वर्मा विश्वास पवन कुमार वर्मा पूर्व प्रधान भिटौरा लखन ने मंच का संचालन करते हुए साहू जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला नागेश कुमार पटेल ने नशा से दूर होकर बच्चों को शिक्षित करने की शपथ जनता को दिलाई सूचना जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के कलाकार जमुना प्रसाद कनौजिया ने छत्रपति शाहू महाराज का जीवन चरित्र सुनाया मधनिषेध विभाग उत्तर प्रदेश सोने लाल यादव एंड पार्टी ने लोकगीत संस्कृत पार्टी संस्कृत निदेशालय उत्तर प्रदेश से रिजवी जादूगर आकाशवाणी दूरदर्शन के कलाकार आल्हा गायक महिपाल सिंह ने आल्हा छत्रपति शाहू जी महाराज जीवन चरित्र सुनाकर जनता का मन मोह लिया पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश से रघुनाथ आल्हा गायक रमेश चंद्र भारती एंड पार्टी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया भंडारा सुबह से रात तक चलता रहा शाहू जी महाराज की जयंती समारोह में मुख्य रूप से पवन कुमार गुप्ता सरवन कुमार वर्मा डॉक्टर अवधेश कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय गंगाराम वर्मा हरिश्चंद्र पांडे एडवोकेट शैलेंद्र वर्मा एडवोकेट राकेश गौतम सुरेंद्र वर्मा किराना वाले आशाराम रामनाथ वर्मा राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा दिलीप कुमार वर्मा प्रधानाध्यापक वेद माता गायत्री विद्यालय उस्मानपुर सत्येंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट एस डी वर्मा दीपक कुमार गौतम रंजीत कुमार (जुग्गन) भारत प्रसाद शिवम कुमार आर्टिस्ट देशराज सतीश वीरेंद गौतम रामहेत अवध रानी अंजू राममिलन गौतम संदीप गौतम लखनऊ शिव कैलाश गौतम परसा प्रांजल गौतम सुधांजल गौतम खुशी गौतम भीमसेन गौतम सूरज गौतम सारजन गौतम सोमनाथ गौतम लायक राम गौतम प्रमोद पेंटर छतौनी जयचंद अजौवा कल्लू बहेलिया अरविंद गौतम राम कुमार मास्टर मलखान गौतम पलक गौतम भानू गौतम भीम सेन राहुल आकाश आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अब दारूबाज पति को शबक सिखाएगी पत्नी, मुकदमा दर्ज कराया

**जैदपुर बाराबंकी।** दारूबाज पति की मारपीट से परेशान ,पीडित पत्नी ने जैदपुर थाना में शिकायत कर जबरन जेवर आदि की मांग कर बेचने व लात घुसों डंडों से मारने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा दारूबाज पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। पूरा मामला बाराबंकी जिले के थाना जैदपुर क्षेत्र के असरापुर गांव का है। जहां की नसरीन बानों पत्नी जलालुद्दीन ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये आरोप लगाया है। कि उनका पति जलालुद्दीन दारू शराब का अधिक सेवन करता है। दिनांक,25/6/2024 की शाम को पांच बजे पीड़ित से दारू पीने हेतु बेचने के लिये सोने की माला मांगने लगा। जिसे देने इंकार करने पर पति ने पत्नी को गंदी गालियां देते हुये लात घूसों व लाठी व धारदार से मारा पीटा, इस पूर्व घर के तमाम जेवरात शराब के नशे हेतु नष्ट कर चुका है।

## स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए वितरण किया गया कूड़ादान

**उतरौला(बलरामपुर)।** स्वच्छता अभियान को गति देने एवं नगर पालिका क्षेत्र को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से उतरौला नगरपालिका क्षेत्र के सभी घरों में कचरा रखने हेतु 20 लीटर का कूड़ादान वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को मोहल्ला पटेल नगर के वार्ड नंबर 24 में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता एवं सभासद मोहम्मद रिजवान के द्वारा वार्डवासियों को कूड़ादान वितरित किया। लोगों से अपील करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि आप लोगों के सहयोग के बिना नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर नहीं बनाया जा सकता है। आप लोग अपने अपने घर के कचरे को कूड़ेदान में रखें, बीच सड़क व घर के बाहर न फेंके। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के सभी घरों में डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। शेष बचे घरों में जल्द ही डस्टबिन का वितरण किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र का कोई भी घर नहीं छूटेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि सफाई कर्मियों के द्वारा प्रतिदिन सभी घरों से कचरे का उठान किया जाएगा। वितरण सूची में किसी कारणवश नाम न होने पर उन्हें पालिका अध्यक्ष के कोटे से कूड़ादन दिया जाएगा। सभासद मोहम्मद रिजवान ने वार्ड वासियों से अपील करते हुए कहा कि घरों से निकलने वाला कचरा डस्टबिन में रखें। घर के बाहर सड़क पर या इधर-उधर कचरा ना फैलाएं। जब कचरा उठाने के लिए नगर पालिका की गाड़ी वार्ड में आए तो डस्टबिन अपने घर के बाहर रख दें। सफाई कर्मी डस्टबिन का कचरा कचरे वाली गाड़ी में डालने के बाद पुनः डस्टबिन आपके घर के सामने रख देगा।

## दिवंगजनों के कल्याण की परियोजनाओं के लिए एनजीओ से प्रस्ताव आमंत्रित

**बाराबंकी।** जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ ÷राज्य निधि÷ मद में वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने के चार प्रकार के का प्राविधान है। उ0प्र0 के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। उ0प्र0 के दिव्यांगजन जिनका खेल / ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता की योजनाएं संचालित की जानी हैं। दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों, अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हो, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता। दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सम्बद्ध हितधारकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम (इन सर्विस प्रोग्राम) हेतु वित्तीय सहायता। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सरकारी / गैरसरकारी संस्थाएं एवं दिव्यांगजनों को अवगत कराना है कि ÷राज्य निधि÷ से दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव विभाग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, बाराबंकी में एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यक कार्यवाही कर प्राप्त प्रस्ताव निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित किया जा सके।

## दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमों ने किया प्रतिभाग

बेलहरा बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**कस्बा फतेहपुर** के ऐतिहासिक यशोदा बाग ग्राउंड पर बुधवार रात दो दिवसीय फतेहपुर प्रथम नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया।

फाइनल मैच अन्वी ग्रुप सूरतगंज एवं नानपारा वारियर्स के मध्य खेला गया। कुल 16 टीमों ने टूर्नामेंट में प्रतिभाग किया। नाटआउट आधार पर खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मैच मे नानपारा वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर मे 73 रन बनाए।जवाब मे अन्वी ग्रुप सूरतगंज 6 ओवर मे केवल 72 रन बना पाई। नानपारा वारियर्स ने 1 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन की ओर से 1 लाख रुपए एवं ट्रॉफी दी गई जबकि उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए एवं ट्रॉफी समाजसेवी मो. आलम मियां की ओर से दिया गया। मैन ऑफ दी सीरीज 5100 रुपए एवं ट्रॉफी अदनान शेख एवं प्रत्येक मैच का मैंन ऑफ दी मैच पुरस्कार अबूजर सनम अंसारी द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने बल्लेबाज प्रदीप यादव को 2 बार में 3 लगातार 6 लगाने पर 10200 रुपए नकद देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक नोमान शेख ने फतेहपुर क्रिकेट इतिहास मे पहली बार टूर्नामेंट का भव्य आयोजन कर प्रशंसा बटोरी। टूर्नामेंट के आयोजन मे निजामुद्दीन,मो वहीद, गुफरान ठेकेदार, मो शरीफ,अबूजर अंसारी, रेहान खान, शेख शहाबुद्दीन, डा रियाजुद्दीन ने अपना सहयोग दिया। पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम मे चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, निजामुद्दीन एवं मो आलम मिया ने संयुक्त रूप से पुरुस्कार वितरित किए। इस अवसर पर रेहान हैदर,चन्दन जायसवाल, पिंकी, पंकज श्रीवास्तव, खालिद बाबा, एड मो आमिर, जावेद अख्तर, पूर्व सभासद खलीक अहमद पप्पू, अलीम शेख, मो आलम कुरैशी, कबीर खान, सिराज आलम, रेहान खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# सदर कोतवाली की नाक के नीचे दबंगों ने लहराई बंदूकें

- शहीद भगत सिंह चौराहे पर आम खरीदने को लेकर हुआ था विवाद

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**एक ओर** जहां पुलिस के आला अधिकारी जनपद में क्राइम कंट्रोल करने में कोई कोर असर नहीं छोड़ रहे हैं तो वहीं सदर कोतवाली पुलिस की शिथिलता के चलते दिन दहाड़े कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित शहीद भगत सिंह चौराहे पर कुछ दबंगों ने एक फ्ल की ठिलिया पर बातचीत को लेकर हुये विवाद में फ्ल वाले के सीने असलहा लगा दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनसीआर में मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति कर डाली।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवारा की रात्रि नगर के शहीद भगत सिंह चौराहे पर शांतिपूर्ण माहौल था लोग वाहनों से इधर से उधर जा रहे थे तभी कुछ दबंगों की एक फ्ल बिक्रेता से किसी बात को लेकर बहस शुरू हुई तो उन्होंने लाइसेंसी असलहा फ्ल विक्रेता के सीने में अड़ा दिया। चूंकि उस दौरान चौराहे पर अच्छी खासी भीड़ थी तो कुछ लोगों ने उसका वीडिया अपने मोबाइल में कैद कर लिया। इसके बाद जब उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सदर कोतवाली पुलिस हांफ्ती हुयी चौराहे पर पहुंची और पूरे मामले के बारे में जानकारी करने में जुट गयी। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि कोतवाली के चंद कदम की दूरी पर असलहाधारी में इतनी हिम्मत कहां से आ गयी तो वह बीच चौराहे पर फ्ल विक्रेता के सीने में असलहा अड़ा दे। सवाल यह उठता है कि यदि कोतवाली पुलिस का यही ढर्रा रहा तो नगरवासियों को सुरक्षा का ऐहसास कैसे हो पायेगा। यह एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर कोतवाली के मुखिया के पास भी नहीं होगा। हालांकि जिले के ईमानदार पुलिस अधीक्षक ने हर चौराहे पर होमगार्ड सिपाहियों की एवं पुलिस कांस्टेबलों की तैनाती कर रखी है ताकि अपराधों पर नियंत्रण किया जा सके। उरई कोतवाली की स्थितियां तो कुछ और ही बयां कर रही है पूरे जनपद का सबसे प्रमुख चौराहा शहीद भगत सिंह अर्थात मच्छर चौराहा अर्थात मच्छर चौराहा कोतवाली से चंद कदम दूर ही है दबंगों द्वारा एक छोटी सी बात को लिकर बंदूक लहराना अपराधियों के मन में पुलिस का डर अब खत्म हो चुका है इस बात को दर्शाता है वहीं घटना के चश्मादीद ने बताया की आम बेचने वाला हाथ पैर जोड़कर भीख मांगता रहा लेकिन दबंगों ने उसकी छाती पर बंदूक कर दी और उसकी एक न सुनी। समाचार लिखे जाने तक इस बात की जानकारी मिली है कि कोतवाली पुलिस आरोपी के विरुद्ध एनसीआर में मुकदमा दर्ज करने खानापूर्ति करने की तैयारी में जुट गयी थी।

### घटना के दौरान चौराहे पर तमाशबीन खड़ी रही पुलिस पिकैट

**उरई।** नगर के सबसे व्यस्ततम चौराहा शहीद भगत सिंह पर बुधवार की रात्रि जो कुछ भी नजारा वीडियो में कैद हुआ उसे देखने के बाद नगरवासियों में सिहरन दौड़ गयी। लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जिस दौरान यह घटना घटित हुयी उस दौरान चौराहे पर चौबीस घंटे तैनात रहने वाली पुलिस पिकैट क्या तमाशबीन बनकर तमाशा देख रही है या फ्रि वह चौराहे से गायब थी। यह बात भी जांच का विषय हो सकती है।

### कोतवाल साहब का सीयूजी नंबर है यह नहीं उठेगा?

**उरई।** जब घटना के संबंध में इंस्पेक्टर उरई को उनके सीयूजी नंबर 9454403599 पर समय दोपहर 12 फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव करना भी जरूरी नहीं समझा और जब उनके व्यक्तिगत नंबर पर भी कॉल की गयी तो वह भी रिसीव नहीं हुई अन्य पत्रकारों के पूछने पर कोतवाल साहब ने कहा की घटना में आम बेंचने वाले की ही गलती बताते हुये कहना शुरू कर दिया कि वह शराब के नशे में आम बेंच रहा था इसीलिए दबंगों ने उसे पर बंदूक तान दी। कोतवाल की यह बात नगरवासियों के गले नहीं उतर रही है।

# अपर एसडीएम उतरौला के भ्रष्टाचार के विरोध में वकीलों ने किया बैठक

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**अपर** एसडीएम उतरौला राकेश कुमार जयंत के भ्रष्टाचार के विरोध में वकीलों ने गुरूवार को संघ भवन में एक बैठक की और उनके खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। वकीलों का उनके न्यायालय का कार्य बहिष्कार जारी रखा है।वकीलों ने चेतावनी दी है कि उनके रवैए में सुधार न होने तक उनके न्यायालय पर कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। वकीलों ने उनके भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी व राजस्व अधिकारियों से की है ?। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि अपर एसडीएम उतरौला राकेश कुमार जयन्त उन्हीं फाइलों का निस्तारण करते हैं जिसमें काफी रकम उन्हें मिल जाती रही है। अपर एसडीएम उतरौला के इस भ्रष्टाचारी रवैए पर कई वकीलों ने समय समय पर विरोध किया लेकिन उनके रवैए में सुधार नहीं हुआ। बीते मंगलवार को हनुमान जी का बड़ा मगल व भीषण गर्मी को देखते हुए वकीलों ने न्यायालय पर कार्य बहिष्कार किया था। इसकी सूचना सभी न्यायालय के साथ अपर एसडीएम उतरौला को भेजी गई लेकिन अपर एसडीएम उतरौला वकीलों के प्रस्ताव को न मानते हुए न्यायालय पर न्यायिक कार्य किया। अपर एसडीएम उतरौला के इस रवैए के विरोध में अधिवक्ता संघ उतरौला के कार्यकारणी की बैठक गुरूवार को अध्यक्ष प्रहलाद यादव की अध्यक्षता में हुई जिसमें अपर एसडीएम उतरौला के भ्रष्टाचार व वकीलों के प्रस्ताव का अनादर करने पर उनके न्यायालय पर कार्य बहिष्कार जारी रखा वकीलों ने उनके भ्रष्टाचार की सूचना जिलाधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया और उनके खिलाफ जांच करके कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर परशुराम यादव, सफीउल्ला खां, अब्दुल मोईद सिद्दीकी, मारकण्डेय मिश्रा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, आशीष कशौधन, राम चन्द्र जायसवाल, अखिलेश सिंह, अशोक कुमार दूबे, धर्मराज यादव,विजय श्रीवास्तव, बेनी माधव तिवारी, राम प्रताप चौधरी, राजन श्रीवास्तव, निजामुद्दीन अंसारी योगेश वर्मा, तुलसीराम यादव,दीपक श्रीवास्तव, राम शंकर मौर्य, नसीम अहमद, लालजी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए: डीएम

- पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना में इस वित्तीय वर्ष जनपद को 1340 लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने का है लक्ष्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



गुरुवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में समाज कल्याण, महिला कल्याण, अल्पसंख्यक, पिछडा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन आदि विभागों द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओ के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी कहा कि पहले आओ पहले पाओ पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना में इस वित्तीय वर्ष जनपद को 1340 लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रत्येक पात्र आवेदक को रुपए 2000 उनके बैंक खाते में प्रेषित किया जाएगा। योजना का लाभ पाने के लिए जिस लड़की की शादी हो रही है उसके अभिभावक के द्वारा विभागीय वेबसाइट पर शादी के 90 दिन पहले अथवा शादी के 90 दिन के अंदर ऑनलाइन आवेदन किया जाना अनिवार्य है उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा इस बार आवेदक की वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर रुपए 01 लाख तक कर दिया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा इच्छुक आवेदकों से योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की गई है। योजना में प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर लाभान्वित किए जाने का प्रावधान है। डीएम ने छात्रवृत्ति वितरण, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, ओ लेवल/सीसीसी प्रशिक्षण आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। सरकार की मंशा है कि गरीब तबके के लोगों को भी सभी सुविधा मुहैया करायी जाये।डीएम ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत शिक्षण हेतु गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों का छात्र-छात्राओं द्वारा समय-समय पर फीडबैक लिया जाए और जिन शिक्षको द्वारा लापरवाही पाई जाती है तो उन्हें हटाकर दूसरे शिक्षक को रखा जाए। बच्चों के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। जब शिक्षा बेहतर होगी तभी बच्चों का भविष्य उज्जवल बनेगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### कोई भी पात्र लाभार्थी पेंशन से वंचित न रहे

कन्नौज,समृद्धि न्यूज।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में माह अप्रैल तक कुल 61776 वृद्धा पेंशन, 32663 निराश्रित महिला पेंशन, 14794 दिव्यांग पेंशन धारकों को पेंशन दी गई है। कहा कि पात्र धारकों के लिए संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई की जाए, जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी पेंशन से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पेंशन से संबंधित जानकारी हेल्पलाइन नंबर 1077 से प्राप्त की जा सकती हैं। कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। दिव्यांग बच्चों के माता-पिता के साथ मीटिंग करें और सभी प्रकार की दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दें। डीएम ने निर्देशित किया कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाए और किसी प्रकार के नशे की सामग्री नहीं होना चाहिए निरन्तर निरीक्षण किया जाये। कहा कि पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धा आश्रम में कुल 120 लोगों के नाम पंजीकृत है, जिन्हें स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये।

**सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाएं, जीवन सुरक्षित बनाएं**

# बिना फिटनेस के एलपीजी वाहनों को किया जाए सीज: डीएम



- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बेहतर रणनीति बनाकर कार्य किए जाने के दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**दुर्घटनाओं पर** अंकुश लगाने हेतु बेहतर रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। यातायात नियमों का प्रत्येक दशा में कड़ाई से पालन कराया जाए। उक्त निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट गांधी के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए।

उन्होंने निर्देश दिए जो डम्पर सडक पर हाई स्पीड चल रहे हैं, इससे अधिक दुर्घटनाएं हो रही है। इन पर रोक लगायी जाये जिससे दुर्घटनाओं पर विराम लग सके। उन्होने कहा कि कन्नौज से तिर्वा तक अधिक कट होने के कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं उन्होंने एनएचआई को निर्देश दिए की सड़क में अनाधिकृत कट को बंद किया जाये। कहा कि आगामी कावड यात्रा व अन्य त्योहारों के दृष्टिगत मेंहदीघाट रोड की मरम्मत करायी जाये। श्री शुक्ल ने एनएचआई व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को कडे निर्देश देते हुए कहा कि गोल कुंआ से पाल चौराहे तक डिवाइटर पर जो होर्डिग/बैनर लगा कर अतिक्रमण किया गया है उसको तत्काल हटवाया जाये। उन्होने यूपीडा व एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी अन्डरपास है उन पर लाइटों की व्यवस्था करायी जाये। कहा कि शहर के अन्दर आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश का नो-इन्ट्री का समय निर्धारित किया जाये। उन्होने एआरटीओ को निर्देश दिये कि जो बिना फिटनेस के एलपीजी वाहन चल रहे, उन पर कडी कार्यवाही करते हुये उन वाहनों को सीज किया जाये। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि स्कूलों में यातायात नियमों के जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाना, अंडर एज ड्राइविंग, वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न होना, स्कूल वाहन मानको के अनुरूप न पाए जाने पर, बिना फिटनेस वाहन का संचालन, व्यावसायिक वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस का ना लगे होना तथा अक्रियाशील होने की दशा में, मोडिफाइड साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न लगे होने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को यातायात नियमों का पालन कराने एवं अपने कर्तव्यो का निर्वहन निष्ठापूर्वक कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### 13 सीटों के लिए चयन प्रक्रिया में सैफी मंसूरी ने पाई दूसरी रैक

- एम्स से करेगी न्यूक्लियर मेडिसन टेक्नोलॉजीस एमएससी

**छिबरामऊ।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली मे एमएससी (न्यूक्लियर मेडिसन टेक्नोलॉजीस)की 13 सीटो के लिए हुई चयन प्रक्रिया मे नगर की बेटी सैफी मंसूरी ने दूसरी रैक हासिल की है।पढ़ाई पूरी होने के बाद वह कैसर कैसे जटिल रोगो के इलाज के लिए विशेषज्ञ बनेगी। छिबरामऊ नगर के मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी सपा नेता रईस मंसूरी की बेटी सैफी मंसूरी ने बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियो डायग्नोसिस एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई जनपद इटावा से टॉप किया था।इससे पहले कपिल मुनि कालेज बेबर जनपद मैनपुरी से इंटर व नगर के सिटी चिल्ड्रेन एकेडमी से हाई स्कूल की की थी। सैफी की मां मीना बानो वार्ड नम्बर 16 से सभासद है।सैफी का एक भाई विहार मे अध्यपक है। जब कि दुसरा भाई शिक्षक की तैयारी करने के साथ ही घर पर छोटे-छोटे बच्चो को शिक्षा दे रहा है।सैफी की इस उपलब्धि पर पूर्व चेयरमैन सुहाना रफी,उम्र फारुक बंटी,संतोष गुप्ता,आफाक खान,दीपू चौहान, रानू कुरैशी,दिनेश यादव, बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव चन्दजीत यादव समेत नगर के कई लोगो ने बधाई दी है।

### ताड के पेड़ से गिरकर हुई दलित की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम आमपुरवा निवासी प्रांशु पुत्र गिरीश चंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 25 जून की शाम गांव के ही राजेश, योगेश, आशीष, जनवेश ने उसके पिता गिरीश चंद्र से जाति सूचक गालियां देते हुए जबरिया ताड़ के पेड़ पर चढ़ा दिया। जिससे गिरकर उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। वही मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### छह लोगों से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम रूपपुर निवासी जसविंदर सिंह राजपूत पुत्र सुरेश चंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में गया गया है कि 25 जून की सुबह गांव के ही समर पाल राजपूत, शिवम कुमार, शिवम, अनमोल, सुमित, शेखर, अंजू, सनोज, धीरज द्वारा रास्ते से पिकअप गाड़ी निकालने के दौरान बाइक हटाने के विवाद को लेकर उसे व उसके भाई पुष्पेंद्र एवं उसकी मां कमला देवी, पिता सुरेश चंद्र, भतीजा शिवा, भतीजी कशिश के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### मस्जिद की मीनार पर आकाशीय बिजली गिरने से मचा हड़कंप

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में काले बादल छा गये तभी तेज हवाओं का दौर शुरू हुआ और देखते ही देखते तेज गति से पानी बरसना शुरू हो गया इस दौरान आकाशीय बिजली की कड़कड़ाती आवाज ने नगरवासियों को दहशतजदा कर दिया दर्जन भर से ज्यादा बार आकाशीय बिजली कड़कती रही और नगर के मोहल्ला आजाद नगर में स्थित मस्जिद की मीनार पर तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी तो उसकी आवाज सुनकर एकबारगी तो मोहल्लेवासी दहशतजदा हो गये। गनीमत यह रही कि आकाशीय बिजली गिरने से किसी भी तरह की जनहानि ही नहीं हुई लेकिन मस्जिद की मीनार व उसका छज्जा जरूर क्षतिग्रस्त हो गया।

# एक जुलाई से जिले में चलेगा स्कूल चलो अभियान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि 15 जुलाई से सभी अध्यापकों की उपस्थिति ऑनलाइन शुरू की जाए। अध्यापक और बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत होनी चाहिए। 1 अप्रैल से 20 मई तक 6912 नए बच्चो के एडमिशन होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की 1 जुलाई से स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम चलाए जाएं और परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकन की गति प्रदान की जाए। टीचर्स विद्यालय से शिक्षण समय के बाद अपने-अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में अभिभावकों को बताऐं और नए बच्चों के एडमिशन कराये। आर.बी.एस.के. टीम द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण समय-समय कर मूलभूत सुविधाओं पर निगरानी की जाए। शतप्रतिशत बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाये। मिड्डेमील रोस्टर के अनुसार दिया जाए और भोजन के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। चावल, नमक, मसाला आदि साफ सुथरे डिब्बो में रखा जाये। जो नए बच्चे आ रहे हैं उनके आधार बनाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निपुण भारत मिशन की आगामी कार्य योजना बना ली जाए। सभी विद्यालय निपुण होने चाहिए। समय सारणी के अनुसार शिक्षण दिया जाये और समस्त कक्षाओं में शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग किया जाये। समस्त कक्षाओं में निपुण का जो मानक है उसी अनुसार कार्य किया जाये, आलस्य छोडकर धरातल पर कार्य करें। बच्चों के भविष्य के साथ किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस कार्य मे एबीएसए रुचि लेकर कार्य करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि बच्चों को किताबे समय से वितरित करा दी जाये और जो किताबे शेष बचे, उन्हें एकत्रित कराकर उचित स्थान पर रखा दी जाये। संबंधित अधिकारी विद्यालयों में निरीक्षण करें और प्रेरणा एप्प पर पोस्ट करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में विद्यालय परिसर साफ सुथरा होना चाहिए। किसी भी कार्य को लिमिट में निर्धारित न करें, कार्य को बढ़-चढ़ कर करेगें तो बच्चों का भविष्य निश्चित ही उज्जवल होकर रहेगा। समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण एवं बच्चों का परीक्षण करते रहे और प्रत्येक बच्चा शिक्षा में बेहतर हो, इस पर फोकस करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा आदि सबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में विटामिन-ए सम्पूरण अभियान हुआ प्रारंभ

- रतौंधी से लड़ने तथा कुपोषण से बचाव के लिए बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन-ए की खुराक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**विटामिन ए** संपूरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को विटामिन ए संपूरण (VAS)अभियान शुरू हुआ जिसके तहत नौ मांह से पाँच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। यह अभियान 25 जुलाई तक चलेगा। इसी क्रम में विनोद दीक्षित चिकित्सालय स्थित महिला चिकित्सालय पीपीसी पर बच्चों को को विटामिन ए की दवा पिलाकर शुभारंभ किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विनोद कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान 09 माह से 05 वर्ष तक के 2 लाख 512 बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जाएगा। जिसमें पूरे जनपद की समस्त ए.एन.एम सहयोग करेंगी। 9 मांह से 12 माह के बच्चे को विटामिन-ए की एक एम.एल (आधा चम्मच) की खुराक नियमित टीकाकरण सत्र के दौरान मीजल्स -रूबेला(एम.आर) के प्रथम टीके के साथ दी जायेगी। 16 मांह से 24 माह के बच्चों को एमआर के दूसरे टीके के साथ और दो से 5 साल तक के बच्चों को छह-छह माह के अन्तराल पर विटामिन-ए सम्पूरण अभियान के दौरान विटामिन-ए की दो एमएल की खुराक दी जाएगी। दो खुराकों की बीच चार माह से ज्यादा का अन्तर होना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि विटामिन ए रतौंधी जैसे नेत्र रोगों की रोकथाम, आँख की परत, कॉर्निया की सुरक्षा करने में कारगर है। बच्चों को विटामिन ए की दवा से आच्छादित करने पर डायरिया और खसरे से होने वाली मौतों में कमी आने के साथ ही बाल मृत्यु दर में भी कमी आयी है 7 यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है, कुपोषण से बचाता है और शारीरिक विकास में मदद करता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य के अनुरूप जनपद की समस्त ए.एन.एम को विटामिन-ए की बोतलों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध करा दी गयी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. ओ पी गौतम ने बताया कि पिछले दिसंबर माह में आयोजित विटामिन ए संपूरण अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था।

# प्रेमी युगल ने एक साथ ट्रेन के आगे छलांग लगाकर मौत को गले लगाया

- दोनों मृतक रिश्ते में भाई-बहिन लगते थे
- घटना की जानकारी मिलते ही दोनों के परिजनों मौके पर पहुंचे

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**प्यार परवान नहीं** चढ़ा तो प्रेमी युगल ने जान दे दी। गुरुवार सुबह उन्होंने दुपट्टे में एक दूसरे को बांधकर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी थी। दोनों पहले से ही एक दूसरे के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। गुरुवार सुबह लगभग 5 बजे छौंक गांव के ग्रामीण दैनिक दिनचर्या के लिए घरों से खेतों की तरफ निकले थे इसी बीच उन्होंने देखा कि रेल पटरी पर एक युवक और युवती एक साथ पटरी पर खड़े है और झाँसी की तरफ से रेलगाड़ी आने की आवाज आ रही है और जब तक वह लोग युगल तक पहुंचते इससे रेलगाड़ी आ गयी और उन्हें रौंदते हुए निकल गई थी। इस घटना में मौके पर ही दोनो की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने युवक और युवती की मौत की सूचना पुलिस को दी तो आनन फानन मौके पर आये ज्ञान भारती पुलिस चौकी इंचार्ज जितेन्द्र कुमार ने दोनों शवों को कब्जे में लिया तो उनके पास से मिले दस्तावेजों से युवक की पहचान क्षेत्र के ग्राम बरदौली निवासी मनीष अहिरवार पुत्र ब्रजलाल उम्र 22 वर्ष तो युवती की शिनाख्त दीक्षा पुत्री नरेन्द्र कुमार उम्र 19 वर्ष निवासी हिंगुटा कोंच हाल निवास सुशील नगर उरई के रूप में हुई थी। घटना की सूचना घटनास्थल से महज कुछ दूर स्थित मृतक मनीष के घर पहुंची तो हड़कम्प मच गया और उसके बाद जो जानकारी सामने आई उसके मुताबिक मृतका युवक के चचेरे मामा की पुत्री थी जो रिश्ते में उसकी बहिन लगती थी लेकिन उनके बीच काफी दिनों से प्रेमप्रसंग चल रहा था और इसी के चलते युवती वुधवार को उरई स्थित घर से चुपचाप निकल आई थी और कालपी में आकर युवक से मिली थी और तभी से दोनों गायब थे इस दौरान परिजनों ने उनकी खोज भी की थी और उन्हें फोन पर ऐसा न करने की नसीहत दी थी जो शायद उन्हें मंजूर नही था। सूत्रों की माने तो उन्हें बुधवार रात गांव के आसपास साथ साथ देखा गया था हालांकि युवक घर जाने का साहस नहीं जुटा पाया था लेकिन साथ जी न सके तो साथ मरने की कसम लेकर गुरूवार सुबह उन्होंने एक साथ रेलगाड़ी के आगे कूंदकर जान दे दी है। पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर एक साथ पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**निर्देश** — ब्लॉक में शिक्षा की गुणवत्ता खराब पाये जाने पर बीईओ पर गिर सकती है गाज

# अवैध रुप से चल रहे स्कूल व कोचिंग सेंटर पर डीएम ने कार्रवाई के दिये आदेश

- विद्यालयों में ओआरएस का घोल उपलब्ध कराने के सीएमओ को निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक लेते डीएम — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभाग के 19 पैरामीटर पर समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र के जिन विद्यालयों में शौचालय नहीं है, बीएसए उनका प्रस्ताव उपलब्ध कराये। अपर जिलाधिकारी परीक्षण कर शासनादेश के अनुसार कायाकल्प कार्यक्रम में नगर पालिका द्वारा उक्त निर्माण कार्य करायें।

डीएम ने निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्र में जिन विद्यालयो में फर्श व बाउंड्रीवाल नहीं है उन क्षेत्रों के खंड विकास अधिकारी उन स्कूलों में बॉउंड्रीबाल व टाइल लगवाना सुनिश्चित करें। टाइल अच्छी क्वालिटी के व डबल चार्ज ही लगाये जाने के निर्देश दिये। बिना मान्यता के अनाधिकृत रूप से चल रहे विद्यालयों व स्कूल टाइम में चल रहे कोचिंग सेंटरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। स्कूलों में साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था करने के निर्देश दिये। सभी खंड शिक्षाधिकारी प्रतिमाह 50-50 विद्यालयों का निरीक्षण कर उनकी सभी व्यवस्थायों को सही कराएंगे। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में शुरुआत के 30 मिनिट सामान्य ज्ञान की जानकारी बच्चों को दी जाये व जिस ब्लॉक में शिक्षा की गुणवत्ता खराब पाई जायेगी वहां के खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिड-डे-मील का सभी सामान विद्यालयों में एक दिन पहले ही उपलब्ध करा दिया जाये, कोई भी समान खुला न खरीदा जाये। मिड-डे-मील की क्वालिटी में सुधार लाया जाये। सभी स्कूलों में बच्चों को नापकर दूध उपलब्ध कराया जाये जो भी अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण पर जाये वह स्कूलों का भ्रमण अवश्य करें। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन दिव्यांग बच्चों के विकलांगता प्रमाण पत्र बनने है, उनके लिये ब्लॉकवार टीमों का गठन कर ड्यूटी लगाकर बी0एस0ए0 को अवगत कराएंगे व सभी विद्यालयों में ओआरएस का घोल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में पौधरोपण कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध रुप से ऐसिड बेंचने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

- विक्रेता को ऐसिड लेने वाले व्यक्ति का आधार फोटो रजिस्टर में रखना होगा
- 18 से कम वर्ष के लोगों को नहीं बेंचा जाये
- एसडीएम प्रत्येक 15 दिन में करें निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



ऐसिड विक्रेताओं को दिशा निर्देश देते डीएम

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ऐसिड अटैक की घटनाओं को रोकने के लिये ऐसिड विक्रेताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने ऐसिड की बिक्री के समय खरीदने वाले का फोटोयुक्त एड्रेस प्रूफ लेने के निर्देश व किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को ऐसिड की बिक्री न की जाये। सभी एसडीएम प्रत्येक 15 दिन में अपने क्षेत्र की ऐसिड की दुकानों का स्थलीय निरीक्षण कर उनका स्टॉक चेक कर अपनी रिपोर्ट आबकारी अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सभी उप जिलाधिकारी ये सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में लाइसेंसी विक्रेता के अतिरिक्त कोई अन्य विक्रेता ऐसिड विक्रय न करें, जो भी अनाधिकृत व्यक्ति ऐसिड की बिक्री करेगा उस पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सभी विक्रेताओं द्वारा एक रजिस्टर तैयार किया जाये, जिसमे क्रेता द्वारा क्रय किये गये ऐसिड की मात्रा, क्रय का उद्देश्य, क्रेता का नाम व पता अंकित किया जाए तथा उसके पहचान पत्र की कॉपी भी लेने के निर्देश दिये। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर व ऐसिड विक्रेता उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांक: भूसा आपूर्ति/2024-25 दिनांक 27/06/2024

**भूसा आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथू द्वारा निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल सितवनपुर पिथू वर्ष 2024-25 में भूसा आपूर्ति हेतु दिनांक 28/06/2024 से 04/07/2024 की अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04/07/2024 को 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 28/06/2024 से 04/07/2024 तक अपरान्ह 2:00बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से 100-00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | स्वीकृत दर के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भूसा आपूर्ति | 3,000 कुंटल | 650 रुपया कुंटल | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम एवं शर्तें** ग्राम पंचायत कार्यालय के अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान- (शेरबहादुर सिंह) ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फरु0 सचिव- (अवधेश कुमार)






# सगी मां-बहन के हत्यारे को आजीवन कारावास

- 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित
- आरोपी की माँ ने संपत्ति से कर दिया था बेदखल
- हत्यारोपी युवक की बहन ने दर्ज करवाया था मुकदमा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**संपत्ति को** लेकर कलयुगी युवकों ने अपनी माँ और बहन की हत्या कर दी थी। जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने हत्या के मामले में लालू प्रसाद उर्फ विमल प्रताप पुत्र स्व0 द्वारिका प्रसाद निवासी कबाड़ वाली गली लालगेट को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

जानकारी के अनुसार बीते चार वर्षों पूर्व शहर कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के लालगेट के निकट कबाड़े वाली गली में बंद मकान में मां बेटी का शव मिला था। कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की बड़ी पुत्री जो कि दिल्ली अपनी ससुराल में रहती थी पड़ोसियों ने उसको सूचना दी थी। किरन देवी ने कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 21 जुलाई को फोन द्वारा सूचना मिली कि तुम्हारी माँ रामकली और बहन लक्ष्मी की हत्या कर दी गयी है। उनके शव घर के अंदर पड़े हैं। वादिनी अपने पति के साथ दिल्ली से फर्रुखाबाद आई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मां व बहन की गला दबाकर और लकड़ी की फट्टी से चोट मारकर हत्या की गई। मेरी मां से 14 जुलाई 2020 को 7 बजकर 55 मिनट पर लक्ष्मी की शादी के रिश्ते को लेकर बात हुई थी। उसने बोला था कि दीदी अम्मा इतनी दूर शादी नहीं करेगी। मेरी शादी फर्रुखाबाद में ही करेगी।



पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

घटना वाले दिन उसकी दो मिस्ड कॉल आयी थीं। उसके बाद उसका फोन बंद हो गया था। मेरा भाई लालू प्रसाद व उसकी पत्नी और उसके ससुरालीजन अक्सर मेरी मां व बहन के साथ मारपीट करते रहते थे। मां ने भाई और भाभी को अपनी जायदाद से बेदखल कर दिया था। जिस पर मेरे भाई लालू ने जान से मारने की धमकी दी थी। जिससे मुझे अक्सर किसी अनहोनी की आशंका हर समय बनी रहती थी। मेरी माँ ने लक्ष्मी की शादी के लिए कुछ रुपये और गहने जोड़कर रखे थे। हत्या करने की धमकी लालू कई बार दे चुका था। आखिरकार लालू और उसकी पत्नी व ससुरालीजनों ने मिलकर हत्या कर दी थी। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लालू प्रसाद के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार की पैरवी के आधार पर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने लालू प्रसाद उर्फ विमल प्रताप को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# भैंस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, दो घायल

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**भैंस की** टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उसके पति सहित दो लोग घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हूसा निवासी 60 वर्षीय रामप्यारी फर्रुखाबाद में अपनी देवरानी सुनीता को अस्पताल से देखकर अपने पति रामअवतार व लालू प्रसाद पुत्र मसाल सिंह निवासी चिड़िया महोलिया के साथ बाइक से आ रहे थे। उसी दौरान नगला हूसा के निकट अचानक एक भैंस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे बाइक सवार महिला रामप्यारी, उसके पति रामअवतार व साथ में लालू प्रसाद घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया। जहाँ चिकित्सक प्रमित राजपूत ने रामप्यारी को मृत घोषित कर दिया। लालू की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि बाइक से गिरकर महिला की मौत हुई है। चौकी इंचार्ज विमल कुमार को पंचनामा की कार्रवाई के लिए भेजा गया है।



मौके पर मौजूद पुलिस — समृद्धि न्यूज

# लोहिया अस्पताल पुरुष/महिला की रसोई में खाने समेत आधा दर्जन भरे गये नमूने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एफ0एस0डी0ए0 ने** छापा मारकर जांच हेतु नमूने संग्रहीत किये। आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपब्ध कराये जाने एवं मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम व खाद्य/पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से गुरुवार को सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय/अभिहित अधिकारी सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिजेन्द्र कुमार, डॉ0 शैलेंद्र रावत, अरुण कुमार मिश्र, विमल कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा द्वारा डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल (पुरुष), आवास विकास के किचन (फर्म मेसर्स हंसराम कान्ट्रेक्टर) से हल्दी पाउडर व तैयार दाल अरहर का नमूना संग्रहीत किया गया। डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल (महिला), आवास विकास के किचन (फर्म मेसर्स रामचंद्र अनूप कुमार) से चावल व तैयार मूंग दाल का नमूना संग्रहीत किया गया। सब्जी मंडी कम्पिल स्थित आजाद खान के खाद्य प्रतिष्ठान आजाद ट्रेडर्स से खाद्य पदार्थ रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल (ब्राण्ड फ्यूचर डिलाइट) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। वहीं गंगा रोड शमशाबाद, मोहल्ला दलमीर खां स्थित नरेंद्र सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान अमित एजेंसी से खाद्ध पदार्थ मस्टर्ड ऑयल (ब्राण्ड फ्यूचर कच्ची घानी) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया।



लोहिया अस्पताल की रसोई से सैंपल भरते खाद्य सुरक्षा अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# साहसी बालिका संस्था ने यात्रियों को वितरित किया शरबत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**साहसी बालिका** संस्था कायमगंज द्वारा गुरुवार को स्टेशन कायमगंज पर शरबत एवं जल वितरण किया गया। ठंडा शरबत पीकर लोगों का गला तर हो गया। कार्यक्रम का आयोजन उप जिलाधिकारी यदुवंश कुमार, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार, स्टेशन मास्टर जनक सिंह मीणा, हवलदार ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा किया गया। सुबह 10 बजे कायमगंज से कानपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन, 12 बजे लखनऊ से कासगंज जाने वाली पैसेंजर ट्रेन, दोपहर 2.30 बजे कासगंज से कानपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन एवं शाम 4.30 बजे कायमगंज से लखनऊ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के सभी यात्रियों को एवं प्लेटफार्म पर उपस्थित सभी लोगों को साहसी बालिका संस्था की बालिकाओं ने शरबत वितरण किया। साहसी बालिका संस्था से खुशबू मिश्रा, शिल्की मिश्रा, अंकुर, शिवानी, निकिता, शायना, गरिमा, संजना, दिव्या, अंजू, कशिश, चांदनी, अरविंद कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



महिला को शरबत देते एसडीएम व संस्था की बालिकायें — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## पुरानी रंजिश के चलते घर के बाहर खड़े युवक पर झोंका फायर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश के चलते घर के बाहर खड़े युवक पर आरोपी ने जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। जिससे युवक बाल-बाल बच गया। गोली गेट से जा टकराई। पीड़ित की पत्नी ने थाने में तहरीर दी है। कस्बा नवाबगंज स्थित चिकन वाली गली निवासी सरिता देवी पत्नी रोहित कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनके ही पड़ोस के रहने वाले आरोपीगणों से पुरानी रंजिश चल रही है। जिसमें रोहित कुमार एक रिश्तेदारी में जा रहा था, तभी आरोपी सामने आ गए और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो आरोपी भागते हुए अपने घर में गए और धमकी देते हुए सीधे तमंचे से फायर कर दिया। जिस पर गोली युवक के न लगकर गेट में जा लगी। फायर की आवाज सुनते ही घनी आबादी के मोहल्ले में लोग एकदम मौके की ओर दौड़े। जिस पर आरोपी वहां से भाग निकले, तो पीड़ित ने आरोपी राजवीर उर्फ भूरे पुत्र रामचन्नी निवासी कस्बा नवाबगंज चिकन वाली गली के विरुद्ध तहरीर दी। घटना सुबह 8.55 बजे की है। इसलिए थाना सूचना पहुंचने पर पुलिस घटनास्थल पर थोड़ी देर से पहुंची। तब तक आरोपी वहां से अपने परिजनों को लेकर घर में ताला डालकर फरार हो गए। बताते चलें कि बीते दो वर्ष पूर्व विधानसभा चुनाव के दौरान राजवीर सिंह के पुत्र की सरसों के खेत में बोरी में बंद लाश मिली थी। जिसमें पीड़ित के भाई का भी नाम आया था और पीड़ित के भाई सहित तीन-चार लोग आरोपी बनाए गए थे। इसी बात से पीड़ित से वह लोग वह लोग रंजिश मानने लगे। वही पुरानी रंजिश को लेकर पीड़ित के साथ आरोपी ने आज घटना को अंजाम दिया।

## खेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। जिससे चार लोग घायल हो गये। घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराबोझी निवासी अरुण कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया वह बीती शाम अपने खेत पर काम कर रहा था, उसी समय गांव के उमेश यादव पुत्र कन्हैया लाल यादव, प्रवेश यादव पुत्र कन्हैया लाल यादव, अरुण कुमार पुत्र उमेश यादव, शिवम यादव पुत्र प्रवेश यादव आदि लोग एक होकर खेत पर आए और काम करने से मना किया। जिसका उसने विरोध किया। इसी बात से नाराज दबंगों ने अरुण कुमार को मारापीटा। बचाने आए पुत्र नवनीत उर्फ सोलंकी एवं भतीजे आयुष एवं प्रांजल को भी मारापीटा। जिससे चारों के चोटें आई हैं। पुलिस में घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। अरुण कुमार ने गांव के ही उपरोक्त चारों लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

## ट्यूबवेल का ताला तोड़कर पाइप चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने ट्यूबवेल का ताला तोड़कर पाइप चोरी कर लिया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पुराना गनीपुर निवासी पूरन प्रकाश चतुर्वेदी ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उसका गांव के बाहर ट्यूबवेल लगा हुआ है। बीती रात वह ताला बंद करके घर चला गया था। रात में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर ट्यूबवेल में रखा 50 किलो प्लास्टिक का पाइप चोरी कर लिया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

## अधेड़ महिला को सांप ने डसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधेड़ महिला को सांप ने डस लिया। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी मीरा देवी (50) पत्नी राम किशन को जहरीले सांप ने पैर में काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ उसका उपचार हुआ।

# युवक के गोली मारने में आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**युवक** के साथ मारपीट कर गोली मारने में तीन नामजद आरोपियों सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कौशलेंद्र सिंह पुत्र सिद्धनाथ निवासी आवास विकास हिंदुस्तान होटल के पीछे ने दर्ज करायी एफआईआर में कहा है कि वह अपने साथी अनुज प्रताप सिंह के साथ बन्नू मिष्ठान भंडारा गया था। उसी दौरान पहले से घात लगाये बैठे लकी पुत्र हिमांशु, लुक्का, राहुल व तीन अज्ञात ने कौशलेन्द्र व उसके दोस्त के साथ गाली-गलौज कर दिया। मना करने पर एक राय होकर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। अनुज के पैर में गोली लगी। पुलिस ने धारा 147, 307, 504, 506 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। शहर कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी को टीमें लगी हैं।



लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल

# जुलाई माह तक कैंप लगाकर सौ प्रतिशत बनाये जायें आधार कार्ड: डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में आधार नामांकन पैकेट्स के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में 97 प्रतिशत आधार का कवरेज है। जिसका कारण छोटे बच्चों का आधार न बना होना है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक क्षेत्र में सर्वे कर 0 से 05 वर्ष तक के कितने बच्चों के आधार बने हैं और कितने के आधार नहीं बने हैं इसकी सूची तैयार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ मिलकर अभियान चलायें व ग्रामवार कैम्प लगाकर जुलाई माह तक 100 प्रतिशत आधार बनवायें। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने बाले बच्चों के आधार वहीं बनाये जायें। डाक विभाग को निर्देशित किया कि वह अपनी 14 टीमें डीपीओ को उपलब्ध कराएं। जिससे ब्लॉकवार 02 -02 टीमें लगाकर आधार बनाये जा सकें। बीएसए को निर्देशित किया गया कि वह अपने सभी स्कूलों में सभी बच्चों का आधार बनवाना सुनिश्चित करें। जनपद में जिन पात्र व्यक्तियों पर राशनकार्ड नहीं है उनकी सूची बनाकर 15 दिन में उनका आवेदन कराया जाये। जनपद में फैमिली आईडी का कोई भी आवेदन लंवित न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# स्वास्थ्य टीम की टीम ने अस्पताल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



शासन से आयी स्वास्थ्य टीम — समृद्धि न्यूज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की सरकार में चलाई जा रही है राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत विभाग की टीम ने कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। टीम के प्रभारी ए0के0 अग्रवाल लगभग एक दर्जन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे उन्होंने जच्चा बच्चा केंद्र पर जाकर मौजूद मरीजों से बातचीत की एवं जरूरी निर्देश कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अजय यादव को दिए। वहीं लैबोरेट्री की भी जांच की एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भौतिक एवं वित्तीय निरीक्षण भी किया। साफ-सफाई विशेष तौर पर रखने के सख्त निर्देश दिए एवं समस्त स्टाफ को एकत्रित करके वीएचएनटी सत्र एवं स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत जानकारियां दीं। टीम के प्रभारी ए0के0 अग्रवाल ने कमालगंज के प्रभारी डॉक्टर अजय यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि स्टाफ की ड्यूटी परमानेंट गांव-गांव जाकर टीम में स्वास्थ्य की जांच करें। लोगों से कोई भी स्टाफ गलत रवैया नहीं अपनाये, नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी स्वास्थ्य योजनाओं का भरपूर प्रचार प्रसार करें। जन-जन तक सभी स्वास्थ्य योजनाओं को पहुंचाएं और लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलवाने में अपनी तरफ से पूरी मदद करें। इस दौरान कमालगंज स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय यादव, फार्मासिस्ट पवन कुमार, सुभाष कुमार, बंटू, संजीव कुमार, राजीव कटियार, नीलम गौतम, मुस्कान सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

लूट

सीओ व थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

# लाखों की नकदी से भरा झोला बाइकर्स लुटेरे लेकर फरार

- बाइक के हैंडिल में झोला टांगकर व्यापारी करने लगा बात

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**गल्ला आढ़ती** की बाइक पर टंगा नोटों से भरा झोला बाइकर्स लुटेरे लेकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने पर सीओ व कार्यवाहक थानाध्यक्ष ने पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा शीघ्र घटना का खुलासा करने की बात कही है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। व्यापारी ने बताया कि झोले में 1 लाख 84 हजार की नकदी थी। व्यापारी ने घटना के संबंध में अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज निवासी राजीव गुप्ता की कस्बे में फर्रुखाबाद रोड पर गल्ले की आढ़त है। वह गुरुवार सुबह लगभग 8.00 बजे अपने पड़ोसी गल्ला विक्रेता बिलग्राम सक्सेना की दुकान पर बाइक से बातचीत करने गए थे। जब वह गाड़ी दुकान के पास खड़ी करके बिलग्राम सक्सेना से बातचीत करने लगे, इसी बीच पीछे से आए दो काली अपाचे सवार लुटेरे झोला उड़ा ले गए। थोड़ी देर बाद जब राजीव गुप्ता की नजर बाइक पर पड़ी, तो बाइक पर झोला न टंगा देखकर उनके होश उड़ गए। इधर-उधर जांच पड़ताल की, लेकिन तब तक बाइकर्स लुटेरे काफी दूर जा चुके थे। राजीव गुप्ता के भतीजे पारस गुप्ता ने आसपास की दुकानों पर सीसीटीवी में लुटेरों की गाड़ी एवं उनके फुटेज देखे। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और जांच पड़ताल की। कार्यवाहक थानाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया मौके पर जांच की गई। शीघ्र घटना का खुलासा किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर व्यापारी से बात की और शीघ्र घटना का खुलासे करने की बात कही। आढ़ती राजीव गुप्ता ने बताया कि झोले में एक लाख 84 हजार की नकदी थी। घटना के संबंध में व्यापारी ने अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध तहरीर दी है।



व्यापारी से घटना की जानकारी करते थानाध्यक्ष व मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

# प्राइवेट कम्पनी द्वारा ठगी किये गये रुपये दिलाने की डीएम से पीड़ितों ने लगायी गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्राइवेट कम्पनी** द्वारा लोगों से ठगी किये जाने के बाद रुपये दिलाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर महिलाओं ने ज्ञापन दिया। बैनिंग ऑफ अनरेग्युलेट डिपॉजिट स्कीम एक्ट 2019 बनाकर ठग कम्पनीज एव ठग सोसायटी में डूबी जमा राशि को पीड़ितों ने 180 दिन जमा धनराशि के दो से तीन गुना वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। आवेदकों ने भुगतान करने हेतु भुगतान पटल एवं जिला प्रशासन द्वारा बंद कर दिया गया है, जो अनुचित है। स्थानीय अधिनियम और उसके अन्तर्गत नियुक्त सक्षम सहायक सक्षम अधिकारी को स्थायी रुप से सुनवाई करनी है। जो फतेहपुर में अभी तक आरम्भ नहीं हुई है। लाखों आवेदनों पर अभी तक नोटिस जारी नहीं किये गये है। जिससे निवेशक और कथित एजेंट साथियों में आपसी तनाव बना हुआ है। हाल में भुगतान न होने के कारण एक निवेशक ने एक एजेंट की गोली मारकर हत्या भी कर दी है। जो प्रशासन की लापरवाही के कारण हुई है। प्रशासन ने कानून विधि आरम्भ किया तो पीड़ितों का भुगतान हो गया होता। जिले में लाखों पीड़ित है। जिनकी परिश्रम से प्राप्त पूंजी सरकार और ठगों के पास फंसी है। जिला प्रशासन सक्षम अधिकारी वापस नहीं कर रहे है। जिस बजह से लाखों परिवारों के भूखे मरने की स्थिति बन गयी है। ऐसे में कानून के अन्तर्गत क्षेत्र में शिविर लगाकर ठगी पीड़ितों की जमा राशि का भुगतान कराया जाये। इस मौके पर बड़ी संख्या में पीड़ित मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पीड़ित — समृद्धि न्यूज

# शाही ट्रस्ट के प्रबंधक ने वक्फ मंत्री को कार्रवाई हेतु आठ सूत्रीय भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शाही ट्रस्ट के प्रबंधक काजी जफर शाह रिजवी ने मुख्यमंत्री एवं वक्फ मंत्री व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी फर्रुखाबाद को 8 सूत्रीय पत्र भेजकर कार्यवाही अमल में लाने के लिए मांग की है। भेजे गये पत्र में दर्शाया कि शिया औकाफ को बोर्ड की साजिश से बेंचा एवं नष्ट किया जा चुका है। 9 जून 2023 वक्फ नम्बर 187 करवला में दो पेज नकल का प्रार्थना पत्र दिया था। आज तक प्रार्थी को कुछ भी नहीं बताया गया। एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं हुई है। सीईओ की नियुक्ति हुई है। ऐसे में वक्फ संख्या 175 लोहाई रोड 7 जुलाई 1926 धारा 51/52 की कार्यवाही में 23 अप्रैल 2024 को सुनवाई के निर्णय के बाद सुरक्षित रख लिया गया। जिसका आज तक मुतबल्ली को बताया नहीं गया है। वक्फ नम्बर 188 कार्यवाही अतहर अब्बास एवं जमशेद के विरुद्ध चल रही थी। 19 सितम्बर 2023 को मुतबल्ली को नहीं बताया गया। वक्फ नम्बर 182 नवाब शाकिर अली खां की सम्पत्ति को मुतबल्ली जिसका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ऐहतिशाम हुसैन पुत्र शमशाद हुसैन निवासी घेरश्यामू खां ने भू-माफियाओं को बिक्री कर दिया गया है। जिसकी संबंधित अधिकारी को जानकारी दी। कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है। वक्फ नम्बर 181 नवाब जैबुनिशा बेगम मेंहदी बाग पर अवैध कब्जे को लेकर अल्पसंख्या कल्याण अधिकारी व बोर्ड के चेयरमैन को अवगत कराया गया। अभी तक कार्यवाही अमल में नहीं हुई है। वक्फ नम्बर 189 नवाब विलायती बेगम घेरश्यामू खां के मुतबल्ली ने माफियाओं को बिक्री कर दिया है। असिस्टेंट कमिश्नर ने माफिया घोषित कर दिया। जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। वक्फ नम्बर 195 असगर हुसैन के नाम बोर्ड में दर्ज है। मुतबल्ली रहीश हुसैन ने मदारवाड़ी स्थित जायदाद को खुर्दबुर्द कर दिया है। एफआईआर का आर्डर किया जाये। वक्फ नवाब खादिम हुसैन बहादुरगंज थाना मऊदरवाजा ने अवैध कब्जा कर बिक्री करना शुरु कर दिया है। कार्यालय को गुमराह किया गया है और बाधा डाला जा रहा है। नवाब बिलकीज जमानिया बेगम, नवाब तजमुल्ल हुसैन खां ने कब्रिस्तान व इमामवाड़ा जो प्राचीन वक्फ में से है। उक्त भू-माफिया ने के खिलाफ कार्यवाही की जाये, आदि मांगों को लेकर पत्र भेजा।

## खबरें एक नजर में

### हाईकोर्ट के आदेशानुसार पुर्नमतगणना आज, एसडीएम ने देखी तैयारियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा ज्योनी में बीते 2 वर्ष पूर्व हुए प्रधान पद के चुनाव में धांधली का आरोप लगाया गया था। इसको लेकर एक पक्ष हाईकोर्ट चला गया था। हाईकोर्ट में चली सुनवाई के बाद पुर्नमतगणना करने का आदेश दिया गया है। यह मतगणना आज सुबह 8 बजे होगी। जिसको लेकर विकास खंड स्तर पर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। कायमगंज यदुवंश कुमार वर्मा जब विकास खंड कार्यालय पहुंचे तो ठेकेदार के द्वारा लगाई गई बेरीकेडिंग जो की बोरियों में बालू भरकर उस पर पिलर खड़े किये गये थे जो थोड़ी ही देर में धराशायी हो गये। जिस पर एसडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने व्यवस्था सही करने के निर्देश एडीओ पंचायत कृष्णपाल को दिए। जिसमें उन्होंने बताया की मतगणना के लिए तीन टेबिल लगेंगी। जिस पर दो मतगणना कर्मी तथा एक सुपरविजन कर्मचारी लगेगा। वहीं आरओ के रूप में एक सुपरवाइजर को बैठाया जाएगा तथा निष्पक्षता से मतगणना कराने के निर्देश दिए। मत पेटिका फतेहगढ़ से लाने के लिए नायब तहसीलदार अनवर हुसैन तथा एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह को नामित किया गया।


मतगणना की तैयारियों का जायजा लेते एसडीएम

### जानवर बांधने का विरोध करने पर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जानवर बांधने का विरोध करने युवक महंगा पड़ गया। दबंगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सादिकपुर निवासी शिवशंकर पुत्र कैलास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुबह 8 बजे परिवार के ही ऋषीपाल पुत्र ऊधन व उसका पुत्र नन्हें, जवाहर, हरेंद्र आदि लोग उसकी जगह पर जानवर बांधते हैं। बीती शाम जब उसने जानवर बांधने का विरोध किया, तो उपरोक्त दबंगों ने पीड़ित शिवशंकर को लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुबह शिव शंकर ने थाने पहुंचकर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### करंट लगने से बच्ची की हालत बिगड़ी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** करंट लगने से बच्ची की हालत बिगड़ गयी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव मीरगंज निवासी रवेन्द्र की 5 वर्षीय पुत्री जान्हवी को घर में किसी कारणवश करंट लग गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहां उसका उपचार जारी है।

### बाइक की टक्कर से बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव अजमतपुर कुआंखेड़ा निवासी नितिन कुमार उम्र 7 वर्षीय पुत्र सतीशचन्द्र रोड क्रास कर रहा था, तभी सामने से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने उसके सामने से टक्कर मार दी। जिससे नितिन गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल नितिन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

### दबंगों ने मां-बेटे को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा सिरौली निवासी राजवती पत्नी सुरेश जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती रात अपने घर पर काम रही थी। उसी समय मोहल्ले का सनोज पुत्र श्रीकृष्ण जाटव उसके दरवाजे पर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। महिला ने जब गाली देने का विरोध किया, तो इसी बात से नाराज दबंगों ने महिला के साथ मारपीट कर दी और बचाने आए महिला के पुत्र अखिलेश को भी मारापीटा। सुबह थाने पहुंचकर महिला ने गांव के ही तीन लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### संस्कार भारती की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साहित्यिक संस्था संस्कार भारती की बैठक 28 जून को अध्यक्ष डा0 नवनीत गुप्ता के लाल दरवाजा स्थित निवास पर आयोजित होगी। सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की समीक्षा व गुरुपूर्णिमा को लेकर विचार विमर्श होगा। सभी सदस्यों को शाम 6 बजे बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों के तबादले दो सौ के गुणांक पर मैरिट लिस्ट से होंगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

> गंभीर बीमारी व दिव्यांगता पर मिलेगें 50 अंक

**राजकीय माध्यमिक** विद्यालयों के शिक्षकों के स्थानांतरण की नीति शासन ने घोषित कर दी है। जिसके अनुसार मेरिट के आधार पर शिक्षकों के तबादले किये जायेगें। गंभीर बीमारी व दिव्यांगता पर मेरिट में 20 अंक जुड़ेगें।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 200 के गुणांक पर ट्रांसफर की मैरिट तैयार की जायेगी। जिसमें शिक्षक की गंभीर बीमारी और दिव्यांगता पर 50 अंक दिये जायेगें। स्थानांतरण नीति के अनुसार राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों का स्थानांतरण मेरिट के आधार पर शासन ने किये जाने का निर्णय लिया है। 200 नम्बर के गुणांक के आधार पर तबदाले की मेरिट लिस्ट तैयार होगी। आवेदन में शिक्षक वरीयता के लिए पांच विद्यालयों का विकल्प भरेगें।

ऑनलाइन तबादले में बरीयता क्रम तय किया जायेगा। कैंसर आदि गंभीर बीमारी और जिनके पति-पत्नी, बच्चे किसी दुघर्टना में शारीरिक रुप से दिव्यांग या कैंसर से ग्रस्त है, ऐसे शिक्षकों के लिए 50-50 गुंणाक निर्धारित किये गये है। पति-पत्नी के दोनों के राजकीय सेवा में होने पर उन्हें एक ही जिले में स्थानांतरित किया जायेगा। यदि पति-पत्नी सैनिक, अर्द्धसैनिक केंद्रीय सेवा में प्रदेश में तैनात है तो इसके लिए 30 नम्बर का भारांक मिलेगा। माध्यमिक शिक्षा के विशेष सचिव उमेश चन्द्र ने स्थानांतरण नीति के तहत तबादले के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेज दिये है। डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह के मुताबिक सचिव के निर्देश से सभी प्रधानाचार्यों को अवगत करा दिया गया है।

## दर्जी ट्रेड के पात्रों का साक्षात्कार 1 से 3 जुलाई को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विश्वकर्मा** श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत परम्परागत कारीगरों एवं दस्तकारों के विकास एवं कौशल उन्नयन हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु 1 जुलाई से 3 जुलाई को दर्जी ट्रेड के पात्र प्रशिक्षार्थियों का चयन हेतु 1 अप्रैल से पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों का साक्षात्कार किया जाना है। साक्षात्कार कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र ठंडी सड़क फर्रुखाबाद केंद्र पर होगा। आवेदनकर्ता 10:30 बजे से साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। शैक्षिक व तकनीकी प्रमाण पत्रों के साथ पहुंचे। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग केंद्र जौहरी ने दी है।

# फार्मेसी की परीक्षा में 64 विद्यार्थियों ने छोड़ी परीक्षा


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते पर्यवेक्षक व प्रधानाचार्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज में चल रही फार्मेसी परीक्षा में प्रधानाचार्या केंद्र व्यवस्थापक दीपिका राजपूत द्वारा परीक्षा सम्पन्न करायी गई। पांच महाविद्यालयों के सेंटर जीजीआईसी में पड़े है। प्रथम पाली में 346 परीक्षार्थियों में से 291 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। 55 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 249 परीक्षार्थियों में से 240 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। 9 अनुपस्थित रहे। पर्यवेक्षकों की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न हुई। दोनों पालियों में 64 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

# बार काउंसिल आफ उ0प्र0 के पूर्व अध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में कचहरी फतेहगढ़ में बार काउंसिल आफ उ0प्र0 के पूर्व अध्यक्ष पाचूराम मौर्य का फूल माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। स्वागत से गदगद होते हुए पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान में कभी भी आंच नहीं आने दूंगा। हर समय आप सबके लिए उपस्थित रहूंगा। साथ ही उन्हें भगवान गौतम बुद्ध का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान यादव सिंह एडवोकेटए अखिलेश कुमार राजपूत एडवोकेट एजीवन सिंह एडवोकेटए बादाम सिंह शाक्य एडवोकेट, प्रताप सिंह, रंजना कश्यप, अमन वर्मा, सुभाष चंद्र, ईश्वरी कुमारी शाक्य, पवन शाक्य, अर्चना शर्मा, राहुल कुशवाहा, प्रेम प्रकाश सक्सेना आदि उपस्थित रहे।


पाचूराम मौर्य का स्वागत करते अधिवक्ता

# परिवार न्यायालय संबंधित 24 मामले अब तक लोक अदालत के लिए चिन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के द्वारा आगामी 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय के निर्देशन में अशोक कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में वैवाहिक एवं परिवारिक मामलों संबंधित तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया। परिवारिक मामलों से संबंधित तैयारी बैठक में अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों से अनुरोध किया गया। अगली बैठक में चिन्हित मामलों का विवरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। तैयारी बैठक में अधिवक्तागणों से अपेक्षा की गई कि अधिक से अधिक परिवारिक मामलों को लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित कराने में सहयोग करें। अभी तक परिवार न्यायालय में 24 मामले चिन्हित किये जा चुके है। इस मौके पर मध्यस्थ प्रमेश चन्द्र सक्सेना, स्नेहलता शाक्य, मनीष कुमार कश्यप, दीपक कुमार, रघुवीर दास, सतीश कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।


तैयारी बैठक लेते प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय — समृद्धि न्यूज

# मन को स्वच्छ रखने के लिए सर्वोत्तम उपाय सेवा: रजनीश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विद्या** भारती द्वारा भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दतिया गेट झांसी में चल रहे 10 दिवसीय नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के सातवें दिन प्रांतीय संगठन मंत्री रजनीश ने सैद्धांतिक सत्र में प्रशिक्षार्थियों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

आयोजित शिविर में सातवें दिन संगठन मंत्री रजनीश ने सैद्धांतिक सत्र में कहा कि मन को स्वच्छ रखने के लिए सर्वोत्तम उपाय सेवा करना है। 14 जिलों से आये प्रशिक्षार्थियों को सेवा क्षेत्र के विषय में उन्होंने चर्चा की। सेवा ही एकमात्र ऐसा आभूषण है जो हमारे जीवन को सार्थक सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण के साथ-साथ 8 जिलों से आए हुए 18 प्रांतीय विज्ञान टोली के आचार्य/प्रधानाचार्य की बैठक प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत अयोध्या प्रसाद मिश्र, प्रांत विज्ञान प्रमुख ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता एवं सह प्रांत विज्ञान प्रमुख राजीव सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। संचालन प्रधानाचार्या कल्पना सिंह ने किया। इस अवसर पर सन्तोष, नरेंद्र गुप्ता, भगवान सिंह सेंगर, शिवकरन, अजय कुमार दुबे, शिव सिंह, रत्नेश अवस्थी, राजबहादुर, आशीष दीक्षित, आशीष कुमार गुप्ता, मुन्नालाल, बृजपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित होते सम्भाग निरीक्षक — समृद्धि न्यूज

# दबंग भूमि पर कब्जे का कर रहे प्रयास, शिकायत डीएम से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कई वर्ष पूर्व खरीदी गई भूमि पर विक्रेता के परिजन दबंगई के बल पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। मना करने पर मारपीट व जानमाल की धमकी देने पर अमादा हो जाते है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। थाना अमृतपुर के क्षेत्र चाचूपुर जटपुरा निवासी सरला देवी पत्नी तेजबहादुर ने डीएम से लिखित शिकायत कर अवगत कराया कि मैने वर्ष 2003 में 14 डिसमिल भूमि गांव रहने वाली रामादेवी से 70 हजार रुपये में खरीदी थी। जिसकी रजिस्ट्री मेरे पास है। रामादेवी व उनके पति की मृत्यु हो जाने के बाद उनके बारिश मुकेश, उमेश, प्रमोद, मंजू पुत्रगण रामसेवक दबाव बना रहे है कि जो तुमने जगह हमारे मां-बाप से खरीदी है। उसे छोड़ दो, नहीं तो हम गुंडई के बल से तुमसे छीन लेंगे। आये दिन कब्जे का प्रयास करते है। मना करने पर जानमाल की धमकी देते है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी नितेश (24) मार्ग दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बसपा में फेरबदल रामदत्त बौद्ध बने जिलाध्यक्ष, वीर सिंह अम्बेडकर की छुट्टी

> विजय भास्कर व रामरतन गौतम को मिली जिला प्रभारी की जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बसपा सुप्रीमो** मायावती ने लोकसभा चुनाव की हार के बाद संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। मण्डल अध्यक्ष, सेक्टर के अलावा जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी बदले। फर्रुखाबाद का जिलाध्यक्ष रामदत्त बौद्ध को बनाया गया है। जिला प्रभारी की जिम्मेदारी विजय भास्कर को पुनः दी गई है। उनके साथ रामरतन गौतम भी जिला प्रभारी बने है। दोनों जिला प्रभारी कार्य देखेगें। लोकसभा चुनाव में हार के बाद वीर सिंह अम्बेडकर को जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया गया। उनकी जगह रामदत्त बौद्ध को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही विजय भास्कर व रामरतन गौतम प्रभारी के रुप में जनपद का कार्य देखेंगे। तीनों लोगों को दायित्व मिलने पर समर्थकों ने खुशी का इजहार करते हुए उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।


रामदत्त बौद्ध | विजय भास्कर | रामरतन गौतम

# भाकियू ने बैठक कर थानाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन अराजनैनिक द्वारा समस्याओं को लेकर शमशाबाद थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया।

गुरुवार को भाकियू अराजनैतिक गुट के जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत के नेतृत्व में कार्यालय गंगा रोड शमशाबाद में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर निस्तारण की मांग की गई। सीएचसी शमशाबाद में वर्तमान में एक फार्मासिस्ट के सहारे सेवाएं जारी है। जिलाध्यक्ष ने चार फार्मासिस्ट की नियुक्ति की मांग करते हुए कहा सभी फार्मासिस्टों की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाया जाए। जिससे आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला चिकित्सक की नियुक्ति कराई जाये। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा शमशाबाद से सिकंदरपुर तक रोड मार्ग बनाया जा रहा, सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण नहीं किया गया है। जिससे भविष्य में सड़कों के टूटने का खतरा बना हुआ है। सड़क निर्माण में दोनों तरफ नालियां बनवाये जाने की मांग। आवारा गोवंशों का भी मुद्दा उठाया गया। आवारा घूम रहे गोवंशों को पकड़वाकर गौशालाओं में छुड़वाये जाने की मांग की। मंडी समिति से जो रोड सिकंदरपुर तक बन रही है उसे नीबलपुर होते हुए सुल्तानपुर गोदाम नगला चौराहे तक बनवा जाए। जिससे इस क्षेत्र के भी लोगों को लाभ मिल सकें। जिलाधिकारी सम्बोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन थानाध्यक्ष शमशाबाद को सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत, संजय गंगवार, डॉ0 कैलाश चंद्र यादव, बृजेश कुमार राजपूत, जगदीश चंद्र राजपूत, सलमान अहमद, नरेश चंद्र गंगवार, मीरा देवी, रोशन लाल, रामनिवास, रामवरन आदि मौजूद रहे।


थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

# अमरनाथ यात्रा मार्ग पर होगी इलेक्ट्रॉनिक निगरानी

एजेंसी, पहलगाम।



प्रवेश नियंत्रण के लिए किये गए सुरक्षा उपाय

शनिवार से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पूरे यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था सहित अभूतपूर्व सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों को देखते हुए इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं, जिसमें शिव खोड़ी तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमला भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं, क्योंकि हाल के दिनों में आतंकवादियों ने निर्दोष तीर्थयात्रियों को निशाना बनाया है। वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी और अन्य अर्धसैनिक बलों के हजारों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

यात्रा शिविरों में सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती के अलावा अधिकारियों ने यात्रा क्षेत्र की हवाई निगरानी करने और अवांछित गतिविधियों और संदिग्ध तत्वों पर नजर रखने के लिए स्पॉटर्स को तैनात करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा उपायों के तहत काजीगुंड से पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों तक राष्ट्रीय राजमार्ग को सीसीटीवी निगरानी में लाया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा से संबंधित सभी वाहनों की आवाजाही पर चौबीसों घंटे नजर रखी जाएगी। इसी बीच यातायात विभाग ने गुरुवार को विशेष यातायात सलाह जारी की। उन्होंने पर्यटकों और यात्रियों सहित लोगों से अनुरोध किया है कि वे अनावश्यक असुविधा से बचने के लिए निर्देशों का सख्ती से पालन करें और अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाएं। अमरनाथ यात्रा पिछले कई वर्षों से शांतिपूर्ण रही है।

## जम्मू से अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज होगा रवाना

जम्मु-कश्मीर में पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से रवाना होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अमरनाथ श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को कल सुबह यात्री निवास से रवाना किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुचारू यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है। जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के साथ श्री अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने श्री अमरनाथ पवित्र यात्रा के लिए यात्री निवास में आने वाले तीर्थयात्रियों को सभी सुविधाएं और सेवाएं निर्बाध रूप से प्रदान करने के निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष के कामकाज की निगरानी करने तथा आवश्यक सेवाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जबकि परिवहन अधिकारियों को यात्रियों की जानकारी के लिए निजी टैक्सियों तथा तिपहिया वाहनों की दरों का व्यापक प्रचार करने को कहा।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल, प्रशासन और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की है। शांतिपूर्ण यात्रा के लिए एक बहु-स्तरीय सुरक्षा ग्रिड बनाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग, गुफा मार्गों और आधार शिविरों पर सैनिकों की पर्याप्त तैनाती के अलावा, निगरानी बनाए रखने के लिए तकनीक का अधिकतम उपयोग भी किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जम्मू में अमरनाथ आधारशिविर के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है, जिसका जिम्मा जम्मू-कश्मीर पुलिस की सुरक्षा शाखा के पास है। जम्मू से वार्षिक यात्रा की सुरक्षित शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों ने तलाशी और सैनिटाइजेशन अभियान चलाया है। जम्मू शहर में ठहरने की जगहों और पंजीकरण केंद्रों पर भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की परेशानी मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने गुफा मंदिर की ओर जाने वाली सड़क को उन्नत किया है।

इस बीच अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए जम्मू-कश्मीर यातायात पुलिस ने गुरुवार को यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध की घोषणा की। यातायात पुलिस की सलाह पर प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। ये प्रतिबंध 28 जून से 19 अगस्त के बीच लागू रहेंगे। पर्यटकों और यात्रियों सहित आम लोगों से अनावश्यक असुविधा से बचने के लिए निर्देशों का सख्ती से पालन करने तथा अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाने का आग्रह किया है।

# अगले सौ दिनों तक देश भर में चलेगा नशा मुक्त भारत अभियान




एजेंसी, नई दिल्ली।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ समाज में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अगले 100 दिनों तक देश भर के सभी जिलों में 'नशा मुक्त भारत अभियान' चलाएगा। इस दौरान एक करोड़ लोगों को जागरुक करने का लक्ष्य रखा गया है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर बुधवार देर शाम आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नशा मुक्त अभियान से जुड़ने के लिए सभी गैर-सरकारी और धार्मिक व आध्यात्मिक संगठनों की सराहना की।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एक करोड़ लोगों को जागरूक करेगा और समाज के सामूहिक प्रयासों से नशा मुक्त भारत अभियान को देश के सभी जिलों में ले जाएगा। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि नशे की लत को खत्म करने की चुनौती से निपटने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर इस सामाजिक उद्देश्य के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है।

# नीट पेपर लीक के खिलाफ युवा कांग्रेस ने किया संसद का घेराव

एजेंसी, नयी दिल्ली।




युवा कांग्रेस ने नीट-यूजी परीक्षा में धांधली के खिलाफ गुरुवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया जिसमें कई नवनिर्वाचित सांसदों तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. के नेतृत्व में यहां जंतर मंतर से संसद का घेराव के लिए एकत्रित हुए कार्यकर्ता जब संसद की तरफ बढ़ने लगे तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोका लेकिन उत्साहित कार्यकर्ता आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई युवा घायल हुए हैं।

पुलिस लगातार डंडे मारती रही जिसमें कई युवाओं को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने बाद में कई युवाओं को हिरासत में लिया जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा ''नीट-यूजी परीक्षा धांधली ने 24 लाख युवा छात्रों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

नीट परीक्षा में घोटाला सिर्फ 24 लाख छात्रों के साथ धोखा नही बल्कि देश की मेडिकल व्यवस्था और देश के भविष्य के साथ धोखा है।

आज देश में ऐसी कोई परीक्षा नहीं है, जिसमें धांधली न हो।

## सभापति ने संसद में राज्यसभा के छह नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ




नई दिल्ली, 27 जून (हि.स.)। उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को संसद भवन में राज्य सभा के छह नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।

आज शपथ ग्रहण करने वालों में बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, झारखंड से डॉ. सरफराज अहमद और प्रदीप कुमार वर्मा, मध्य प्रदेश से बंशीलाल गुर्जर, माया नरोलिया और बालयोगी उमेशनाथ शामिल हैं।

# आम आदमी पार्टी के संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन निरस्त

एजेंसी, नई दिल्ली।



आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह का राज्यसभा से निलंबन बृहस्पतिवार को निरस्त कर दिया गया जिसके साथ ही करीब एक वर्ष के बाद उनकी राज्यसभा की सदस्यता बहाल हो गयी।

अठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद बुलाये गये संसद सत्र में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद जब राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह को गत 24 जुलाई को सदन में अमर्यादित व्यवहार के लिए उच्च सदन की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने विभिन्न लंबित मामलों पर अपनी रिपोर्ट 26 जून को दे दी थी। इस रिपोर्ट में श्री सिंह को दोषी ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि लेकिन श्री सिंह अब तक इस मामले में पर्याप्त सजा भुगत चुके हैं इसलिए वह सदन के सभापति के नाते अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए श्री सिंह के निलंबन को निरस्त कर उनकी सदस्यता को बहाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री सिंह की सदस्यता 26 जून से प्रभावी मानी जायेगी।

श्री सिंह ने उनकी सदस्यता बहाल करने के लिए सभापति और विशेषाधिकार समिति के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि लगभग एक साल के बाद संसद में जाने की अनुमति प्राप्त हुई।

# सपा सांसद की संसद से सेंगोल हटाने की मांग पर बढ़ा विवाद

एजेंसी, नई दिल्ली।




18 वीं लोकसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आरके चौधरी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग तूल पकड़ती जा रही है। इस तरह की अजीबोगरीब मांग से देश हतप्रभ है तो अधिकांश सांसद इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का तरीका मान रहे हैं।

दरअसल, सपा के सांसद आरके चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है और इस जगह पर संविधान की प्रति रखने का अनुरोध किया है। आरके चौधरी ने यह भी कहा है कि सेंगोल राजा-महाराजाओं का प्रतीक है, जिसे संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया गया था। सेंगोल के खिलाफ सपा नेता के इस बयान की चहुंओर आलोचना हो रही है।

सपा सांसद आरके चौधरी की सेंगोल पर की गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पहले उनके बारे में बात करनी चाहिए जिनके साथ वे खड़े हैं, न कि संविधान के बारे में।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जब संसद में सेंगोल की स्थापना हुई थी, तब भी समाजवादी पार्टी सदन में थी, उस समय उनके सांसद क्या कर रहे थे और अब क्यों विरोध कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि सपा के जो सांसद ऐसा कह रहे हैं, उन्हें पहले संसदीय परंपराओं को जानना चाहिए और फिर बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस सेंगोल को हटाने की बात कर रहे हैं, वह स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे लगता है कि कहीं न कहीं उन्हें संविधान और संसदीय परंपराओं पर गौर करना चाहिए।

गोरखपुर से भाजपा के सांसद रवि किशन ने कहा कि सपा के सांसद कुछ भी कह सकते हैं। वे तो भगवान राम की जगह लेना चाहते हैं, पिछले दिनों उन्होंने अपने सांसद की तुलना भगवान राम से की थी। इन बातों का कोई मतलब नहीं है।

# एनआईए ने झारखंड के सिंहभूम जिले में माओवादियों के ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी, झाररखंड।




राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के सिंहभूम जिले में आज सुबह माओवादियों के ठिकानों पर छापेमारी की। इन ठिकानों की तलाशी के दौरान एनआईए की टीम ने मोबाइल फोन और दस्तावेज सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। एनआईए ने आज गुरुवार 27 जून को यह जानकारी दी। एनआईए के मुताबिक यह छापेमारी कूरियर मामले में की गई है। इसके तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के कई संदिग्धों और कार्यकर्ताओं के घरों और ठिकानों पर तलाशी ली गई है। इस दौरान चार स्थानों पर छापेमारी कर की गई।

एनआईए की यह कार्रवाई प्रतिबंधित माओवादी संगठन के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले तीन लोगों की गिरफ्तारी से जुड़े एक मामले में हुई, जो सीपीआई (माओवादी) के लिए कूरियर के रूप में काम कर रहे थे। एनआईए के मुताबिक तीनों माओवादी कार्यकर्ताओं को जुलाई 2022 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के बेरा केंदुडा स्कूल से पकड़ा गया था और उनके पास से एक आपत्तिजनक पत्र मिला था, जिसके कारण जिले के अन्य संदिग्ध कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई। एनआईए ने इस जांच को पिछले साल अगस्त माह में अपने हाथ में लिया था। इससे भी पहले जून माह में एनआईए ने झारखंड में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के फरार कमांडरों, जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं और मुख्य संगठनों के सदस्यों के घर और ठिकानों पर दो दिनों तक तलाशी ली थी। एनआईए के मुताबिक पिछले साल 30 जून को दर्ज मामले में झारखंड के गिरिडीह और बोकारो जिले में फैले लगभग 19 अलग-अलग ठिकानों पर तलाशी ली गई थी। एनआईए की जांच से पता चला था कि माओवादियों ने गिरिडीह जिले के दूरदराज के इलाकों में सड़क निर्माण परियोजनाओं से भारी मात्रा में लेवी वसूली है।

# पिता को लीवर दान कर सकेगी नाबालिग बेटी

- हाई कोर्ट से भी मिली अनुमति
- मेडिकल कॉलेज और प्रदेश सरकार ने पहले दे दी थी अनुमति

एजेंसी, इंदौर।



नाबालिग बेटी अपने पिता को लीवर दान कर सकेगी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने गुरुवार को नाबालिग बेटी की गुहार को स्वीकार करते हुए इसकी अनुमति दे दी है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि पूरी सावधानी बरतते हुए जल्द से जल्द ऑपरेशन किया जाना चाहिए। कोर्ट से अनुमति मिलने के तुरंत बाद अस्पताल में भर्ती पिता और बेटी को लीवर ट्रांसप्लांट के लिए निगरानी में ले लिया गया है।

नाबालिग बेटी द्वारा दायर याचिका पर गुरुवार सुबह 10.30 बजे न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकल पीठ में सुनवाई हुई। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट के बाद स्वास्थ्य आयुक्त ने भी अपनी रिपोर्ट में नाबालिग को लिवर देने के लिए पूरी तरह से फिट बताया है। ये दोनों रिपोर्ट कोर्ट रिकार्ड में उपलब्ध हैं। इस पर न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि कुछ तकनीकी समस्या के चलते उनके सिस्टम में ऑनलाइन दस्तावेज नहीं खुल रहे हैं, लेकिन वे इस याचिका को स्वीकारते हुए नाबालिग को लिवर ट्रांसप्लांट की अनुमति दे रहे हैं। ट्रांसप्लांट में पूरी सावधानी बरती जाए और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि नाबालिग के जीवन को कोई संकट न हो। अस्पताल जल्द से जल्द सर्जरी करे।

गौरतलब है कि इंदौर के नजदीकी गांव बेटमा निवासी 42 वर्षीय शिवनारायण बाथम पेशे से कृषक हैं। वे पहलवान भी रहे हैं और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता भी जीत चुके हैं। वह करीब छह वर्ष से लीवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने करीब दो माह पहले उनसे कह दिया था कि उन्हें लीवर ट्रांसप्लांट कराना पड़ेगा। इसके अलावा कोई अन्य उपचार नहीं है। शिवनारायण की बड़ी बेटी प्रीति अपने पिता को अपना लीवर देने को तैयार भी हो गई, लेकिन समस्या यह थी कि उसकी आयु 17 वर्ष 10 माह है और कानूनन एक नाबालिग अपना लीवर दान नहीं कर सकती थी।

कोर्ट की अनुमति के बगैर डाक्टरों ने भी लीवर ट्रांसप्लांट से इनकार कर दिया था। इस पर परिजनों ने एडवोकेट नीलेश मनोरे के माध्यम से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य आयुक्त को आदेश दिया था कि वे नाबालिग की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि क्या वह लीवर का कुछ हिस्सा देने के लिए पूरी तरह से फिट है। मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य आयुक्त दोनों की रिपोर्ट में नाबालिग बेटी को लीवर देने के लिए पूरी तरह से समक्ष और योग्य बताया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह 10.30 बजे हुई सुनवाई में कोर्ट ने याचिका स्वीकारते हुए नाबालिग को अपने लीवर का कुछ हिस्सा पिता को देने की अनुमति दे दी। पिता शिवनारायण के लिए अपना लीवर देने वाली नाबालिग बेटी प्रीति ने कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद कहा कि उनकी लड़ाई अभी बाकी है। कोर्ट ने लीवर ट्रांसप्लांट की अनुमति तो दे दी, लेकिन हम सब मिलकर प्रार्थना करें कि ट्रांसप्लांट पूरी तरह से सफल रहे और मेरे पिता पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटे। उसने कहा कि हम पांच बहनें हैं। मैं सबसे बड़ी हूं, इसलिए सबसे ज्यादा जिम्मेदारी भी मेरी ही है। हम सभी चाहते हैं कि पापा पहले की तरह ठहाके लगाते हुए हम सबके बीच बात करें।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने किया सुसाइड

**कोटा में इस वर्ष 6 माह के भीतर 11 कोचिंग विद्यार्थी कर चुके हैं आत्महत्या**

**एजेंसी, कोटा।** शहर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी कर रहे एक और कोचिंग छात्र ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बुधवार को जब यह हादसा हुआ, उस समय हॉस्टल में वार्डन भी नहीं था। गुरुवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो हॉस्टल स्टाफ ने आवाजें देकर दरवाजा खटखटाया। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्र फंदे से लटका हुआ मिला। दादाबाडी पुलिस थाने के सीआई नरेश मीणा ने बताया कि झारखंड में देवधर का रहने वाला रिषित अग्रवाल (17) 12वीं के साथ कोटा में नीट की पढ़ाई के लिए कोचिंग ले रहा था। सुसाइड के पीछे पढ़ाई का तनाव ही मुख्य कारण बताया जा रहा है। इससे पहले 5 जून को रीवा मध्यप्रदेश से कोटा आकर नीट की तैयारी कर रही 18 वर्षीया छात्रा बगिशा ने कर ली थी। वह एक दिन पहले नीट के रिजल्ट में कम मार्क्स आने से तनाव में थी। कोटा में इस वर्ष 6 माह में 11 कोचिंग विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं।

# समस्त उत्तर भारत में दवा इंडिया का दमदार विस्तार

**लखनऊ में हुआ नए स्टोर का भव्य उद्घाटन**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




भारत की सबसे बड़ी निजी जेनेरिकफार्मेसीरिटेल चेन और जोटाहेल्थकेयर लिमिटेड के ब्रांड, दवा इंडिया ने लखनऊ में अपने नवीनतम स्टोर के भव्य उद्घाटन की सहर्ष घोषणा की है। नया स्टोरएम-11, दूसरी मंजिल, गोल मार्केट, चंद्र शेखर आज़ाद पार्क के सामने, महानगर, लखनऊ में स्थित है।

इस नए आउटलेट के उद्घाटन के साथ ही दवा इंडिया ने उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति कर लिया है। अब इस क्षेत्र में दवा इंडिया के 390स्टोर हैं। विशेष बात तो यह है कि इनमें से 248 स्टोर उत्तर प्रदेश में स्थित हैं, और इनमें से भी 29 अकेले लखनऊ में। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए जोटाहेल्थकेयर लिमिटेड के ग्रुप सीईओ डॉ. सुजीतपॉल ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं का जिस गरमजोषी के साथ स्वागत किया गया है और जिस तरह से इसकी मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है, उसने हमें लखनऊ शहर के आसपास बड़े पैमाने पर अपना विस्तार करने का सुनहरा अवसर दिया है। दवा इंडिया इस बढ़ती मांग को पूरा करने और सभी के लिए किफायती स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दवा इंडिया आम जनमानस को बेहद सस्ती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएँ उपलब्ध करा रही है।

# मैट्रीमोनी सर्विस संगम के साथ दुनिया भर में आपकी संस्कृति के अनुरूप जीवनसाथी की तलाश होगी पूरी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




- भारत की पहली और एकमात्र 100 प्रतिशत गवर्नमेंट आईडी वैरिफाइड और प्रीमियम मैट्रीमोनी सर्विस

संगम एक विशिष्ट प्लेटफॉर्म है, जिसे वैवाहिक परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए बनाया गया है। विशिष्ट समुदायों को जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई इस नई सर्विस का लक्ष्य सदस्यों को उनके सच्चे जीवनसाथी से मिलाते हुए, उच्च गुणवत्ता वाला, सुरक्षित और सफल वैवाहिक अनुभव प्रदान करना है, जिसे निश्चित रूप से माता-पिता और शादी के लिए इच्छुक युवा पसंद करेंगे और इस पर भरोसा करेंगे। इस सर्विस में 100 प्रतिशत वैरिफाइड प्रोफाइल्स, वैरिफाइड फोटोग्राफ्स वाली प्रोफाइल्स, हर सप्ताह जोड़ी जाने वाली नई प्रोफाइल्स और मेम्बरशिप पीरियड के दौरान ह्यूमन असिस्टेंस और सपोर्ट शामिल हैं। इस प्रकार, यह प्लेटफॉर्म दुनिया भर में रहने वाले भारत के विविध समुदायों की अनूठी प्राथमिकताओं को पूरा करेगा और साथ ही सांस्कृतिक संदर्भ में परिणय के उनके मधुर संबंधों को बढ़ावा देने का काम करेगा।

ऑनलाइन मैचमेकिंग की लगातार बदलती दुनिया में, संगम भारत की पहली और एकमात्र 100 प्रतिशत वैरिफाइड प्रीमियम मैट्रिमोनी सर्विस प्रदान करने के लिए तत्पर है। यह यूज़र की पहचान को वैरिफाई करने के बाद ही अपलोड करने की अनुमति देता है, ताकि फेक प्रोफाइल्स से बचा जा सके और ऑनलाइन मैचमेकिंग को सुरक्षित बनाया जा सके। संगम 80 से अधिक कम्युनिटी साइट्स की पेशकश करता है। इसमें प्रत्येक मैच में परिवार की पृष्ठभूमि की विस्तृत जानकारी शामिल है। ऐसे में, यह प्लेटफॉर्म यूज़र्स को ऐसे पार्टनर्स ढूँढने में मदद करेगा, जो उनकी सांस्कृतिक प्राथमिकताओं और पसंद से मेल खाते हों।

अनुपम मित्तल, फाउंडर और सीईओ, पीपल ग्रुप, ने कहा कि संगम यूज़र्स को अपने समुदाय के अनुरूप जीवनसाथी ढूँढने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। इसके माध्यम से हमारा उद्देश्य उन्हें उच्च-गुणवत्ता, सुरक्षित और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करना है। यह सर्विस विभिन्न संस्कृति के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ेगी, जिससे उन्हें जीवन भर के लिए सार्थक रिश्ते खोजने में मदद मिलेगी।

# ट्रूकॉलर ने एचडीएफसी एर्गो के साथ की साझेदारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

धोखाधड़ी का बीमा आरंभ करने को मिलाया हाथ

विश्व के विश्वस्तरीय संचार के एक प्रमुख प्लैटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने भारत की एक प्रमुख जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एच.डी.एफ.सी. एर्गो के साथ मिलकर धोखाधड़ी का बीमा आरंभ करने की गर्व से घोषणा की है, जो कि भारत में डिजिटल संचार से संबंधित धोखाधड़ी के विरुद्ध उपभोक्ताओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की जाने वाली एक पहल है।

भारतीय साइबर अपराध समन्वयन केंद्र (Indian Cyber Crime Coordination Centre) की एक हाल की रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले तीन वर्षों में डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी का मूल्य रु. 1.25 लाख करोड़ था। साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते हुए मामलों के साथ, यह बीमा की यह अभिनवकारी प्रस्तुति धोखाधड़ी से निपटने और ऐप की अत्याधुनिक सुविधाओं के द्वारा मोबाइल से वाद-व्यवहार करने से पहले, उसके दौरान और उसके बाद में उपभोक्ता की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ट्रूकॉलर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। धोखाधड़ी का बीमा प्रदान करने वाला यह उत्पाद पूरे भारत में एंड्राइड और आई.ओ.एस. का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को रु. 10,000 तक की सुरक्षा प्रदान करेगा। यह उत्पाद ट्रूकॉलर के वार्षिक प्रीमियम सब्सक्राइबरों के लिए उपलब्ध है और मौजूदा ग्राहक अपने मौजूदा प्लान के अधीन निःशुल्क सुरक्षा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सभी उपभोक्ताओं के लिए एक सहज और परेशानी-रहित अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, धोखाधड़ी की सुरक्षा को ट्रूकॉलर ऐप में सहजता से समायोजित किया गया है, और उपभोक्ता द्वारा बीमा का विकल्प चुने जाने के बाद इसे सक्रिय कर दिया जाता है।